नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

जन-जन की आवाज

# द न्यूज फिफटीन

RNI NO.- DELHIN/2023/86360 www.thenews15.in



वर्ष :02 | अंक : 234 | नई दिल्ली, शुक्रवार 22 नवंबर 2024 | मूल्य : 05 | पृष्ठ-12 |

...अब नागिन बनेंगी श्रद्धा कपूर पेज-12

## पाक में पैसेंजर गाड़ी पर आतंकी हमला, 50 लोगों की मौत

**नई दिल्ली/पाकिस्तान।** पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान से फिर आतंकी हमले की खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि गुरुवार को उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के कबाइली इलाके में यात्री वैन पर बंदूक से किए गए हमले में कम से कम 50 लोगों की मौत हो गई। कई लोगों के घायल होने की भी सूचना है।

जानकारी के अनुसार हमला कुर्रम के पाराचिनार से काफिले में जा रहे यात्री वैन को निशाना बनाकर किया गया। हमले की पुष्टि खैबर पख्तूनख्वा के मुख्य सचिव नदीम असलम चौधरी ने की।

खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मुख्य सचिव नदीम असलम चौधरी ने इस हमले के बाद बताया कि गुरुवार को उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के एक कबाइली इलाके में बंदूकधारियों ने यात्री वाहनों पर गोलीबारी की। इस हमले में कम से कम 50 लोग मारे गए और 29 घायल हो गए हैं।

उन्होंने आगे बताया कि कुर्रम कबायली जिले में हुए इस हमले में मरने वालों में महिलाएं और एक बच्चा भी शामिल है। इस आतंकी हमले को लेकर उन्होंने कहा कि यह एक बड़ी त्रासदी है और मरने वालों की संख्या बढ़ने की संभावना है।

बता दें कि अफगानिस्तान की सीमा से लगे कबाइली इलाके में भूमि विवाद को लेकर सशस्त्र शिया और सुन्नी समुदाय के मुसलमानों के बीच दशकों से तनाव की स्थिति बनी हुई है।

### मरने वालों में बच्चे और महिलाएं शामिल



बता दें कि बुधवार को पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक संयुक्त चेक पोस्ट पर आत्मघाती हमले में 12 सुरक्षाकर्मी मारे गए थे। हमलावर ने विस्फोटकों से भरे वाहन से चेक पोस्ट में टक्कर मार दी। इस दौरान छह हमलावर भी मारे गए।

सेना ने इस बात की जानकारी नहीं दी है कि इसके पीछे कौन थे, लेकिन एक इस्लामी समूह हाफिज गुल बहादुर ने इसकी जिम्मेदारी ली है। यह हमला बलूचिस्तान विद्रोहियों के खिलाफ व्यापक सैन्य अभियान को मंजूरी देने के बाद हुआ है। यह निर्णय संघीय शीर्ष समिति द्वारा लिया गया। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें संघीय मंत्रियों, मुख्यमंत्रियों, सेना प्रमुख जनरल सैयद असीम मुनीर और वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों ने भाग लिया था।

### किसी समूह ने नहीं ली जिम्मेदारी

पाकिस्तान में हुई इस घटना में अभी तक किसी भी आतंकी समूह ने जिम्मेदारी नहीं ली है। पाराचिनार के एक स्थानीय निवासी जियारत हुसैन ने समाचार एजेंसी रॉयटर्स से फोन पर बात करते हुए बताया कि यात्री वाहनों के दो काफिले थे, एक पेशावर से पाराचिनार और दूसरा पाराचिनार से पेशावर यात्रियों को ले जा रहा था, तभी हथियारबंद लोगों ने उन पर गोलियां चला दीं।

घायल होने वालों को अस्पताल पहुंचाया गया

एक अधिकारी ने बताया कि हमलावरों ने मंगलवार देर रात बन्नू जिले के मालीखेल में एक संयुक्त चेक पोस्ट में घुसने की कोशिश की। हालांकि, वे प्रवेश करने में विफल रहे, जिसके बाद चेक पोस्ट से विस्फोटकों से भरा वाहन टकरा दिया। इससे दीवार का एक हिस्सा ढह गया और आसपास के ढांचे को नुकसान पहुंचा। बाद में गोलीबारी शुरू हो गई, जिसमें छह हमलावर मारे गए। हमले में घायल होने वालों को अस्पताल पहुंचाया गया है।

## लोकतंत्र हमारे डीएनए में : मोदी

### पीएम मोदी ने गुयाना की संसद में दिया मानवता का संदेश

- द्वीपीय देश हमारे लिए महासागरीय देश- पीएम मोदी
- दुनिया को सार्वभौमिक सहयोग के बारे में सोचना होगा- पीएम मोदी



**जॉर्जटाउन (गुयाना), एजेंसी।** तीन देशों की यात्रा के आखिरी चरण में गुयाना पहुंचे पीएम मोदी ने गुरुवार को गुयाना की संसद में अपना संबोधन दिया। पीएम ने विश्वबंधु के रूप में भारत की भूमिका को समझाते हुए कहा कि भारत हमेशा से लोकतंत्र पहले, मानवता पहले की भावना के साथ वैश्विक स्तर पर अपना कर्तव्य निभाता है। पीएम ने कहा कि हमने दिखा दिया कि लोकतंत्र हमारे डीएनए, दृष्टिकोण और कार्यों में है।

भारत और गुयाना के साझा इतिहास की बात करते हुए पीएम मोदी ने कहा की भारत और गुयाना एक साझी ऐतिहासिक विरासत को साझा करते हैं। दोनों देशों के बीच में मिट्टी, परिश्रम और पसीने का साथ है। पीएम ने कहा कि दोनों देशों ने एक साथ गुलामी देखी और एक साथ ही आजादी की लड़ाई का दौर भी देखा। आज से करीब 180 साल पहले एक भारतीय गुयाना की धरती पर आया था। तब से लेकर आज तक भारत और गुयाना के लोगों के बीच में और दोनों देशों के बीच में रिश्ते आत्मीयता के ही रहे हैं।

पीएम ने छोटे देशों को लेकर भारत के रुख की बात करते हुए कहा कि भारत का मानना है कि दुनिया का हर देश जरूरी है। हम द्वीपीय देशों को छोटे-छोटे देशों के रूप में न देखकर एक महासागरीय देश के रूप में देखते हैं। पीएम ने कहा कि भारत एक देश के रूप में कभी भी किसी स्वार्थ को लेकर या विस्तारवादी दृष्टि से आगे नहीं बढ़ा और ना ही हमने कभी किसी के संसाधनों को दबाया और न ही कभी ऐसी भावना रखी।

वैश्विक संघर्षों पर अपनी बात रखते हुए पीएम ने कहा कि आज का समय संघर्ष का समय नहीं है। आज पूरी दुनिया को एक होकर अंतरिक्ष से लेकर समुद्र तक, हर क्षेत्र में साथ मिलकर काम करने की जरूरत है। आज दुनिया को सार्वभौमिक सहयोग के बारे में सोचना चाहिए। पीएम ने कहा कि अब दुनिया को संघर्ष में उलझने की बजाय उन लोगों की पहचान करनी होगी जो उलझनों को पैदा करते हैं। गुयाना की धरती से पीएम ने दुनिया को आश्वासन देते हुए कहा कि दुनिया में कोई भी संकट आए, किसी भी समय आए, भारत हर समय में हमेशा मदद के लिए तैयार है। किसी देश के संकट के समय में हमारा सबसे पहला प्रयास ईमानदारी से सबसे पहले प्रतिक्रियाकर्ता बनना और मदद की पेशकश करने के लिए पहुंचना है।

अपनी चौबीस साल पहले की गुयाना यात्रा का जिक्र करते हुए पीएम ने कहा कि आज से चौबीस साल पहले में इस खूबसूरत देश की संस्कृति और विरासत के बारे में जानने के लिए एक जिज्ञासु व्यक्ति के रूप में गुयाना आया था।

## 'आप' ने जारी की दिल्ली चुनाव के लिए 11 उम्मीदवारों की पहली सूची

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी ने बृहस्पतिवार को अगले साल प्रस्तावित दिल्ली विधानसभा चुनावों के लिए 11 उम्मीदवारों की उसकी पहली सूची जारी की। पार्टी ने दावा किया कि यह सूची जमीनी स्तर का नेतृत्व उपलब्ध कराने की पार्टी की प्रतिबद्धता को दशार्ती है।



11 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची पर आप ने कहा कि इन उम्मीदवारों का चयन जनसंपर्क अभियानों में जनता से मिली प्रतिक्रिया पर आधारित है। आप दिल्ली की 70 सदस्यीय विधानसभा के आगामी चुनावों के लिए उम्मीदवारों के नाम की घोषणा करने वाली पहली पार्टी है। भाजपा और कांग्रेस ने उम्मीदवारों की अभी कोई सूची जारी नहीं की है।

आप ने एक बयान में कहा, इन उम्मीदवारों को मैदान में उतारकर पार्टी ने एक स्पष्ट संदेश दिया है कि वह सार्वजनिक सेवा और समुदाय के प्रति समर्पण को पारंपरिक राजनीतिक समीकरणों से अधिक प्राथमिकता देती है।

पार्टी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने विभिन्न जनसंपर्क अभियान चलाए। इस दौरान लोगों से मिली प्रतिक्रिया ने उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया में अहम भूमिका निभाई। आप ने कहा कि जनता ने पार्टी की ओर से मैदान में उतारे गए 11 उम्मीदवारों की कड़ी मेहनत और उपस्थिति का समर्थन किया।

पार्टी की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि आप की राजनीतिक मामलों की समिति ने उम्मीदवारों की पहली सूची को अंतिम रूप देने के लिए दिन में बैठक की। इसमें व्यापक जनसंपर्क अभियान के माध्यम से एकत्रित फीडबैक का आकलन करने और संभावित उम्मीदवारों के प्रदर्शन एवं विश्वसनीयता का मूल्यांकन करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

बयान के मुताबिक उन उम्मीदवारों को तरजीह दी गई, जिनके पास जमीनी स्तर पर काम करने का अनुभव है। जिन्होंने समुदायों से जुड़ने की पहल की हैं। इसमें कहा गया है कि समिति द्वारा सर्वसम्मति से लिए गए फैसले उम्मीदवारों की पारदर्शी और योग्यता-आधारित चयन प्रक्रिया के प्रति आप की प्रतिबद्धता को दशार्ते हैं।

## मोदी करेंगे संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 का शुभारंभ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 का शुभारंभ करेंगे।

सहकारिता मंत्रालय में सचिव डॉ. आशीष कुमार भूटानी और इफको लिमिटेड के प्रबंध निदेशक डॉ उदय शंकर अवस्थी ने गुरुवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि वैश्विक सहकारी आंदोलन की प्रमुख संस्था अंतरराष्ट्रीय सहकारी गठबंधन (आईसीए) के 130 साल के इतिहास में पहली बार इफको की पहल पर 'आईसीए महासभा एवं वैश्विक सहकारी सम्मेलन' आयोजन भारत में होगा। यह कार्यक्रम 25 नवंबर से 30 नवंबर तक होगा।

उन्होंने कहा कि श्री मोदी इस कार्यक्रम में संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 का शुभारंभ करेंगे।

### महायुति या एमवीए, महाराष्ट्र में किसके हाथ लगेगी बाजी ?

## टुडेज चाणक्या के विश्लेषण ने चौंकाया

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों से पहले आए एग्जिट पोल ने सियासी गलियारों में हलचल मचा दी है। लगभग सभी सर्वेक्षणों ने बीजेपी और उसकी सहयोगी पार्टियों की महायुति को भारी बढ़त की ओर बढ़ता दिखाया है। वहीं टुडेज चाणक्या के विश्लेषण ने साफ संकेत दिया है कि राज्य की सत्ता फिर से महायुति के हाथों में जा सकती है। टुडेज चाणक्या के मुताबिक, महायुति को 175 सीटों पर जीत का अनुमान है, जबकि विपक्षी महा विकास आघाड़ी (एमवीए) को 100 सीटें मिल सकती हैं। अन्य दलों को लगभग 13 सीटें मिलने की संभावना जताई गई है।



**जातिगत वोटिंग का दिलचस्प पैटर्न**

विश्लेषण में जातिगत वोटिंग के रुझान भी सामने आए हैं। मराठा समुदाय में 48% वोट महायुति के पक्ष में जाते दिख रहे हैं, जबकि 38% एमवीए को मिल सकते हैं। अनुसूचित जाति और जनजाति के भी बड़े वर्ग ने महायुति की ओर झुकाव दिखाया है, जहां 49% से अधिक मत महायुति के पक्ष में जाने की संभावना है। वहीं, मुस्लिम समुदाय का बड़ा हिस्सा एमवीए के साथ खड़ा नजर आ रहा है, जहां 75% मत एमवीए को मिलने का अनुमान है। ओबीसी वोटर्स में महायुति ने 50% समर्थन के साथ बढ़त बनाई है।

**राजनीतिक समीकरण और असर**

विश्लेषण पर गौर करें तो महायुति की ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में मजबूत पकड़ नजप आ रही है। खासतौर पर ओबीसी, एसटी और मराठा समुदायों में महायुति की लोकप्रियता ने एमवीए के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। हालांकि, मुस्लिम वोटों का भारी झुकाव एमवीए के पक्ष में बना हुआ है, जो कुछ हद तक उसकी सीटों को बचा सकता है।

**क्या कहता है राजनीतिक विश्लेषण ?**

यह चुनाव न केवल महाराष्ट्र की सियासत बल्कि राष्ट्रीय राजनीति के लिए भी अहम है। अगर एग्जिट पोल के नतीजे सही साबित होते हैं, तो यह बीजेपी के लिए एक बड़ी जीत होगी और शिवसेना (शिंदे गुट) को भी मजबूती प्रदान करेगा। वहीं एमवीए के लिए यह हार बड़ी चुनौती बन सकती है। हालांकि, अब सबकी नजरें 23 नवंबर को आने वाले आधिकारिक नतीजों पर हैं, जो यह तय करेंगे कि महाराष्ट्र में राजनीतिक समीकरण किस ओर रुख करते हैं।

## भारत फिर बना एशियाई महिला हॉकी चैंपियन

**राजगीर, एजेंसी।** 'गोल्डन गर्ल' दीपिका के टूनार्मेंट में 11वें गोल की मदद से भारत ने ओलंपिक सिल्वर मेडलिस्ट चीन को 1-0 से हराकर महिला एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी हॉकी खिताब बरकरार रखा। पिछले साल रांची में और 2016 में सिंगापुर में यह खिताब जीत चुकी भारतीय टीम ने जबर्दस्त तालमेल और संयम का परिचय देते हुए चीन को हाशिये पर रखा। पहला हाफ गोलरहित रहने के बाद दूसरे हाफ के पहले ही मिनट में भारत को मिले पेनल्टी कॉर्नर पर दीपिका ने गोल करके खचाखच भरे बिहार खेल यूनिवर्सिटी स्टेडियम में मौजूद दर्शकों में उत्साह का संचार कर दिया।



दूसरे हाफ के पहले ही मिनट में भारत को लालरेम्सियामी ने पेनल्टी कॉर्नर दिलाया। इस पर पहला शॉट चूक गया लेकिन गेंद सर्कल के भीतर ही थी और नवनीत की स्टिक से डिफ्लैक्ट होकर दीपिका के पास पहुंची जिसने शानदार फ्लिक से उसे गोल के भीतर डाला। भारत के पास तीसरे क्वार्टर में ही बढत दुगुनी करने का सुनहरा मौका था लेकिन 42वें मिनट में मिले पेनल्टी स्ट्रोक पर दीपिका का शॉट चीन की गोलकीपर ने दाहिनी ओर डाइव लगाकर बचा लिया।

भारत को चौथे क्वार्टर में भी एक पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन वैरिएशन का कोई नतीजा नहीं निकला। इससे पहले चीन ने शुरूआती मिनट से गेंद पर नियंत्रण के मामले दबदबा बनाए रखा। पहले हाफ में हालांकि भारतीय टीम आठ बार चीन के सर्कल में घुसी और चीनी टीम पांच बार ही हमले बोल सकी लेकिन उसने भारतीय खिलाड़ियों को गेंद आसानी से नहीं लेने दी। वहीं भारतीय खिलाड़ी एक बार फिर फिनिशंग टच के लिये जूझते रहे।

जापान के खिलाफ सेमीफाइनल में 16 पेनल्टी कॉर्नर में से एक भी तब्दील नहीं कर सकी भारतीय टीम की कमजोरी फाइनल में पहले 30 मिनट में फिर देखने को मिली जब उसे मिले चार पेनल्टी कॉर्नर बेकार गए। भारत के पास चौथे मिनट में गोल करने का मौका था जब सुनेलिटा टोप्पो दाहिने फ्लैंक से अकेले गेंद लेकर आगे बढी लेकिन उनके प्रयास को चीन की गोलकीपर ने नाकाम कर दिया।

दूसरे क्वार्टर में तीसरे ही मिनट में चीन को पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन तान झिंझुयांग के शॉट को भारतीय गोलकीपर बिछू देवी ने दाहिने ओर डाइव लगाकर बचाया और रिबाउंड पर भी गोल नहीं होने दिया। इस बीच भारत को 20वें से 21वें मिनट के भीतर मिले चार पेनल्टी कॉर्नर बेकार गए। पहले पर दीपिका का शॉट गोलपोस्ट के ऊपर से निकल गया जबकि दूसरा गोलकीपर ने और तीसरा डिफेंडर ने बचाया। चौथे पेनल्टी कॉर्नर पर वैरिएशन भी असफल रहा।

चीन को 23वें मिनट में दूसरा पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन गोल नहीं हो सका। ब्रेक से तीन मिनट पहले भारत के पास खाता खोलने का मौका था लेकिन लालरेम्सियामी के पास पर शर्मिला का शॉट बार से टकराकर निकल गया। तीसरे स्थान के मुकाबले में जापान ने मलेशिया को 4-1 से हराया।

## राष्ट्रीय सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करना आवश्यक: धनखड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राष्ट्रीय सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा है कि शांति का वातावरण विकास के लिए महत्वपूर्ण है।

श्री धनखड़ ने गुरुवार को यहां राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय के एक कार्यक्रम 'भारत के मूल मूल्य, हित और उद्देश्य' को संबोधित करते हुए कहा कि यदि वैश्विक स्तर पर किसी भी स्थान पर शांति भंग होती है, तो इससे विकास और समरसता पर प्रतिकूल असर पड़ता है। इसीलिए राष्ट्रीय सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करना अनिवार्य है।

श्री धनखड़ ने कहा कि वैश्विक शांति भंग हो रही है और युद्ध तीव्र हो रहे हैं। शत्रुता सिद्धांतों में बदल रही है और जलवायु संकट मंडरा रहा है। इससे मानवता विनाश के कगार पर खड़ी है। उन्होंने कहा कि मुक्ति का मार्ग भारत के प्राचीन ज्ञान में छिपा है। सदियों पुरानी समरसता, सहिष्णुता और सह-अस्तित्व के मूल भारतीय संस्कृति में मौजूद हैं।

उन्होंने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में भारत अपनी विविधता पर गर्व करता है।

## हिमाचल भवन के बाद अब बीकानेर हाउस की कुर्की के आदेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली स्थित हिमाचल भवन को कुर्क करने के आदेश के बाद पटियाला हाउस कोर्ट ने बीकानेर हाउस को भी अटैच करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने यह राजस्थान की नोखा नगर पालिका और एनवायरो इन्फ्रा इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड के बीच हुए मध्यस्थता समझौते का पालन नहीं करने पर आदेश जारी किया है।



दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में कमर्शियल कोर्ट की जज विद्या प्रकाश की बेंच ने यह आदेश दिया। उन्हों ने अपने आदेश में कहा कि 21 जनवरी 2020 को एनवायरो इन्फ्रा इंजीनियर्स के बीच विवाद के बाद नगर पालिका को 50,31,512 लाख रुपये का भुगतान करने का आदेश दिया गया था। मगर इसके बावजूद भी नगर पालिका ने कंपनी को इसका भुगतान नहीं किया।

मामले में अगली सुनवाई 29 नवंबर को होगी। कोर्ट ने नोखा नगर पालिका प्रतिनिधि को उस दिन अदालत में पेश होने का आदेश दिया है। इससे पहले हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने दिल्ली स्थित हिमाचल भवन को कुर्क करने का आदेश जारी किया था। कांग्रेस के नेतृत्व वाली सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार के लगभग 150 करोड़ रुपये का बिजली बकाया भुगतान करने में विफल रहने पर यह आदेश जारी किया था।

अदालत ने विद्युत विभाग के प्रधान सचिव को इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की पहचान करने के लिए तथ्य-जांच करने का भी निर्देश दिया है। अदालत का यह आदेश सुक्खू सरकार द्वारा 64 करोड़ रुपये चुकाने के पिछले आदेशों की अनदेखी करने के बाद आया था, जो अब ब्याज के कारण बढ़कर लगभग 150 करोड़ रुपये हो गया है।

यह मामला लाहौल-स्पीति में चिनाब नदी पर बनने वाले 400 मेगावाट सेली हाइड्रो प्रोजेक्ट के संदर्भ में उठाया गया था। अदालत ने साफ किया कि यह राशि राज्य के खजाने से जा रही है, जिसका नुकसान जनता को उठाना होगा, इसलिए कंपनी को हिमाचल भवन को नीलाम कर अपनी रकम वसूलने की अनुमति दी गई है। इससे पहले प्रदेश सरकार को कंपनी द्वारा जमा की गई 64 करोड़ रुपये की अग्रिम राशि सात प्रतिशत ब्याज के साथ लौटाने का आदेश मिला था। हिमाचल प्रदेश सरकार की कोर्ट के इस आदेश की अवहेलना के बाद ब्याज समेत राशि अब 150 करोड़ पहुंच गई है। इस मामले में अगली सुनवाई छह दिसंबर को तय की गई है।

# वुमन आंत्रप्रेन्योरशिप से महिलाएं आत्मनिर्भर बनने के साथ-साथ हो रही हैं सशक्त : इमरान हुसैन

## मंत्री हुसैन ने फातिमा अकादमी की ओर से आयोजित फॉर एवर इवेंट प्रदर्शनी में आई महिला उद्यमियों के कार्य को सराहा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री व बल्लीमारान के विधायक इमरान हुसैन ने फैज हॉल, कटरा दीना बेग, लाल कुआं, दिल्ली में फातिमा अकादमी द्वारा आयोजित फॉरएवर इवेंट एग्जिबिशन का दौरा किया और महिला उद्यमियों के कार्यों को प्रोत्साहित किया। इस प्रदर्शनी में पारंपरिक आभूषण, देश-विदेशी सूट, सौंदर्य प्रसाधन, हस्त निर्मित लेख, ज्वेलरी, बैग, लाइव सुलेख, स्टेशनरी, दैनिक उपयोग की वस्तुएं और अन्य उत्पादों की विविध रेंज के साथ महिला सशक्तिकरण को दशार्या गया है। इस अवसर पर मंत्री इमरान हुसैन ने कहा कि यह इस अद्भुत प्रदर्शनी का आयोजन फातिमा अकादमी के सहयोग से संभव हुआ, जिसके योगदान ने स्थानीय आर्टिस्ट, डिजाइनरों और व्यवसायी महिलाओं को कम्युनिटी से जुड़ने के लिए मंच प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दिल्ली के वॉल्ड सिटी क्षेत्र खासकर पुरानी दिल्ली में शिक्षा और सांस्कृतिक पहल को बढ़ावा देने के लिए फातिमा अकादमी प्रतिबद्धता सराहनीय है, और इस कार्यक्रम में उनकी भागीदारी ने वोकल फॉर लोकल और सामुदायिक प्रतिभाओं के लिए मजबूत मंच प्रदान किया है जो इनके मिशन को और मजबूत करता है। मंत्री ने एग्जिबिशन का अवलोकन भी किया और कहा कि समाज के सभी वर्गों की महिलाओं को सशक्त बनाने, उन्हें आत्मनिर्भर नौकरी सृजक बनने के साथ-साथ पारंपरिक रूढ़ियों से उबरने में वुमन एंत्रप्रेन्योरशिप की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। इमरान हुसैन ने इस बात पर जोर दिया कि महिलाओं में अपने सपनों को आगे बढ़ाने और उन्हें हासिल करने की असीम आकांक्षाएं और दृढ़ संकल्प होता है, उन्हें अपने डेवलपमेंट को आगे बढ़ाने के लिए केवल आत्मविश्वास और समर्थन की आवश्यकता है जिसके लिए फातिमा अकादमी की भूमिका समाज में बहुत अहम है। खाद्य-आपूर्ति मंत्री ने यह भी बताया कि महिला उद्यमिता के अवसर पैदा करने के लिए दिल्ली कौशल एवं उद्यमिता विश्वविद्यालय (डीएसईयू) का वीमेन वर्क्स प्रोग्राम की पहल अत्यधिक लाभकारी है, जिससे गृहिणियां और अन्य महिलाएं ट्रेनिंग के माध्यम से आत्मनिर्भर बन रही हैं। कैबिनेट मंत्री व बल्लीमारान के विधायक इमरान हुसैन ने एग्जिबिशन के आयोजकों एजाज नूर, मो. जावेद औ फरजाना के प्रयासों की सराहना की, जिन्होंने स्थानीय महिला उद्यमियों को एक मजबूत मंच प्रदान किया। आयोजकों के संगठनात्मक कौशल ने सभी प्रतिभागियों और आगंतुकों के लिए सुखद अनुभव भी सुनिश्चित किया। फॉरएवर इवेंट प्रदर्शनी के आयोजक और प्रतिभागियों की पूरी टीम इस इवेंट को एक यादगार और प्रभावशाली कार्यक्रम बनाने के लिए बधाई के पात्र हैं। माननीय मंत्री ने सफल महिला उद्यमियों को उनकी सक्रिय भागीदारी के लिए प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए। फॉरएवर इवेंट प्रदर्शनी में शॉपिंग, सांस्कृतिक प्रदर्शनी, फैशन शो, फूड स्टॉल और इंटरैक्टिव गेम का संयोजन एक अविस्मरणीय अनुभव के साथ ही समावेशी माहौल को भी प्रदर्शित करता है। इस कार्यक्रम ने न केवल स्थानीय आंत्रप्रेन्योर को बढ़ावा देने में मदद की, बल्कि उपस्थित लोगों के बीच यूनिटी और पगर्व की भावना को भी बढ़ावा दिया।



# हर बच्चे को वर्ल्ड क्लास शिक्षा देना हमारा मकसद : सीएम

## आतिशी ने रोहिणी सेक्टर 27 में किया नए सरकारी स्कूल का उद्घाटन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार एक्टिव मोड़ पर है। आप सरकार दिल्लीवासियों को एक के बाद एक कई सौगात देने की कवायद में जुट गई है। इसी क्रम में दिल्ली सरकार ने नरेला विधानसभा की जनता को खास तोहफा दिया है। शिक्षा के क्षेत्र में नया आयाम लिखते हुए रोहिणी सेक्टर-27 में एक नवनिर्मित स्कूल के रूप में नई सौगात दी है। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने इस नवनिर्मित स्कूल का उद्घाटन किया। इस मौके पर उनके साथ आप विधायक शरद चौहान, शिक्षा विभाग के अधिकारी समेत अन्य मौजूद रहे। स्कूल के उद्घाटन के बाद मुख्यमंत्री आतिशी ने स्कूल की इमारत का दौरा भी किया, और उन्होंने इस स्कूल की इस इमारत की जमकर प्रशंसा की। मुख्यमंत्री आतिशी रोहिणी सेक्टर 27 में नए सरकारी स्कूल के उद्घाटन के दौरान बताई कि इस स्कूल में 121 क्लासरूम हैं जहां आपके बच्चे पढ़ेंगे। नौ प्रयोगशालाएं, योग के लिए अलग कमरे हैं, छात्रों के लिए सम्मेलन कक्ष हैं, और आपको विश्वास नहीं होगा क्योंकि यह सुविधा निजी स्कूलों में भी नहीं है। इस स्कूल में आपके बच्चों के लिए लिफ्ट भी लगाई गई है। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि इस स्कूल से आसपास के दो हजार बच्चों को पढ़ने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा और घर के नजदीक ही उन्हें सबसे अच्छी शिक्षा मिलेगी। आतिशी ने बताया, देशभर से लोग दिल्ली में अपने बच्चों को अच्छी ज़िंदगी देने के लिए, एक बेहतर भविष्य के लिए आते है। अरविंद केजरीवाल ने सरकारी स्कूलों का कायापलट कर आम लोगों के इस सपने को पूरा करने का काम किया है और साबित कर दिया है कि, अच्छी शिक्षा पाकर अब गरीब का बच्चा गरीब नहीं रहेगा। आतिशी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के मार्गदर्शन में दिल्ली की सरकार लगातार शिक्षा को पहली प्राथमिकता पर रखती है। पिछले कुछ महीनों से लगातार हर हफ़्ते किसी स्कूल का उद्घाटन हो रहा है, किसी स्कूल का शिलान्यास हो रहा है। यह आज की बात नहीं है, पिछले दस सालों से जब से दिल्ली के लोगों ने अरविंद केजरीवाल को अपना मुख्यमंत्री बनाया, जब से आम आदमी पार्टी की सरकार चुनी है, तब से इस सरकार ने बच्चों की शिक्षा को, उनके भविष्य को अपनी पहली प्राथमिकता बनाया है। उन्होंने आगे कहा कि हम चाहते हैं कि दिल्ली के हर बच्चे को चाहे वह अमीर परिवार से आता हो या गरीब परिवार से आता हो, उसको वर्ल्ड क्लास शिक्षा मिलनी चाहिए। हर बच्चे को वर्ल्ड क्लास शिक्षा देना हमारा मकसद है।

गौरतलब है कि दिल्ली के रोहिणी सेक्टर 27 स्थित इस स्कूल को आधुनिक तकनीक के साथ बनाया गया है, जिसमें 121 कमरे बनाए गए हैं। साथ ही बच्चों की आधुनिक शिक्षा को ध्यान में रखते हुए इसमें 9 लैब्स भी बनाए गए हैं, जहां बच्चों को आधुनिक तकनीक के साथ पढ़ाया जाएगा। साथ ही इसमें योगा रूम भी तैयार किया गया है। इस इमारत में लिफ्ट की भी सुविधा दी गई है।



# राष्ट्र निर्माण में मानव संसाधन की महत्वपूर्ण भूमिका : डॉ. विनय कुमार




**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंटीग्रेटेड इंस्टीट्यूट ऑफ ह्यूमन रिसोर्स (आईआईएचआर) के द्वारा 19 नवम्बर 2024 को इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में ग्लोबल एचआर कांक्लेव 2024 का आयोजन किया गया। इस वर्ष के कांक्लेव का प्रमुख विषय था "विकसित भारत@2047 और मानव संसाधन की भूमिका"। इस सम्मेलन में भारत के विभिन्न क्षेत्रों से मानव संसाधन विशेषज्ञ, कॉर्पोरेट लीडर्स, सरकारी एवं गैर-सरकारी मानव संसाधन विभागों के अधिकारी, विभिन्न विश्वविद्यालयों के शिक्षक, रिसर्च स्कॉलर एवं छात्र शामिल हुए। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में ग्लोबल एचआर कांक्लेव 2024 के आयोजन सचिव डॉ. विनय कुमार ने अपने संबोधन में कहा, "प्रधानमंत्री मोदी का दृष्टिकोण है कि भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है और इसके लिए देश की अर्थव्यवस्था को और भी अधिक सशक्त और समृद्ध बनाना होगा। राष्ट्र निर्माण में मानव संसाधन अधिकारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि एक मजबूत और कुशल कार्यबल ही भारत को दुनिया के अग्रणी देशों में स्थान दिला सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे मानव संसाधन प्रबंधन क्षेत्र को विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने के लिए अपनी कार्यशैली और नीतियों में बदलाव करना होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत पेट्रोलियम के स्वतंत्र निदेशक और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवालने अपने संबोधन में कहा, "भारत सरकार ने विकास के लिए कई योजनाओं की शुरूआत की है। इन योजनाओं से न केवल नए रोजगार उत्पन्न होंगे, बल्कि यह देश के हर नागरिक के विकास में सहायक होंगे। सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना के साथ काम कर रही है, और मानव संसाधन क्षेत्र को इस दिशा में विशेष योगदान देना होगा।" कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री राजीव अग्रवाल अध्यक्ष हिंदू ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन ने कहा कि छात्रों को स्किल डेवलपमेंट में कारपोरेट जगत के मानव संसाधन को महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की आवश्यकता है।

# चालक और एक अन्य व्यक्ति से विवाद के बाद नाबालिग लड़की चलती बस से कूदी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तरी दिल्ली में बस चालक और एक अन्य व्यक्ति के साथ विवाद होने के बाद एक नाबालिग लड़की चलती मिनी बस से कूद गई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना बुधवार शाम बुराड़ी के नाथपुरा इलाके में घटी। अधिकारी ने बताया कि लड़की इब्राहिमपुर चौक पर बस में चढ़ी थी और चालक दीपक व मनोज नामक एक अन्य व्यक्ति से उसकी बहस हो गयी। दीपक व मनोज दोनों एक-दूसरे को जानते थे। उन्होंने कहा, ह्वमौका पाकर वह चलती गाड़ी से कूदकर भागने लगी ह्ळ

पुलिस ने बताया कि दो प्रत्यक्षदर्शियों को इसमें गड़बड़ी का संदेह हुआ और उन्होंने शालीमार पैलेस चौक के पास बस को रोक लिया। यौन उत्पीड़न की अफवाह फैलने के बाद वहां भीड़ इकट्ठा हो गई और उसने मनोज तथा दीपक के साथ मारपीट की। अधिकारी ने कहा, ह्वपीसीआर कॉल मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और नाबालिग लड़की और दोनों पुरुषों को चिकित्सकीय जांच के लिए अस्पताल ले गई। लड़की ने अपना बयान दर्ज कराया, जिसमें उसने यौन उत्पीड़न, छेड़छाड़ या उत्पीड़न के आरोपों से इनकार किया। चिकित्सकीय जांच से भी

# उत्तराखंड के लोकनृत्य ने लोगों का किया भरपूर मनोरंजन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** द्वारका स्थित दीन दयाल उपाध्याय कॉलेज के सभागार में सामाजिक, शैक्षिक एव सांस्कृतिक उत्थान के लिए अग्रसर संस्था द्वारका उतराखण्डी उत्तरायणी समिति द्वारा घुघुती समारिका का विमोचन बड़ी धूमधाम से किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्जवलित व गणेश वंदना से की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में डीन ऑफ कॉलेज, दिल्ली यूनिवर्सिटी प्रोफेसर बलराम पाणि और प्रोफेसर दयाल सिंह पंवार, रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल अरविंद सिंह रावत, अध्यक्ष प्रेम सिंह रावत, कोर कमेटी के सभी मेंबर सहित संस्था के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। स्मारिका के विमोचन पर उत्तराखंड के लोक नृत्यों को उपस्थित लोगों भरपूर आनंद उठाया। द्वारका उतराखण्डी उत्तरायणी समिति अध्यक्ष प्रेम सिंह रावत ने कहा कि भारतीय संस्कृति में देवभूमि उत्तराखंड अपनी संस्कृति एवं अद्भूत सौंदर्य व प्राचीन परंपराओं को सहेजे हुए है। लोक संस्कृति एवं लोकगीतों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त की हुई है। इस समारिका में उत्तराखंड वासियों को अपनी जन्मभूमि एवं अपनी संस्कृति को स्मरण करने को प्रेरित करेगी तथा जनमानस को इसकी जानकारी प्राप्त होने के साथ साथ युवाओं के लिए भी स्मारिका अपनी संस्कृति को पहचानने में अत्यंत लाभकारी सिद्ध होने के साथ प्रेरणा का स्त्रोत्र भी बनेगी। उत्तराखंड की अद्वितीय प्राकृतिक सौंदर्य की मानिंद इसकी संस्कृति भी बेहद खूबसूरत और विशिष्ट है।



# गुरु संसार नहीं भ्रम छुड़ाता है : राजेश्वरानंद

## श्रीराजमाता जी की पुण्य तिथि पर संत सम्मेलन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सदगुरु शिष्य को संसार छोड़ने का नहीं बल्कि भ्रम तोड़ने का ज्ञान देते हैं" यह संदेश दिया स्वामी श्री राजेश्वरानंद जी महाराज द्वारा श्री राजमाता झंडेवाला मंदिर समूह की संस्थापिका ब्रह्मलीन सदगुरु श्री राजमाता जी महाराज की पुण्य तिथि पर आयोजित संत सम्मेलन में आए भक्तों को। दरबार के प्रबंधक राम वोहरा ने बताया कि दरबार की संस्थापिका ब्रह्मलीन सदगुरु श्री राजमाता जी महाराज की पुण्य तिथि पर स्वामी श्री राजेश्वरानंद जी महाराज एवं गुरु मां पूजा राजगुरु महाराज जी के सान्निध्य में संत सम्मेलन एवं भंडारा आयोजित किया गया जिसमें आचार्य राजेश ओझा, महामंडलेश्वर दीन बंधु दास जी, स्वामी महाकाल जी महाराज, स्वामी श्याम जी महाराज उज्जैन से, योगमाता राधिका गिरी जी महाराज, महामंडलेश्वर अंजनी देवा दास जी महाराज, वयोवृद्ध साध्वी जनक माता जी महाराज, कामाख्या साधक दीदी सरिता आनंद जी, किन्नर गुरु साध्वी ज्योति माता जी, पंडित सुनील ओझा एवं कोतवाल रमेश गिरी जी के नेतृत्व में अनेक संत फकीरों सम्मेलन में शामिल होकर आशीर्वचन दिया।भोर भई दरबार के महापुरुषों द्वारा गुरुदेव जी की पुण्य स्मृति में यज्ञ किया गया। संत सम्मेलन का शुभारंभ सभी संतो द्वारा सदगुरु श्री राजमाता जी महाराज की प्रतिमा एवं गर्भगृह स्थित गुफा में समाधि पर पुष्पांजलि वस्त्र अर्पित किया गया।गुरु मां पूजा जी महाराज द्वारा आए हुए संतो का पुष्पमाला, शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। दरबार के शिष्यों ने आए हुए सभी संतो पर पुष्पवर्षा की गई। भंडारे के पश्चात संतो फकीरों को दक्षिणा सहित कम्बल भेंट किए गए। इस अवसर पर भक्तों को संबोधित करते हुए स्वामी राजेश्वरानंद जी महाराज ने कहा कि "सद्गुरु श्री राजमाता जी को जीवन में अनेक शारीरिक,



# किराए पर बैंक खाते देने वाले दो आरोपी दबोचे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विदेश में बैठे साइबर ठगों को बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले दो बदमाश को दक्षिण-पश्चिमी जिला के साइबर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों देवराज कपूर और फतेह सिंह के पास से दो स्मार्टफोन, चेक बुक और कई बैंक खातों की जानकारी मिली है। आरोपियों के पास से बरामद मोबाइल में अपराध साबित करने वाले सुबूत मौजूद हैं। पुलिस उपायुक्त सुरेन्द्र चौधरी ने बताया कि अप्रैल में ग्रीन पार्क में रहने वाले एक शख्स ने साइबर थाना पुलिस को शिकायत दी थी। पीड़ित ने बताया कि आरोपियों ने इंस्टाग्राम पर एक लिंक के जरिए उसे व्हाट्सऐप ग्रुप में शामिल किया। ग्रुप के एडमिन ने पीड़ित को ज्यादा लाभ कमाने के लिए स्टॉक और आईपीओ में निवेश करने के लिए कहा। आरोपियों ने पीड़ित का एक खाता भी खोल दिया। पीड़ित ने झांसे में आकर दस लाख रुपये आईपीओ में निवेश किया। इसके बाद आरोपियों ने पीड़ित का खाता बंद कर दिया। उसने पैसे निकालने की कोशिश की तो वह असफल रहा। आरोपियों ने पीड़ित को पैसे निकालने के लिए और अधिक निवेश करने को कहा। शक होने पर उसने पुलिस को शिकायत दी। इंस्पेक्टर विकास कुमार की टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान मनी ट्रेल का विश्लेषण करने पर पुलिस ने पाया कि ठगी के चार लाख रुपये जोधपुर निवासी देवराज के अकाउंट में ट्रांसफर किए गए थे। पुलिस ने इसके बाद देवराज को गिरफ्तार कर लिया।

## एक नजर

### हार्ट रोगी धुंध भरे प्रदूषण से बचे : डॉ. कालरा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-एन सी आर में वायु प्रदूषण से लोगों को सावधान रहने की जरूरत है। ये जानकारी आज एक कार्यक्रम में कालरा अस्पताल के हार्ट रोग विशेषज्ञ डॉ. आर एन कालरा ने दी। उन्होंने कहा कि इस समय दिल्ली में वायु प्रदूषण से लोगों का बुरा हाल है। वायू प्रदूषण से हार्ट और लंग पर बुरा असर पड़ता है। इसलिए मुँह में मास्क पहनकर घर से बाहर निकले। डॉ. आर एन कालरा ने कहा कि सांस लेने में दिक्कत हो और सांस फूलता हो तो उसे अनदेखा न करें। ये हार्ट रोग के लक्षण हो सकते हैं। डॉ. कालरा ने बताया कि ये चिंता का विषय है कि वायु प्रदूषण से बच्चे, युवा और बुजुर्गो के स्वास्थ्य पर और हार्ट पर बुरा असर पड़ रहा है। इसलिये बचाव ही इसका इलाज है। मोटापा और मधुमेह रोगियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक रहना चाहिए और समय समय पर हार्ट की जांच कराना चाहिये। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से ब्लड प्रेशर की जांच जरुरी। कार्यक्रम में लोगों को मास्क भी वितरित किये गये हैं।

### समयपुर बादली हत्याकांड में पुलिस को सफलता, पकड़े गए हत्यारोपी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बुधवार को दिल्ली के समयपुर बादली मेट्रो स्टेशन के पास एक शख्स की हत्या कर दी गई थी। इस हत्या के मामले में पुलिस को कामयाबी मिली है। दिल्ली पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दिल्ली पुलिस ने हत्यारोपियों की पहचान कर ली है। चाकू घोंपकर जिस व्यक्ति की हत्या की गई, उसका नाम लल्लन है। दोनों आरोपी आपस में भाई हैं। पुलिस ने इस घटना की जानकारी देते हुए बताया कि लल्लन आरोपियों का पड़ोसी है। बुधवार को आरोपियों द्वारा गाली-गलौज के इस्तेमाल के बाद लड़ाई शुरू हुई थी। दरअसल लल्लन ने संजीत से पूछा था कि गाली क्यों दी। इतना कहते ही संजीत अपने भाइयों ललित और रोहित के साथ मिलकर उसकी पिटाई शुरू कर दी। इसके बाद सुरेंद्र ने अपने परिवार के सदस्यों लल्लन और रंजीत को बुला लिया। झगड़े के दौराम मौके पर पहुंचे लल्लन पर संजीत ने चाकू से हमला कर दिया। संजीत के हमले में लल्लन बुरी तरह घायल हो गया। और कुछ देर में उसकी मौत हो गई। चाकू मारने के बाद संजीत मौके पर से भाग गया था। अब पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और टीम बनाकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। इस मामले में गुरुवार को पुलिस को कामयाबाी मिली। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, दोनों आरोपियों को अलग-अलग जगह से गिरफ्तार किया गया है। संजीत को पुलिस ने बीएसए अस्पताल, जबकि उसके भाई रोहित को पुलिस ने सूरज पार्क से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि उस दिन हुए झगड़े में संजीत को भी मामलू चोटें आई हैं। इस बारे में जानकारी देते हुए पुलिस टीम ने बताया कि आरोपी और पीड़ित के घरवालों के बीच पहले भी झगड़े होते रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस मामले की जांच की जा रही है।

### ताला तोड़कर गहने और मोबाइल फोन चुराए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सीलमपुर के चौहान बांगर इलाके में चोरों ने घर का ताला तोड़कर गोल्डन रंग की चेन, कड़ा और मोबाइल फोन चुरा लिया। बुधवार सुबह मोहम्मद सलीम स्वास्थ्य जांच के लिए गए थे। जब वह वापस आए तो उन्होंने देखा कि घर के दूसरे तल पर रखी आलमारी का ताला टूटा हुआ है। जांच करने पर पता चला कि आलमारी में रखी गोल्डन रंग की चेन और दो कड़े गायब हैं। इसके अलावा मोबाइल फोन भी नदारद था। इसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई।

### डीयू छात्रों को पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन करने की अनुमति देगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) अपने विधि छात्रों को अपनी उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन करने की अनुमति देगा। विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह सुविधा उनके लिए पहले उपलब्ध नहीं थी। यह विकल्प अगले शैक्षणिक वर्ष में एलएलबी छात्रों के लिए शुरू होने की उम्मीद है और बाद में इसे प्रबंधन और चिकित्सा के साथ-साथ अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के छात्रों के लिए भी लागू किया जाएगा।

डीयू में अधिकतर अन्य स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए पुनर्मूल्यांकन पहले से ही उपलब्ध है। डीयू के एक अधिकारी ने कहा, इस बदलाव से यह सुनिश्चित होगा कि व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के छात्रों के पास भी पुनर्मूल्यांकन का विकल्प होगा, यदि उन्हें लगता है कि उनके उत्तरों का उचित मूल्यांकन नहीं किया गया है। डीयू का विधि संकाय (जिसमें 10,000 से अधिक छात्र हैं) सबसे पहले लाभान्वित होगा। अधिकारियों का मानना है कि इस निर्णय से न केवल छात्रों को लाभ होगा, बल्कि मूल्यांकन प्रक्रिया में अधिक जवाबदेही को भी बढ़ावा मिलेगा। अधिकारी ने कहा, इस कदम से सभी विद्यार्थियों को पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन करने में मदद मिलेगी और यह भी सुनिश्चित होगा कि शिक्षक उत्तर पुस्तिकाओं की जांच करते समय अधिक सावधानी बरतें।

### दिल्ली से अपहृत किशोरी हल्द्वानी में बरामद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने लोधी कॉलोनी इलाके से अपहृत हुई 17 वर्षीय एक किशोरी को उत्तराखंड के हल्द्वानी से बरामद किया है। नौ नवंबर को किशोरी को आरोपी अपने साथ बहलाफुसला कर ले गया था। किशोरी के गायब होने की सूचना उसके परिजनों ने लोधी कॉलोनी थाने में बीते नौ नवंबर को दी थी। स्थानीय पुलिस ने उसकी तलाश शुरू की। इस बीच क्राइम ब्रांच ने भी जांच शुरू कर दी तो पता चला कि वह उत्तराखंड के रामगढ़, काठगोदाम और आसपास के इलाकों में छिपा है। इसके बाद पुलिस ने तीन दिनों तक इलाके में छापेमारी कर आरोपी को हलद्वानी इलाके से गिरफ्तार कर लिया। साथ ही किशोरी को भी बरामद कर लिया।

### वेपिंग विरोधी समूह ने ई-सिगरेट के खिलाफ अभियान शुरू किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वेपिंग विरोधी एक समूह ने बृहस्पतिवार को वेप्स और ई-सिगरेट के खिलाफ अभियान शुरू किया और आरोप लगाया कि बहुराष्ट्रीय तम्बाकू कंपनियां भारत में इन उत्पादों पर मौजूदा प्रतिबंध को दरकिनार करने का प्रयास कर रही हैं। मदर्स अगेंस्ट वेपिंग (एमएवी) माताओं का एक समूह है जो वेप्स (बैटरी से चलने वाले डिवाइस के जरिए निकोटिन युक्त कश खींचना/धूम्रपान करना), ई-सिगरेट, हीट-नॉट-बर्न डिवाइसेज और निकोटीन पाउच जैसे निकोटीन वितरण उत्पादों का विरोध करता है।

समूह ने एक बयान में कहा कि उसने एक अध्ययन के आधार पर अपना कृपया इसे रोकें अभियान शुरू किया है, जिसमें तम्बाकू कंपनियों पर भारत में इन उत्पादों पर वर्तमान प्रतिबंध को दरकिनार कर छिपे हुए एजेंडा और रणनीतियों को अपनाने का आरोप लगाया गया है। अध्ययन में दावा किया गया है कि इन उत्पादों के निमार्ता नीतियों को प्रभावित करते हैं और जनता की राय बदलते हैं।

### बुजुर्ग से लूटपाट मामले में दो धरे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी के निहाल विहार में बुजुर्ग के साथ हुई लूटपाट की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। इस संबंध में पुलिस ने बुजुर्ग के एक करीबी जानकार समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने लूटे गए जेवरात यूपी में किसी ज्वेलर को बेच दिया था। आरोपियों में मास्टरमाइंड करन और एकलाख शामिल है। इन्होंने मामले में संलिप्तता स्वीकार कर ली है। इन्होंने 13 नवंबर को लूटपाट की थी। इनके साथियों की तलाश हो रही है।

# मैराथन के आयोजन को लेकर जिलाधिकारी ने दिए निर्देश



**द न्यूज 15 ब्यूरो**

**नोएडा।** जनपद में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने एवं मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होती रहे इस उद्देश्य से जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला खेलकूद प्रोत्साहन समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। जिला क्रीडा अधिकारी लक्ष्यराज त्यागी ने जिलाधिकारी को मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम हेतु आवश्यक मूलभूत सुविधाओं हेतु उपकरण, खेल उपकरण, मैनपॉवर आदि के संबंध में अवगत कराया। जिलाधिकारी ने जिला क्रीड़ा अधिकारी को निर्देश दिए कि मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में सभी मूलभूत सुविधाएं, खेल उपकरण की पूर्ति खेलकूद प्रोत्साहन समिति के माध्यम से की जाए एवं खेलों के अनुरूप प्रशिक्षकों की नियुक्ति की जाए, ताकि स्टेडियम में अभ्यास करने वाले खिलाड़ियों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी ने खेल स्टेडियम की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्टेडियम में पीआरडी जवान तैनात करने के लिए युवा कल्याण विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया। साथ ही खेल विभाग के अधिकारियों से कहा कि मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम के सौंदर्यकरण हेतु वन विभाग के अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए स्टेडियम में वृक्षारोपण का कार्य कराया जाए। जिलाधिकारी ने जिला क्रीड़ा अधिकारी को निर्देश दिए कि जनपद में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्कूलों में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन समय-समय पर नियमित रूप से कराया जाता रहे। साथ ही निर्देश दिए कि जनपद में पारंपरिक खेलों को भी बढ़ावा देने की दिशा में काम करें। उन्होंने कहा कि जनपद में संचालित खेल एकेडमी, स्विमिंग पूल एवं जिम का भी अभियान चलाकर जांच की जाए और सुनिश्चित करें कि सभी खेल एकेडमी, स्विमिंग पूल एवं जिम का संचालन मानकों के अनुरूप हो रहा है। यदि किसी भी एकेडमी या जिम का संचालन मानकों के अनुरूप नहीं पाया जाता तो संबंधित एकेडमी या जिम के विरुद्ध नियम अनुसार कार्रवाई अमल में लाई जाए। जिलाधिकारी ने आगामी 3 दिसंबर 2024 को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले पैरा क्रिकेट मैच के संबंध में खेल विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस अवसर पर अन्य खेलों में भी खेल प्रतियोगिता आयोजित कराई जाए साथ ही जनपद के दिव्यांग खिलाड़ियों को आमंत्रित करते हुए सम्मानित किया जाए। उन्होंने कहा कि इस अवसर हेतु जनपद के जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाए। इसके लिए खेल विभाग के अधिकारीगण सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण कर लें। हाफ मैराथन के आयोजन को लेकर जिलाधिकारी ने कहा कि मैराथन को लेकर खेल विभाग अपनी तैयारियां पूरी रखें। उन्होंने कहा कि दिव्यांग दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता एवं हाफ मैराथन को लेकर जनपद में व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार भी सुनिश्चित कराया जाए, ताकि अधिक से अधिक खिलाड़ी प्रतिभाग कर सकें।

इस अवसर पर खेल संघों के पदाधिकारियों ने भी जनपद में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने एवं खेलों को और किस प्रकार से आगे बढ़ाया जा सकता है, इस पर जिला खेलकूद प्रोत्साहन समिति के सम्मुख अपने सुझाव रखे, जिनका जिलाधिकारी ने अनुश्रवण करते हुए खेल विभाग के अधिकारियों को सुझाव पर काम करने के लिए निर्देशित किया।

इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश, उप क्रीड़ा अधिकारी अनीता नागर, जिला दिव्यांगजन अधिकारी, अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी गण तथा खेल संघों के पदाधिकारीगण गण उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति फेज-5 अभियान द्वारा गांव, सोसायटियों में किया जागरूक



**द न्यूज 15 ब्यूरो**

**नोएडा।** महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु मिशन शक्ति फेज-5 अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के अन्तर्गत गुरुवार को पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर के निर्देशन में एवं डीसीपी महिला सुरक्षा सुनीति के पर्यवेक्षण में एवं एसीपी महिला सुरक्षा सौम्या सिंह के नेतृत्व मे मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत महिला सुरक्षा टीम द्वारा सभी थाना क्षेत्रों के गांव, सोसायटियों, लेबर कॉलोनियों, बाजारों में जाकर महिलाओं एवं बच्चियों को एकत्र करते हुए उनसे वार्तालाप करते हुए सभी को महिला सशक्तिकरण अभियान, महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों के संबंध में जानकारी देते हुए शासन द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम जैसे मिशन शक्ति 5.0, शुभ मंगल योजना, विभिन्न प्रकार के साइबर क्राइम एवं उनसे सुरक्षा के बारे में जागरूक किया गया। महिला पुलिसकर्मियों द्वारा विभिन्न पुलिस कम्युनिटी प्रोग्राम आयोजित करते हुए कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं/बच्चियों को पोश एक्ट के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई एवं लैंगिक अपराधों से बचाव के बारे में बताया गया। महिला सुरक्षा टीम द्वारा महिलाओं को मिशन शक्ति के पंपलेट वितरित करते हुए महिला हेल्पलाइन नंबर-1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर-1076, साइबर हेल्पलाइन नंबर-1930, आपातकालीन सेवा-112, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर-1098, वन स्टॉप सेंटर नंबर-181 के बारे में जानकारी दी गई। इस अभियान के दौरान महिलाओं को समझाया गया कि वह कार्य स्थल, स्कूल, कॉलेज पर होने वाले लैंगिक अपराध या घरेलू हिंसा के अपराध को चुपचाप बर्दाश्त न करे व किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत बताये गये हेल्पलाइन नम्बर पर सम्पर्क करे जिससे अविलम्ब सहायता प्रदान की जा सके। मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के तीनों जोन के विभिन्न थाना क्षेत्रों में महिला पुलिस टीम द्वारा महिला सशक्तिकरण, आत्मरक्षा, घरेलू हिंसा, पॉक्सो एक्ट, साइबर सुरक्षा, स्वास्थ्य, बच्चों के विकास व कौशल आदि महत्वपूर्ण क्षेत्रों में जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है।

# प्रॉपर्टी में निवेश के नाम पर 90 लाख रुपये ठगे

**ट्रांस हिंडन, एजेंसी।** प्रॉपर्टी में निवेश के नाम पर एक व्यक्ति से 90 लाख रुपये की ठगी की गई है। 11 साल पुराने मामले में शिकायत के आधार पर जांच के बाद थाना टीला मोड़ पुलिस ने पीड़ित के ममेरे भाई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। नोएडा सेक्टर 39 स्थित सलारपुर गांव में रहने वाले विजेंद्र ने बताया कि उसके ममेरे भाई ब्रह्म प्रकाश पुत्र बुधराम, निवासी रिस्तल थाना टीला मोड़ ने जनवरी 2013 में प्रॉपर्टी में निवेश की बात कही। आरोपी ने अपने साथ और भी कई लोगों के शामिल होने की बात बताई। ब्रह्म प्रकाश ने उनसे कहा कि प्रॉपर्टी में दोनों का 31 प्रतिशत का हिस्सा होगा, बाकी लाभ अन्य साथियों का है। 30 बीघा जमीन खरीदने के लिए ममेरे भाई ने जनवरी 2013 में उनसे 90 लाख रुपये लिए। इसके बाद वह आश्वासन देता रहा। बाद में पता चला कि जमीन को बेचने से हुए लाभ में उसका हिस्सा 2.32 करोड़ रुपये का निकला। मगर उसने पैसे नहीं दिए। पुलिस आयुक्त से शिकायत के आधार पर उनकी रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

# फर्जी कॉल सेंटर के माध्यम से ठगी करने वाले 11 आरोपी गिरफ्तार



**द न्यूज 15 ब्यूरो**

**नोएडा।** थाना सेक्टर-113 पुलिस द्वारा गुरुवार को फर्जी कॉल सेंटर के माध्यम से विदेशी नागरिकों के साथ ठगी करने वाले 11 आरोपी को गिरफ्तार किया है जिसके पास से 19 लैपटॉप, 20 मोबाइल फोन, 06 माउस, 03 हेडफोन विद माइक, 12 लैपटॉप चार्जर, 01 डीलिंक व 01 टी0पी0 लिंक बरामद किया गया।

बता दे कि पूछताछ के दौरान अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि हम लोग विदेशी लोगों के कम्प्यूटर्स/लैपटाप पर पॉप अप भेजकर कम्प्यूर्स/लैपटॉप को हैंग कर दिया जाता था एवं माइक्रोसॉफ्ट कस्टमर सपोर्ट बनकर सर्विस के नाम पर कम्प्यूटर लैपटॉप यूजर से वित्तीय ठगी की जाती थी। जिसमें से गिरफ्तारशुदा अभियुक्त विवेक द्वारा बताया गया कि मुझ पर इसी संबंध में एक अभियोग पटेल नगर थाना देहरादून उत्तराखंड में भी दर्ज है।

# शराब तस्करी के आरोप में चार आरोपी गिरफ्तार

## 360 बोतल अंग्रेजी शराब व दो कारें बरामद



**फरीदाबाद, एजेंसी।** शराब तस्करी के आरोप में पुलिस ने चार युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 36 शराब की बोतलें व दो कारें बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि पुलिस टीम बीती रात चंदावली पुल गश्त पर थी तो टीम को अपने गुप्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी रामु उर्फ ललित, जयबीर, मुकेश और अश्वनी स्विफ्ट व बलेनो गाडी में शराब लेकर फरीदाबाद से उत्तर प्रदेश जा रहे है। जिसपर अपराध शाखा की टीम ने जाट चौक बाई-पास रोड पर नाकाबंदी करके उपरोक्त आरोपियो को गाडियों सहित काबू किया। दोनों गाडियों से कुल 336 बोतल व 100 पव्वा शराब अंग्रेजी बरामद किए गए है। गिरफ्तार आरोपियो में रामु उर्फ ललित, जयबीर, मुकेश और अश्वनी का नाम शामिल है। आरोपी रामू उर्फ ललित और मुकेश आजाद नगर कालोनी अजरौंदा सेक्टर-15 के रहने वाले है तथा जयबीर और अश्वनी बुलंदशहर उत्तर-प्रदेश के रहने वाले है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी जयबीर और मुकेश दोनों पहले शराब के ठेके लेकर शराब बेचते थे जिनको अबकी बार ठेको का लाईसेंस प्राप्त नही हुआ जिसपर वे फरीदाबाद से शराब लेकर बुलंदशहर उत्तर प्रदेश में ले जाकर शराब का स्टॉक कर लेते थे और मौका लगते ही शराब को बिहार में सप्लाई कर देते है। आरोपी रामु उर्फ ललित शराब को बिहार में तस्करी के लिए लेकर जाता है और प्रत्येक चक्कर के 5000/- रु लेता है। आरोपियो के खिलाफ थाना आदर्श नगर में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के बाद आरोपियों को जेल भेजा गया।

# कुत्ते को पीटने के वीडियो पर अभिनेत्री रवीना टंडन समेत अनेक भड़के, मामला दर्ज



**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा की एक सोसाइटी में एक व्यक्ति के अपने पालतू कुत्ते को बुरी तरह पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर आने पर बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन समेत अनेक लोगों ने गहरी नाराजगी जाहिर की जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। थाना इकोटेक-तीन के प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडे ने बताया कि वीडियो बुधवार रात सोशल मीडिया पर आया जिसमें एक व्यक्ति अपने पालतू कुत्ते को पीटता और उसे जमीन पर पटकता दिख रहा है। इस वीडियो को लेकर अभिनेत्री रवीना टंडन ने सोशल मीडिया पर कहा कि आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि जांच करने पर पता चला कि घटना महागुन मंत्र सोसाइटी की है और कुत्ते को पीटते दिख रहे व्यक्ति की पहचान हरिशंकर गुप्ता (40) के रूप में हुई है। पांडे ने बताया, सोशल मीडिया पर प्रसारित धुंधले से वीडियो में कुत्ते को पीटने का आरोपी महिला प्रतीत हो रहा था लेकिन जांच में पता चला कि वह पुरुष है जो महिलाओं जैसे कपड़े पहनता है और लंबे बाल रखता है।

## नोएडा पुलिस ने 3 आरोपी गिरफ्तार, अवैध हथियार बरामद



ऋषि तिवारी

नोएडा। गुरुवार को को थाना सेक्टर-49 पुलिस द्वारा लोकल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना की सहायता से सेक्टर-47 की सर्विस रोड से 3 आरोपी को राहुल यादव पुत्र तेजपाल यादव उर्फ मुकेश, अभिषेक कसाना उर्फ अन्नू पुत्र हरेन्द्र कसाना और राजवर्धन त्यागी पुत्र विपिन राजन त्यागी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के पास से 01 अवैध पोनिया .315 बोर, 01 पिस्टल लाइसेन्सी .32 बोर व 01 पिस्टल .32 बोर बरामद किया गया है।

# निर्धारित समय सीमा में शिकायतों का समाधान करें अधिकारी : अशोक कुमार गर्ग

## नगर निगम गुरुग्राम में समाधान शिविर में आई 26 शिकायतें



**गुरुग्राम, एजेंसी।** नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त अशोक कुमार गर्ग ने बुधवार को सेक्टर-34 कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर में लोगों की शिकायतों को सुना। समाधान शिविरों में 26 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनके समाधान की समय सीमा निर्धारित करके संबंधित अधिकारियों को निगमायुक्त द्वारा निर्देश दिए गए हैं। शिविर में प्रॉपर्टी टैक्स डाटा सुधार संबंधी शिकायतों का समाधान मौके पर ही किया जा रहा है, जबकि जिन शिकायतों में कुछ समय लगना है। उनकी समयसीमा निर्धारित करके अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए जा रहे हैं कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर शिकायत का समाधान सुनिश्चित करें तथा शिकायतकर्ता को भी समय-समय पर अवगत कराते रहें। हरियाणा सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की पालना में नगर निगम गुरुग्राम द्वारा चारों जोन में प्रत्येक कार्य दिवस पर सुबह बजे से 11 बजे तक समाधान शिविरों का लगातार आयोजन किया जा रहा है। निगमायुक्त की नागरिकों से अपील निगमायुक्त अशोक कुमार गर्ग ने गुरुग्राम के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि शहर में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान का चौथा चरण लागू हो गया है। ऐसे में हम सभी की यह जिम्मेदारी है कि हम प्रदूषण के स्तर को कम करने में अपना योगदान दें। इसके तहत केन्द्रीय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा लागू किए गए प्रतिबंधों की पालना सभी सुनिश्चित करें और कोई भी ऐसी गतिविधि ना करें जिससे प्रदूषण का स्तर बढ़े।

# मानेसर नगर निगम की सख्ती, 3 बिल्डरों और आरएमसी प्लांट पर 65 लाख रुपए का जुमार्ना



**गुरुग्राम, एजेंसी।** गुरुग्राम में बढते प्रदूषण को देखते हुए ग्रैप-4 के उल्लंघनकताओं के खिलाफ नगर निगम मानेसर सख्त रूख अपना रहा है। नगर निगम क्षेत्र में प्रतिबंधित गतिविधियों पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए टीम ने बुधवार को 65 लाख रुपये से ज्यादा के चालान किए। इनमें 6 चालान निर्माण एवं तोडफोड़ (सीएंडडी) और एक चालान सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) से संबंधित रहा। मानेसर नगर निगम आयुक्त रेनू सोगन ने निगम अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि निगम क्षेत्र में ग्रैप-4 का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए। निगम क्षेत्र में ग्रैप-4 को लागू करवाने के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम किया जाएगा। इनके आदेशों की पालना करते हुए अतिरिक्त आयुक्त जितेंद्र कुमार की टीम ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए कुल 7 साइटों पर ग्रैप-4 का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। बुधवार को हुए चालान में सेक्टर-79 स्थित एम3एम गोल्फ हिल्स का 50 लाख रुपये का चालान किया गया। इसी के साथ गांव नौरंगपुर स्थित अल्ट्राटेक आरएमसी प्लांट का 5 लाख रुपये, सेक्टर-79 स्थित एसबीजे आरएमसी प्लांट का 2 लाख रुपये और आरडीसी आरएमसी प्लांट का एक लाख रुपये का चालान किया गया। इसके अलावा सेक्टर-77 स्थित एम्मार पाम हिल्स का एक लाख रुपये, आशियाना काउंटी ग्रुप का 50 हजार रुपये के सीएंडडी नियमों का उल्लंघन करने के चालान किए। इसके अलावा सेक्टर-81 स्थित विपुल लावन्या सोसाइटी का 2 लाख रुपये का एसटीपी का चालान किया। आयुक्त ने निगम क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि केन्द्रीय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के आगामी आदेशों तक ग्रैप-4 लागू किया गया है।

## एक नजर

### युवक के खाते से 21 बार में एक लाख रुपये निकाले

**ट्रांस हिंडन, एजेंसी।** साहिबाबाद थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति के खाते से जालसाजों ने 21 बार में एक लाख रुपये निकाल लिए। पीड़ित की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस छानबीन कर रही है। साहिबाबाद थाना क्षेत्र स्थित वृंदावन गार्डन में रहने वाले अजब सिंह के मुताबिक उनका बैंक खाता मोहन नगर स्थित एक सरकारी बैंक में है। उसके पास आठ अक्तूबर 2024 की दोपहर 4999 कटने का मैसेज आया था। इसके कुछ देर बाद ही उसके मोबाइल पर अलग-अलग मैसेज आए और कुल 21 बार में 99 हजार 981 रुपये खाते से निकाल लिए गए। पीड़ित ने ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई, जिसकी जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### मंत्री ने स्वच्छता सर्वेक्षण की जानकारी ली

**ट्रांस हिंडन, एजेंसी।** नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने गुरुवार को खोड़ा नगर पालिका से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर बैठक की। उन्होंने खोड़ा नगर पालिका को महत्त्वपूर्ण निर्देश दिए। भविष्य में सभी नगर पालिका स्वच्छता सर्वेक्षण कराएंगी। कार्यों के आधार पर रैंकिंग जारी की जाएगी। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में अधिशासी अधिकारी अभिषेक चौधरी और नवनीत गुप्ता सहित कई अधिकारी शामिल रहे।

### गाजियाबाद में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा चिन्हित किए हॉट स्पॉट की कोई निगरानी नहीं

**गाजियाबाद, एजेंसी।** सर्दियों में दम घोंटू हवा से की मुख्य वजह जानने के लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने सात हॉट स्पॉट चिन्हित किए लेकिन विभाग इन हॉट स्पॉट की न तो निगरानी कर रहा है और ना ही रोकथाम के लिए किसी की तैनाती की गई है। इन जगहों पर प्रदूषण के कारण को कम करने कि लिए कोई ठोस कार्य योजना नहीं बनाई। प्रदूषण नियंत्रण विभाग की ओर से कोई टीम निरीक्षण भी नहीं कर रही है। यही वजह है कि ग्रैप लागू होने के बावजूद लगभग सभी हॉट स्पॉट पर नियमों का उल्लंघन बदस्तूर जारी है। हॉट स्पॉट साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र में मंगलवार को भी इमारत के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई चलती रही, जिससे धूल उड़ती रही। वहीं, साइट चार औद्योगिक क्षेत्र के फैक्टरियों से धुआं भी निकलता रहा। लोनी में जहां कई जगहों पर खुले में निर्माण सामग्री रखे हुए हैं। वहीं, वैशाली और वसुंधरा में शुक्रवार को निर्माण कार्य चलता रहा। ग्रैप के चौथे चरण की पाबंदियां लागू हैं बावजूद इसके हॉट स्पॉट पर ही नियमों का उल्लंघन हो रहा है। इस मामले में प्रदूषण नियंत्रण के क्षेत्रीय अधिकारी विकास कुमार का कहना है कि हॉट स्पॉट प्रदूषण कारकों को ध्यान में रखकर तय किया गया था। हमारी टीम काम कर रही है, जहां लापरवाही होती है व शिकायत मिलने पर विभाग कार्रवाई कर रहा है।

### युवक से छीना मोबाइल

**ट्रांस हिंडन, एजेंसी।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में घर के बाहर खड़े युवक से बाइक सवार बदमाश मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए। मंगलवार की घटना के दौरान पीड़ित फोन पर किसी से बात कर रहा था। तेज रफ्तार बाइक सवार बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की है। इंदिरापुरम थाना क्षेत्र स्थित नीति खंड एक में रहने वाले दिव्य कव्याल के अनुसार मंगलवार की सुबह लगभग 8:00 बजे वह घर के बाहर खड़ा हुआ था। इसी दौरान किसी जानकार का फोन आने पर वह बात करने लगा। पीड़ित का कहना है कि फोन पर जब वह बात कर रहा था तभी बाइक सवार दो बदमाश आए और उसके हाथ से मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए। घटना को अंजाम देने वाले बदमाश तेज रफ्तार स्पोर्ट्स बाइक पर सवार थे, और चंद सेकंड में ही आंखों से ओझल हो गए। पीड़ित ने तत्काल पुलिस को घटना की जानकारी दी। दिन निकलते ही मोबाइल छीनने की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने बदमाशों की तलाश कराई, लेकिन उनका कुछ पता नहीं चल पाया। बाद में पीड़ित थाने पहुंचा और घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। इंदिरापुरम पुलिस का कहना है कि शिकायत मिलने पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और घटना को अंजाम देने वाले बदमाशों की तलाश कराई जा रही है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

### फरीदाबाद उपायुक्त की अपील, घर से बाहर निकलें तो पहने मास्क

**फरीदाबाद, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और आसपास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा निर्देश दिया गया है कि वायु गुणवत्ता में और गिरावट को रोकने के प्रयास में, ग्रैप के चरण फॉर्थ-गंभीर वायु गुणवत्ता (दिल्ली एआईक्यू 450) के तहत परिकल्पित सभी कार्यों को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में संबंधित सभी एजेंसियों द्वारा सही ईमानदारी से लागू किया जाना चाहिए और नागरिकों से नागरिक चार्टर का पालन करने और क्षेत्र में वायु गुणवत्ता को बनाए रखने और सुधारने के उद्देश्य से ग्रैप उपायों के प्रभावी कार्यान्वयन में सहायता करने का आग्रह किया जा सकता है। उपायुक्त विक्रम सिंह द्वारा गुरुवार को जारी की गई एडवाइजरी में सभी बच्चों, बुजुर्गों और श्वसन, हृदय, मस्तिष्क संबंधी या अन्य पुरानी बीमारियों से पीड़ित लोगों को सलाह दी जाती है कि वे बाहरी गतिविधियों से बचें और जितना संभव हो सके घर के अंदर रहें और यदि बाहर जाने की आवश्यकता हो, तो उन्हें मास्क पहनने की सलाह दी जाती है।

### ई-वाहनों से जुड़ा पत्र कोर्ट ने स्वीकारा

**गाजियाबाद, एजेंसी।** ई-वाहनों में आवाज देने की मांग को लेकर उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को भेजे पत्र को जनहित याचिका के रूप में स्वीकार किया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने पीआईएल का पंजीकरण करते हुए संस्था के संयोजक को इसकी सूचना दी है। रसम के संयोजक संदीप त्यागी ने बताया कि भारत सरकार पर्यावरण की रक्षा के लिए ई-वाहनों की संख्या बढ़ाने पर जोर दे रही, लेकिन सभी ई-वाहनों में आवाज बहुत कम होती है। इससे सड़क हादसों की आशंका रहती है। यह गंभीर विषय है। इसको लेकर संस्था के माध्यम से ई-वाहनों को आवाज देने के लिए 27 अगस्त 2024 को पत्र लिखकर कोर्ट से निवेदन किया गया। त्यागी ने बताया कि न्यायालय में पत्र को 49355/एससीआई/पीआईएल/2024 के साथ पंजीकृत किया गया है।

### सड़क हादसों में दो लोगों की मौत, सड़क किनारे खड़ी पिकअप में मारी टक्कर

**गाजियाबाद, एजेंसी।** वेव सिटी थाना क्षेत्र में अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। एनएच-9 पर सड़क किनारे खड़ी पिकअप में बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। वहीं, ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर तेज गति से जा रहे ट्रक की आगे चल रहे ट्रक से टक्कर हो गई। हादसे में एक ट्रक चालक की मौत हो गई। एसीपी वेव सिटी लिपी नगायच ने बताया सुबह एक चालक हापुड़.से पिकअप में ब्रेड लेकर दिल्ली जा रहा था। करीब साढ़े नौ बजे एनएच-9 पर मणिपाल अस्पताल के सामने पिकअप का पहिया फट गया। चालक ने पिकअप को सड़क किनारे खड़ा किया और टायर देखने लगा। इसी दौरान तेज गति से आए बाइक सवार पवन कुमार (22) निवासी सेक्टर-23 संजयनगर ने पीछे से पिकअप में टक्कर मार दी। हादसे में पवन गंभीर रूप से घायल हो गए। निजी अस्पताल में उपचार के दौरान पवन ने दम तोड़ दिया। वहीं, पिकअप को बचाने के चक्कर में पानी की बोतल से भरा एक कैंटर भी पलट गया। जिससे हाईवे पर कुछ देर के लिए जाम लग गया। ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर दादरी से कुंडली जाने वाले मार्ग बुधवार सुबह करीब पांच बजे एक ट्रक अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रक से टकरा गया।

# महाकुंभ 2025 : मेला क्षेत्र के सभी सेक्टर में मजिस्ट्रेट नियुक्त



**प्रयागराज, एजेंसी।** महाकुंभ-2025 को लेकर प्रयागराज में तेजी से निर्माण कार्य चल रहा है। सीएम योगी आदित्यनाथ के 'दिव्य भव्य महाकुंभ' की योजना के मुताबिक महाकुंभ नगरी ने संगम तट पर आकार लेना शुरू कर दिया है। महाकुंभ में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं, कल्पवासियों और साधु-संन्यासियों के रहने और स्नान के लिए घाटों, अस्थायी सड़कों और टेंट सिटी का निर्माण शुरू हो गया है।

प्रयागराज मेला प्रधिकरण ने योजना के मुताबिक पूरे मेला क्षेत्र को 25 सेक्टरों में बांटा है। सेक्टर और कार्य के मुताबिक सेक्टर मजिस्ट्रेट की नियुक्ति कर दी गई है। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने-अपने सेक्टर में भूमि अधिग्रहण से लेकर प्रशासनिक व्यवस्था के लिए जिम्मेदार रहेंगे। महाकुंभ के दौरान सेक्टर मजिस्ट्रेट आम जनता और प्रशासन के बीच कड़ी का कार्य करेंगे।

महाकुंभ 2025 में लगभग 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने और लगभग 1 लाख से अधिक लोगों के कल्पवास करने की संभावना है। इसके साथ ही हजारों की संख्या में साधु-संन्यासियों और मेला प्रशासन के लोग महाकुंभ के दौरान मेला क्षेत्र में रहेंगे। इन सबके रहने के लिए टेंट सिटी और स्नान के लिए घाटों और मार्गों का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है।

पूर्व योजना के मुताबिक प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने पूरे महाकुंभ क्षेत्र को 25 सेक्टरों में बांटा है। 4,000 हेक्टेयर और 25 सेक्टरों में बंटा महाकुंभ मेला क्षेत्र इससे पहले के किसी भी महाकुंभ मेले से सबसे बड़ा क्षेत्र है।

मेला प्राधिकरण ने प्रत्येक सेक्टर में भूमि अधिग्रहण से लेकर प्रशासनिक व्यवस्था और विभागीय समन्वय के लिए उप-जिलाधिकारियों को सेक्टर मजिस्ट्रेट के तौर पर नियुक्ति किया है। ये सेक्टर मजिस्ट्रेट पूरे महाकुंभ के दौरान अपने-अपने सेक्टर, कार्य विभाग और विभागीय समन्वयन का कार्य करेंगे।

प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने सेक्टर वाइज सेक्टर मजिस्ट्रेट की लिस्ट जारी कर दी है। इस सबंध में एसडीएम मेला अभिनव पाठक ने बताया कि अधिकांश सेक्टर मजिस्ट्रेट ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। शेष अपनी विभागीय जिम्मेदारियों से मुक्त होकर जल्द ही मेला क्षेत्र में अपना कार्यभार ग्रहण कर लेंगे, जो महाकुंभ के दौरान अपने-अपने सेक्टर की प्रशासनिक व्यवस्था व विभागीय समन्वयन का कार्य करेंगे। प्रत्येक सेक्टर में भूमि आवंटन की प्रगति और लोगों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण में सेक्टर मजिस्ट्रेट मददगार होंगे।

## महाकुम्भ में बिछड़ों को अपनों से मिलाने में मदद करेंगे एआई कैमरे

**प्रयागराज, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में अगले वर्ष जनवरी में आयोजित होने वाले महाकुम्भ मेले में बिछड़ों को उनके परिजनों से मिलाने के लिए एआई (कृत्रिम बुद्धिमता) से लैस कैमरों और डिजिटल मीडिया मंचों की मदद ली जाएगी। अपर मेलाधिकारी विवेक चतुर्वेदी ने बताया कि एआई तकनीक से लैस इन कैमरों के साथ ही फेसबुक और 'एक्स' जैसे सोशल मीडिया मंच भी बिछड़ने वाले लोगों को खोजने में तत्काल मदद करेंगे।

उन्होंने बताया कि इस बार महाकुम्भ में देश-विदेश से बड़ी संख्या में आने वाले लोगों को अपनो के खोने का डर नहीं सताएगा। अधिकारी ने बताया कि मेला प्रशासन द्वारा डिजिटल खोया-पाया केंद्र को एक दिसंबर से शुरू कर दिया जाएगा। चतुर्वेदी ने बताया कि इसके माध्यम से 328 एआई कैमरे पूरे मेला क्षेत्र पर नजर रखेंगे और इन सभी कैमरों का परीक्षण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देश पर बड़े पैमाने पर कैमरे लगाने का काम अपने अंतिम चरण में है और मेला क्षेत्र में चार स्थानों पर इन विशेष एआई कैमरों का परीक्षण भी किया जा चुका है। अधिकारी ने बताया कि डिजिटल खोया-पाया केंद्र तकनीक के सहारे कार्य करेंगे और इसमें हर खोये हुए व्यक्ति का डिजिटल पंजीकरण तुरंत किया जाएगा, जिसके बाद एआई कैमरे गुमशुदा की तलाश में जुट जाएंगे।

अपर मेलाधिकारी ने बताया कि यही नहीं, गुमशुदा की जानकारी को फेसबुक और 'एक्स' पर भी साझा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि खोये हुए व्यक्तियों की पहचान के लिए चेहरे की पहचावन करने वाली तकनीक का उपयोग किया जाएगा और एआई से लैस कैमरे तत्काल फोटो खींचकर व्यक्ति की पहचान कर लेंगे।

## टैगोर हाउस ने जीती अंग्रेजी की वाद-विवाद प्रतियोगिता




**द न्यूज फिफ्टीन**

**किरतपुर।** आर० के० इंटर नेशनल स्कूल में इंटर हाउस द्वारा पेपर बुक्स आर बैटर दैन ई-बुक्स विषय पर आधारित अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता में टैगोर हाउस प्रथम, नेहरू हाउस -द्वितीय एंव कलाम हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजयी प्रतिभागियों को प्रबंधक दर्शित अग्रवाल ने पुरुस्कृत कर सम्मानित किया।

गुरुवार को आरके इंटर नेशनल स्कूल में आयोजित अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता में टैगोर हाउस, नेहरू हाउस द्वितीय एंव कलाम हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

गुरुवार को आयोजित प्रतियोगिता में स्कूल के सभी हाउस के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। सभी बच्चों ने बहुत ही अच्छे ढंग से अपने विचारों को पक्ष और विपक्ष दोनों पहलुओं में प्रस्तुत किया। सभी बच्चों की प्रस्तुति बहुत ही अच्छी थी। स्कूल के प्रबंधक दर्शित अग्रवाल ने बच्चों के विचारों को सुना और उनकी प्रशंसा की। स्कूल के प्रधानाचार्य नितिन बिश्नोई ने बच्चों को उनके सराहनीय कार्य हेतु प्रेरित किया।

# कारोबारी की अमेरिका में गोली मारकर हत्या



**गोंडा, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले के रहने वाले 58 वर्षीय डॉ. श्रीराम सिंह की बुधवार को जॉर्जिया की राजधानी अटलांटा में गोली मारकर हत्या कर दी गई।

अमेरिका में करीब चार दशक से रह रहे भारतीय शिक्षाविद की हत्या ने उनके जन्मस्थान तुलसीपुर माझा गांव के लोगों को स्तब्ध कर दिया।

तुलसीपुर माझा गांव के प्रधान लालजी सिंह ने बताया कि वह (श्रीराम सिंह) कार से अटलांटा में एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे कि तभी कुछ अज्ञात लोगों ने उनकी कार पर अंधाधुंध गोलियां चला दीं।

श्रीराम सिंह की हत्या की खबर उनके बेटे अमित सिंह ने दी।

लालजी सिंह ने बताया कि डॉ. सिंह 1990 में अमेरिका के अटलांटा कृषि विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के पद पर शामिल हुए थे।

उन्होंने बताया कि श्रीराम सिंह ने हाल ही में अमेरिका में कुछ व्यवसाय शुरू किया था।

गांव में रहने वाले डॉ. सिंह के छोटे भाई शिवाजी सिंह ने बताया कि उनके भाई ने अमेरिका जाने से पहले अयोध्या के कुमारगंज स्थित आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर की पढ़ाई की थी।

उन्होंने बताया कि वहां डॉक्टरेट की पढ़ाई पूरी करने के बाद श्रीराम सिंह अटलांटा कृषि विश्वविद्यालय में प्रोफेसर बन गए और तब से वह अपने परिवार के साथ अमेरिका में रह रहे थे।

उनके भाई ने बताया कि श्रीराम सिंह के बड़े बेटे अमित सिंह एफबीआई में इंजीनियर हैं जबकि छोटा बेटा अंकुर सिंह अमेरिका में कैंसर विशेषज्ञ है।

शिवाजी सिंह के अनुसार, डॉ. सिंह ने अपने सामाजिक कौशल से अमेरिका में गहरी पैठ बनाई थी।

लालजी सिंह ने बताया कि श्रीराम सिंह बहुत मिलनसार थे और जब भी यहां आते थे, सभी ग्रामीणों से मिलते थे।

उन्होंने बताया कि श्रीराम सिंह आखिरी बार करीब दो साल पहले गांव आए थे और अगले वर्ष मार्च में फिर आने वाले थे।

लालजी ने बताया, 'गांव के लोग उनकी हत्या से दुखी हैं। उन्होंने सिंह के परिवार को सुरक्षा देने और हत्या की जांच कर दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की।'

## बीईओ ने हरी झंडी दिखाकर खेल का शुभारंभ किया



**द न्यूज फिफ्टीन**

**किरतपुर।** अब्दुल आहद मैमोरियल पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय ब्लाक स्तरीय मिनी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ बीईओ सूर्यकांत गिरि व प्रबंधक शाहिद अली खां ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया।

क्रीड़ा प्रतियोगिता में क्षेत्र के 133 परिषदीय विद्यालयों से लगभग 200 बालक-बालिकाओं ने प्रतिभाग किया।

गुरुवार को आयोजित अब्दुल आहद मैमोरियल पब्लिक स्कूल के कीड़ा मैदान में खंड शिक्षा अधिकारी ने 50 मीटर की दौड़ में हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में विकास क्षेत्र के 133 परिषदीय विद्यालयों से लगभग 200 बालक बालिकाओं ने प्रतिभाग किया।

50 मीटर दौड़ में प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में शहरान कंपोजिट विद्यालय सिसोना जट व 100 मीटर की दौड़ में रिहान सिसौना जट एंव जूनियर स्तर बालिका वर्ग से नरगिस कंपोजिट विद्यालय पडला प्रथम रही। 200 मी० दौड़ प्राथमिक स्तर बालक वर्ग से संदीप प्राथमिक विद्यालय भनेड़ा प्रथम, 400 मी० में शहरान कंपोजिट विद्यालय सिसोना जट लंबी कूद में भी से कंपोजिट विद्यालय सिसोना जट का रिहान प्रथम रहा। जूनियर बालिका वर्ग से 200 मीटर में कन्या सकरा खेड़ी से अलीशा 400 मीटर में धनौरी, कुंवर से खुशी एंव 600 मी० दौड़ में कंपोजिट विद्यालय गनौरा से कशिश प्रथम रही। कार्यक्रम में ब्लाक व्यायाम शिक्षक रोशन लाल, बृजेश कुमार, नौबाहर सिंह, संजीव कुमार, विशाल कुमार, सत्य प्रकाश, आनंद कुमार, चेतना राठी, मीनाक्षी, रूपा रानी, पारुल त्यागी, दीपक सलूजा अनीता, श्वेता अरोड़ा, ज्योति देवी, असद जुबैर, मशकूर अहमद, दीपक कुमार आदि रहे। टीम एआरपी, शारीरिक शिक्षा के अनुदेशक एंव शिक्षा मित्रों का विशेष सहयोग रहा।

# जिला बिजनौर किसान यूनियन की आड़ में चला रहे हैं लकड़ी माफिया का राज

### ओवरलोड लकड़ी के ट्रैक्टर ट्रॉली भरकर निकाला जा रहा है हरियाणा की ओर



बिजनौर। जिला बिजनौर में चल रहा किसान यूनियन के नाम पर अवैध ट्रैक्टर ट्रॉली ओवरलोड का कारोबार जब कि किसान यूनियन को कानून कान खबर भी नहीं है आपको बताते चले जिला बिजनौर में जहां लकड़ी के ट्रांसपोर्ट पर अधिक से अधिक गाड़ियां निकली जाती है आज जिला बिजनौर में ट्रांसपोर्ट पर कोई गाड़ी नजर नहीं आती है ट्रांसपोर्टरों का कहना है हम अच्छी खासी मोती रखकर इनकम टैक्स जीएसटी भरते हैं क्योंकि यह पैसा भारत सरकार को जाता है और इस पेज से आम आदमी को सरकार द्वारा अमानत मिलती है अगर यही हालात रहे तो एक दिन ट्रांसपोर्ट बंद हो जाएगी और सरकार को बड़ा नुकसान होगा क्योंकि ट्रांसपोर्ट जीएसटी और इनकम टैक्स भारती है जिला बिजनौर में किसान यूनियन के नाम पर अवैध ट्रैक्टर ट्राली ओवरलोड से भारी लकड़िया जिला बिजनौर गंगा बैराज पर से गुजर कर हरियाणा में जाकर लकड़ी का कारोबारी लोग हरियाणा मंडी में बच देते हैं बिना टैक्स दिए बिना रुक किसान यूनियन के नाम पर निकलली जाती है जबकि किसान यूनियन को इस बारे में कोई खबर नहीं लकड़ी से भरे ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रॉली आखिरकार बिना परमिशन दिखाये सेल टैक्स पर से कैसे गुजरती है क्या यह अधिकारियों की लापरवाही है या फिर लकड़ी माफिया का खौफ है जबकि 60 कुंतल पर ट्रैक्टर ट्राली पास है और जिला बिजनौर को ढाई सौ से 300 कुंतल ओवरलोड अधिकारी की नजर के सामने से निकल जाती है।

## किसान मजदूर संगठन ने फर्जी हॉस्पिटल और ओवाईओ के खिलाफ एसडीएम को सौंपा ज्ञापन





**द न्यूज 15**

**बिजनौर।** प्रदेश अध्यक्ष के आदेश पर बुधवार को किसान मजदूर संगठन ने फर्जी हॉस्पिटल और ड ड के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इस संबंध संगठन के कार्यकताओं ने धामपुर के एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रदीप चौहान, महासचिव रसिक चौहान, मंडल अध्यक्ष कपिल राजपूत जिला अध्यक्ष नौबहार सिंह चौहान, महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष कविता राणा, जिला उपाध्यक्ष ज्योति चौहान, महामंत्री उपासना, जिला उपाध्यक्ष शोभित राजपूत धामपुर नगर अध्यक्ष बिट्टू चौहान नितिन आदि मौजूद थे। यह जानकारी मुरादाबाद मंडल के अध्यक्ष कपिल राजपूत ने दी।

# उपचुनाव के लिए मतदान के बाद भाजपा और सपा ने किये जीत के दावे



**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश विधानसभा की नौ सीट पर उपचुनाव के लिये बुधवार को मतदान सम्पन्न होने के बाद बृहस्पतिवार को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) ने एक-दूसरे पर कटाक्ष करते हुए अपनी-अपनी जीत के दावे किये।

सपा के मुख्य महासचिव प्रोफेसर राम गोपाल यादव ने सरकार पर मतदान के दौरान धांधली का आरोप लगाते हुए उपचुनाव रद्द कर दोबारा मतदान कराने की मांग की।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने 'एक्स' एक पोस्ट में कहा, 'भाजपा की लाख कोशिशों के बावजूद विपक्षी गठबंधन ह्यइंडियाह्ल (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस) की टीम और पीडीए (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) की रणनीति नैतिक रूप से सभी नौ सीट पर चुनाव जीत चुकी है।'

उन्होंने पीडीए समाज, गठबंधन, पार्टी कार्यकताओं, पदाधिकारियों और पत्रकारों को बधाई देते हुए कहा, 'उत्तर प्रदेश में नौ विधानसभा सीट पर उपचुनाव पीडीए की एकजुटता, मान-सम्मान और अधिकारों को नकारने वाली प्रभुत्ववादी भाजपा के खिलाफ प्रदेश की 90 प्रतिशत आबादी के चुनाव थे। नकारात्मक भाजपा और उसकी निरंकुश सरकार की तानी हुई बंदूक भी पीडीए के लोगों का हौसला न तोड़ सकी।'

वहीं सपा के वरिष्ठ नेता शिवपाल सिंह यादव ने बरेली संवाददाताओं को संबोधित करते हुए दावा किया कि उपचुनाव में सत्तारूढ़ भाजपा द्वारा शासन-प्रशासन की मदद से बेईमानी किये जाने के बावजूद सपा की पांच-छह सीट पर जीत पक्की है।

उन्होंने कहा कि 2027 में सपा-इंडिया गठबंधन के सत्ता में आने पर भाजपा की मदद कर रहे अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। यादव ने कहा कि सपा ऐसे अधिकारियों की सूची तैयार करा रही है। इस बीच, प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उपचुनाव में सभी नौ सीट पर जीत का दावा कर रहे अखिलेश यादव और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में उनकी सहयोगी कांग्रेस के नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए 'एक्स' पर कहा, '2027 और 2029 के सत्ताधीश बनने का सपना देखने वाले दो अहंकारी नेताओं को जनता आईना दिखाएगी। उनका अहंकार और नकारात्मक राजनीति को देश कभी सफल नहीं होने देगा।'

उन्होंने कहा, 'देश को आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति नहीं, विकास चाहिए। जनता ने हमेशा सच्चाई, सेवा, और विकास को चुना है और इस बार भी वही करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व पर जनता का अटूट भरोसा है। भाजपा ही वर्तमान, भाजपा ही भविष्य।'

नगीना सीट से आजाद समाज पार्टी के सांसद चंद्रशेखर आजाद ने सरकार पर उपचुनाव में धांधली का आरोप लगाते हुए कहा, 'सरकार ने अपनी प्रशासनिक मशीनरी का ऐसा दुरुपयोग किया जो पहले कभी नहीं देखा गया। यह उपचुनाव मुख्यमंत्री (योगी आदित्यनाथ) के लिए प्रतिष्ठा का सवाल है।

## एक नजर

### योगी ने की मां पाटेश्वरी देवी की पूजा-अर्चना



**बलरामपुर, एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार रात्रि देवीपाटन शक्तिपीठ में विश्राम करने के बाद गुरुवार सुबह नाथ संप्रदाय की परंपरा निभाते हुए आदि शक्ति मां पाटेश्वर की विधिवत पूजा अर्चना की। पूजा अर्चना के बाद मुख्यमंत्री मंदिर परिसर में स्थित गौशाला पहुंचे वहां उन्होंने गौ सेवा करते हुए गायों को गुड़ तथा हरा चारा खिलाया। गायों के बच्चों को उन्होंने प्यार दुलार भी किया। इन सब कामों से निवृत्त होकर मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर स्थित थारू छात्रावास में रहकर शिक्षा ग्रहण कर रहे बनवासी थारू जनजाति के बच्चों से उनका हाल-चाल जाना। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने रात्रि विश्राम के दौरान स्थानीय पार्टी जनप्रतिनिधियों तथा पदाधिकारियों से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने जिले के विकास में कानून व्यवस्था पर भी चर्चा की साथ ही साथ उन्होंने जिले में संगठन का भी हाल-चाल लिया। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में प्रमुख रूप से सदर विधायक पलटू राम, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा, पूर्व सांसद तथा जिला पंचायत अध्यक्ष श्रावस्ती दद्दन मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष बलरामपुर आरती तिवारी,भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह,डॉ अजय सिंह पिंकू व प्रवीण कुमार सिंह विक्की सहित अन्य कई लोग शामिल थे। मुलाकात के उपरांत मुख्यमंत्री ने मंदिर में ब्रह्मलीन महंत महेंद्र नाथ योगी की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम का भी जायजा लिया इसके पश्चात मुख्यमंत्री भावनियापुर हेलीपैड पहुंचे और वहां से लखनऊ के लिए रवाना हो गए। इस दौरान मंडल तथा जिले के तमाम आल्हा अधिकारी मौजूद रहे।

### उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में नाबालिग लड़की का अपहरण, प्राथमिकी दर्ज

**कुशीनगर, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले में एक नाबालिग लड़की का कथित तौर पर अपहरण कर लिया गया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना बरवापट्टी थाना क्षेत्र की है और इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। पुलिस के मुताबिक, पीड़िता के पिता रामदेव राजभर ने दावा किया कि उनकी बेटी का तीन दिन पहले उस समय अपहरण कर लिया गया, जब वह किसी काम से खेतों में गई थी और पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है। पीड़िता के परिवार ने बुधवार को प्राथमिकी दर्ज कराई, जिसमें आरोप लगाया कि शाहिद उर्फ गोल्डन नाम का एक व्यक्ति लड़की को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। पुलिस में दर्ज शिकायत के मुताबिक, एक वर्ष पहले आरोपी ने लड़की को भगाने की भी कोशिश की थी लेकिन परिवार उसे दुधी इलाके से वापस लाने में कामयाब रहा था। परिवार ने मामले को लेकर पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए हैं और पुलिसकर्मियों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। तमकुहीराज के पुलिस क्षेत्राधिकारी अमित सक्सेना ने आश्वासन दिया कि मुकदमा दर्ज कर लापता लड़की का पता लगाने के लिए एक विशेष टीम बनाई गई है और आरोपी को गिरफ्तार करने के प्रयास जारी हैं।

### अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में छात्र संघ चुनाव कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन

**अलीगढ़, एजेंसी।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) में विद्यार्थियों के एक समूह ने छात्र संघ चुनाव कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। प्रदर्शनकारी विद्यार्थी छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग को लेकर कुलपति कार्यालय के पास स्थित प्रशासनिक ब्लॉक में घुस गए और नारेबाजी की। अधिकारियों के मुताबिक, सुरक्षाकर्मियों ने फौरन हस्तक्षेप कर उन्हें कुलपति कार्यालय में प्रवेश करने से रोक दिया। विद्यार्थियों के एक समूह ने बुधवार रात को परिसर में एकत्र होकर विरोध प्रदर्शन किया हालांकि प्रॉक्टर मोहम्मद वसीम के नेतृत्व में विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें शांत कराया था। अधिकारियों ने विद्यार्थियों को आश्वासन दिया कि विश्वविद्यालय के अधिकारी जल्द से जल्द उनकी चिंताओं का समाधान करेंगे। प्रॉक्टर मोहम्मद वसीम ने कहा, 'प्रशासन को इस मुद्दे की जानकारी है और चूंकि मामला वर्तमान में इलाहाबाद उच्च न्यायालय में विचाराधीन है इसलिए विश्वविद्यालय अपनी कार्रवाई की रूपरेखा तैयार कर रहा है।' संपर्क किए जाने पर विश्वविद्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मामले पर जानकारी देने से इनकार कर दिया और कहा कि 'मामला अदालत में विचाराधीन है।'

### पुलिस ने 11 वर्षीय बच्चे की हत्या के मामले में मां और सौतेले पिता को जेल भेजा

**मेरठ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में पुलिस ने 11 वर्षीय बच्चे की हत्या के मामले में मां और सौतेली पिता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सरधना थाना प्रभारी निरीक्षक प्रताप सिंह ने बताया कि सोमवार देर रात दौराला रोड मोहल्ला गढ़ी खटीकान में 11 वर्षीय साहिल का शव कमरे के अंदर बने स्टोर रूम में फंदे पर लटका हुआ मिला था। उन्होंने बताया कि साहिल के दादा हनीफ ने मृतक की मां नसरीन (32) व सौतेले पिता समीर(26) पर हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। अधिकारी ने बताया कि हनीफ ने आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही समीर सौतेले बेटे साहिल से नाराज रहता था और इसी कारण उसने नसरीन के साथ मिलकर बच्चे की गला दबाकर हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि शिकायत के बाद पुलिस ने मां और सौतेले पिता को हिरासत में ले लिया। थाना प्रभारी के अनुसार, पूछताछ के बाद बुधवार सुबह दोनों को जेल भेज दिया

### ऑनलाइन गेम में लाखों रुपये गंवाने वाली छात्रा ने रची खुद के अपहरण की साजिश

**झांसी, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में झांसी जिले के टोडी फतेहपुर क्षेत्र में नर्सिंग की एक छात्रा ने ऑनलाइन गेमिंग में लाखों रुपये गंवाने के बाद उनकी भरपाई के लिये कथित तौर पर खुद के अपहरण की झूठी कहानी रची और अपने परिजनों से छह लाख रुपये की फिरौती मांगी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मामले में आरोपी छात्रा और उसके चार दोस्तों को नोएडा से गिरफ्तार कर लिया गया है। झांसी जिले की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) सुधा सिंह ने बताया कि टोडी फतेहपुर के निवासी बबलू रैकवार ने सोमवार को प्राथमिकी दर्ज करवाई थी कि नर्सिंग पाठ्यक्रम की पढ़ाई कर रही उनकी बेटी नंदनी (19) का अपहरण हो गया है और उसे छोड़ने के एवज में छह लाख रुपये की फिरौती मांगी जा रही है। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को छात्रा के पहले दिल्ली में और फिर नोएडा मे मौजूद होने की जानकारी मिली। उन्होंने बताया कि विशेष अभियान समूह और पुलिस की टीम बुधवार को नोएडा पहुंची तो मामले की असलियत सामने आयी।

## एक नजर

### जदयू गायघाट प्रखंड की बैठक संपन्न, जिला सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने की रणनीति तैयार



**मुजफ्फरपुर।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) गायघाट प्रखंड की एक अहम बैठक प्रखंड अध्यक्ष लाल बाबू सहनी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जदयू गायघाट विधान सभा क्षेत्र प्रभारी जीतन पटेल ने कहा कि 24 नवंबर को एल एस कॉलेज में होने वाले जिला सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने के लिए जोरदार तैयारी की जा रही है। इस सम्मेलन में गायघाट विधान सभा क्षेत्र से हजारों कार्यकताओं की भागीदारी सुनिश्चित होगी। जदयू नेता प्रभात किरण ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में एनडीए की जीत आगामी विधानसभा चुनावों में तय है। उन्होंने इस सम्मेलन में गायघाट क्षेत्र से रिकॉर्ड भागीदारी का दावा किया। बैठक में कई प्रमुख नेता मौजूद थे, जिनमें राम सज्जन राय, मृत्युंजय सिंह, प्रो. रविंद्र यादव, कृष्ण नंदन सिंह, महेश सहनी, प्रमोद सिंह, विनोद यादव, युवा अध्यक्ष राजा यादव, गौरव गुंजन सहित कई अन्य नेता शामिल थे।

### भागलपुर बायपास पर भीषण सड़क हादसा, ट्रक और स्कॉर्पियो की आमने-सामने टक्कर



**भागलपुर,संवाददाता।** भागलपुर जिले के मासुदनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत किसनपुर चौक के पास बायपास पर शुक्रवार को एक भीषण सड़क हादसा हुआ। इस हादसे में एक ट्रक और एक स्कॉर्पियो की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में स्कॉर्पियो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल मायागंज अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घायल सभी लोग जामुई जिले के झाझा के रहने वाले हैं और वे भागलपुर से अपने घर जा रहे थे। हादसे के समय स्कॉर्पियो भागलपुर की ओर से आ रही थी और ड्राइवर ने अपना संतुलन खो दिया। बताया जाता है कि हादसे के बाद स्कॉर्पियो का चालक मौके से फरार हो गया।घायलों के बारे में मिली जानकारी के अनुसार, वे सभी जामुई झाझा के रहने वाले हैं और अपने घर जा रहे थे। दुर्घटना के बाद स्कॉर्पियो का चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पैक्स चुनावः बन्दरा में हुए 72 नामांकन

- अध्यक्ष पद पर 15 नामांकन
- कार्यकारिणी सदस्य पद पर 57 पर्चा दाखिल




**मुजफ्फरपुर-बन्दरा, संवाददाता।** पैक्स चुनाव नामांकन के तीसरे दिन गुरुवार को बन्दरा प्रखण्ड में पैक्सध्यक्ष पद के लिए 15 प्रत्याशियों ने नामांकन कराया। वहीं कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए 57 प्रत्याशियों ने पर्चा दाखिल किया। अध्यक्ष पद के लिए तेपरी से रामचन्द्र राय,नूनफारा से अरविंद कुमार,बन्दरा से उदय नारायण राय,संतोष कुमार,सुरेश राय, राम दिनेश राय, अजय कुमार ठाकुर,अमरजीत कुमार,जय प्रकाश राय, सिमरा से दिलीप चौधरी, बड़गांव से महेंद्र राय एवं अभिलाषा कुमारी, मुन्नी-बैंगरी से मनोज कुमार तथा रामपुरदयाल से नारायण महतो एवं स्मृति कुमारी के नाम शामिल है।

### वैशाली के गोरौल में अलग-अलग स्थानों पर तीन और दुर्घटनाएं



**वैशाली,संवाददाता।** वैशाली जिले के गौरौल थाना क्षेत्र अंतर्गत एन एच 22 पर अलग अलग तीन स्थानों पर सड़क दुर्घटना में दो बाइक सबार दम्पति व उसके परिजन बुरी तरह जख्मी हो गया।पहली घटना गोढिया चमन के पास घटी।जिसमे मुजफ्फरपुर के खादी भंडार के निवासी मोहन दास का 48 वर्षीय पुत्र नरेश दास और उनकी पत्नी पुष्पा देवी( 40) बताया गया है।घटना में उसका स्कूटी भी क्षतिग्रस्त हो गया। दोनों भगवानपुर से मुज़फ़्फ़रपुर जा रहे थे।घटना की सूचना पर गौरौल पुलिस के पदाधिकारी शिवम कुमारी पहुचकर घायलों को गौरौल पी एच सी पहुचाया,जहा नाजुक हालत देख प्राथमिक उपचार के बाद नरेश दास को सदर अस्पताल रेफर कर दिया। दूसरी घटना एन एच 22 पर मुज़फ़्फ़रपुर, वैशाली वार्डर पर हुआ जहा भी, बाइक सवार बुरी तरह जख्मी हो गया।जिसमें गौरौल थाना क्षेत्र के मलिकपुरा गांव निवासी सुजीत कुमार के 24 वर्षीय पत्नी पलव्वी कुमारी बुरी तरह जख्मी हो गयी,जिसका उपचार गौरौल पी एच सी पर किया गया।दोनों घटना बाइक सवार को बचाने के दौरान हुई है।वही गोरौल चौक पर देर शाम ऑटो डीवाईड से टकरा गया जिस मे एक व्यक्ति घायल होगया।

# वैशाली में हाईवा ने बाइक सवार दो भाइयो को रौंदा, एक की मौत, दूसरा गंभीर

**वैशाली,मोहन कुमार सुधांशु।** वैशाली जिले के गोरौल-सरैया सड़क मार्ग पर गुरुवार को सुबह बेलगाम हाईवा की ठोकर से एक युवक की दर्दक मौत घटना स्थल पर हीं हो गयी वही एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया है दोनों बाइक से था। सरैया मार्ग से आरही हाइवा ने बाइक मे जोरदार ठोकर मार दिया जिससे यह हादसा हुई है। मृतक युवक और जख्मी युवक दोनों सगा भाई है। स्थानीय लोगो ने जख्मी युवक को गोरौल सी एच सी ले गये।

जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे हाजीपुर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। युवक की हालत को देखते हुये सदर के डाक्टरो ने उसे पी एम सी एच रेफर कर दिया है। दोनों की पहचान थाना क्षेत्र के मोहनपुर गांव निवासी नंदू राय के पुत्र सोनू कुमार (22) के रूप में किया गया है। सोनु कुमार की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।वहीं रंजीत कुमार(24) गंभीर रूप से जख्मी हो गया।घटना के सम्बन्ध में बताया गया है कि सोनु कुमार अपने बड़े भाई के रंजीत के साथ अपनी शादी का कार्ड बाँटने जा रहा था। इसी दौरान थाना क्षेत्र के भटौलिया गांव के निकट ये दर्दनाक हादसा हुई। घटना के बाद गुस्साए लोगों ने सड़क जाम कर आवागवन पुरी तरह से बाधित कर दिया।करीब साढ़े तीन घंटे के बाद बहुत मान मनौल के बाद सड़क जाम को समाप्त करायी गयी।घटना की सूचना मिलते हीं थाना अध्यक्ष रौशन कुमार, अपर थानाध्याक्ष प्रशांत कुमार, अवर निरीक्षक अभय शंकर सिंह, अवर निरीक्षक शिवम कुमारी दल-बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच गये। काफी मशक्कत के बाद शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हाजीपुर भेजा गया। बताया गया है कि सोनु कुमार का विवाह इसी माह के 26 तारीख को कुढ़नी थाना क्षेत्र के गौसी गांव में होना तय था। सभी तैयारी हो रही थी। इसीबीच विधाता को कुछ और मर्जी। पांच दिन बाद जहा सोनू को दूल्हा के रूप मे देखता वह सफेद कपड़े लिपटा दिख रहा था।



## कोलकाता से पटना जा रही बस हादसे का शिकार, कई यात्रियों की मौत

- दर्दनाक दुर्घटना ने निगल ली कई जिंदगियां

**पटना,संवाददाता।** कोलकाता से पटना जा रही एक बस गुरुवार तड़के भीषण दुर्घटना का शिकार हो गई. हादसे में कम से कम 5 लोगों की मौत हो गई. वहीं बस में करीब 40 यात्री सवार थे जिनमें अधिकांश घायल हो गये. घायलों को अस्पताल में दाखिल कराया गया है. बस हादसा झारखंड के हजारीबाग के गोरहर थाना क्षेत्र इलाके में गुरुवार की अहले सुबह हुआ. करीब 10 से अधिक यात्री घायल बताए जा रहे हैं जिनका उपचार चल रहा है. वहीं मृतकों के परिजनों को घटना की सूचना दी गई है. जानकारी के अनुसार वैशाली नाम की बस पश्चिम बंगाल कोलकाता से बिहार की राजधानी पटना जा रही थी. घायल यात्रियों को भेजा इलाज के लिए रइटउल हजारीबाग भेजा गया है. हादसे का कारण सिक्स लेन सड़क का निर्माण कार्य बताया जा रहा है. दरअसल, हजारीबाग के गोरहर थाना क्षेत्र इलाके में सिक्स लेन सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है. इस कारण कई जगहों पर वैकल्पिक मार्गों यानी कच्ची सड़क के सहारे वाहन परिचालन होता है. माना जा रहा है कि इसी क्रम में बस वहां से गुजरने के दौरान अनियंत्रित होकर पलट गई। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, हादसा घने कोहरे और लो विजिबिलिटी के कारण हुआ. कोहरे के कारण ड्राइवर को साफ नजर नहीं आया और बैलेंस बिगड़ गया. वह बस को कंट्रोल नहीं कर पाया और बस डगमगाते हुए सड़क पर पलट गई. मरने वालों में महिलाओं की संख्या ज्यादा है. बस का नंबर (WB76अ1548) है, जो कोलकाता का नंबर हैसंवाददाता। घटना के बाद चीख पुकार मच गया. यात्रियों से भरी बस पलटने के सूचना मिलने पर पुलिस की टीम पहुंची और राहत एवं बचाव कार्यों को शुरू कराया. वहीं हादसे में मृत लोगों की पहचान की जा रही हैसंवाददाता।




## सोनपुर में थियेटर शुरू होने से मेला हुआ गुलजार

**पटना/सोनपुर,ब्यूरो।** सोनपुर मेला उद्घाटन के बाद थियेटर नहीं चलने से व्यवसाइयों के साथ लोगों में भी मायूशी थी. अब गतिरोध खत्म हो गया है. थियेटर का शो शुरू होने की बेसब्री से प्रतीक्षा कर रहे थियेटर के कद्रदानों की भीड़ टिकट काउंटर पर उमड़ पड़ी.जिला प्रशासन ने थियेटर के प्रदर्शन के लिए लाइसेंस जारी कर दिया है. कुछ शर्तों पर प्रशासन ने थियेटर चलाने की अनुमति दी है. अब लोग काजल को करीब से और पायल को पास से देख सकते हैं। प्रशासनिक मंजूरी मिलने के बाद थियेटर के दीवाने युवाओं की भीड़ मेले में जुटने लगी. थियेटरों के आगे टिकट लेने वालों की लंबी-लंबी लाइन लगनी शुरू हो गई। वहीं मेला क्षेत्र में दुकान लगाने वाले छोटे दुकानदार, खासकर खोमचा लगाने वाले काफी खुश नजर आए. रात में जब मेला के स्टॉल बंद हो जाते हैं तब इन छोटे दुकानदारों की दुकानदारी चमक उठती है. मेले में थिएटरों को लाइसेंस मिलने के बाद रौनक और बढ़ गई है. छह प्रमुख थिएटर, आधुनिक संगीत और रोशनी से सजे हुए, दर्शकों को अपनी ओर खींच रहे हैं. लड़कियों का ठुमका देखने के लिए लोगों की भीड़ लगी रहती है. थियेटर चलने से मेले में आने वाले लोगों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है।



## सरस्वती विद्या मंदिर में हुआ अभिनंदन सह सम्मान समारोह का आयोजन

**पश्चिम चंपारण,बिट्टू कुमार।** सरस्वती विद्या मंदिर बरवत सेना, बेतिया में विद्यालय के पूर्व छात्र डॉ. ज्वाला प्रसाद जो गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति दिल्ली के डायरेक्टर हैं को महात्मा गांधी लीडरशिप अवार्ड 2024 प्राप्त करने पर अभिनंदन समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ वंदना सभा से हुआ।

इस अवसर पर बेतिया सदर के पुलिस उपाधीक्षक विवेक दीप, अररिया सिविल कोर्ट के न्यायाधीश राजन कुमार, महारानी जानकी कुंवर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.आर के चौधरी, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के चंपारण विभाग के विभाग संघचालक राज किशोर प्रसाद ,विद्यालय के अध्यक्ष पी के चक्रवर्ती,सह सचिव संजय जैन, कोषाध्यक्ष उमेश प्रसाद, सदस्य श्याम कुशवाहा, विद्या भारती के चंपारण विभाग के प्रमुख अनिल कुमार राम, विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष नीरज कुमार, बजरंग दल के महामंत्री रमन कुमार, प्रधानाचार्य विनोद कुमार, प्राथमिक खंड के प्रधानाचार्य अवधेश श्रीवास्तव, पूर्व छात्र प्रमुख जय किशोर सिंह, मीडिया प्रभारी श्री विमलेश कुमार सिंह, स्वागत समिति की अमृता सिंह एवं श्वेता वर्मा, विद्यालय के सभी आचार्य एवं अनेक पूर्व छात्र उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन आचार्य लखींद्र कुमार सिंह और आलोक कुमार ने किया।आलोक कुमार पूर्व छात्र परिषद के अध्यक्ष एवं संयोजक नितेश भट्ट ने कार्यक्रम को सपन बनाने के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। डॉ.ज्वाला प्रसाद को विद्यालय के अध्यक्ष पी के चक्रवर्ती,प्रधानाचार्य विनोद कुमार, डीएसपी विवेक दीप बेतिया सदर को अंग वस्त्र,पुष्प गुच्छ , डायरी कलम देकर सम्मानित किया गया साथ ही विभाग संघ चालक राज किशोर प्रसाद, प्रो.आर के चौधरी ,राजन कुमार ,नीरज कुमार,रमन गुप्ता को भी अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। डॉ. ज्वाला प्रसाद ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को अपने जीवन के लक्ष्य को निर्धारित करके कठिन परिश्रम करने हेतु प्रेरित किया। श्री प्रसाद ने बताया कि कार्य छोटा बड़ा नहीं होता इसलिए हर कार्य पूर्ण लगन से करना चाहिए। विद्यालय के अध्यक्ष ने अध्यक्षीय भाषण करते हुए डॉ. ज्वाला प्रसाद को विद्यालय और चंपारण का कमल बताया। मंचासीन महानुभावों का परिचय प्रधानाचार्य विनोद कुमार और पूर्व छात्र प्रमुख जय किशोर सिंह ने कराया। धन्यवाद ज्ञापन विभाग प्रमुख अनिल कुमार राम और प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने किया कार्यक्रम का समापन शांति मंत्र से हुआ।




## निकाह कर युवती को ले गया कतर, शेख के हाथों बेचा और अब डाक से भेजा तलाक

**पटना,ब्यूरो।** कहते हैं कि जिससे शादी होती है उसके साथ सात जन्म का रिश्ता होता है लेकिन पति पत्नी को शर्मसार करने वाली एक घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार पटना के एक व्यक्ति ने पटना की एक युवती से पहले निकाह किया और फिर कतर ले जा कर पत्नी को शेख के हाथों बेच दिया। बाद में किसी तरह युवती भारतीय दूतावास तक पहुंची और फिर दूतावास ने युवती को शेख की चंगुल से निकाल कर भारत भेजा। युवती फिलहाल अपने मायके में रह रही है, इधर उसके पति ने उसे डाक के माध्यम से तलाक लिख कर भेजा है।

युवती ने अपने पति और ससुराल के लोगों पर अब दीघा थाना में मामला दर्ज करवाया है। युवती ने बताया कि जब उसका निकाह हो रहा था उस वक्त बताया गया कि लड़का विद्युत भवन में सरकारी कर्मी है, और निकाह के बाद पता चला कि वह एक एनजीओ में काम करता है। बाद में युवक कतर चला गया और फिर उसने अपनी पत्नी को भी दाई के वीजा पर कतर बुलवा लिया। कुछ दिनों तक तो सब कुछ ठीक रहा और इस दौरान युवती को एक बच्चा भी हुआ। बच्चा होने के बाद उसके पति ने अपनी पत्नी को एक शेख के हाथों दस लाख रुपए में बेच दिया। युवती ने किसी तरह एक सिक्योरिटी गार्ड की मदद से भारतीय दूतावास से संपर्क किया और फिर दूतावास के अधिकारियों ने उसे मुक्त करवा कर भारत भेजा। युवती अब चार महीने से अपने मायके में रह रही है इधर उसके ससुराल के लोग उसे अपनाने से मना कर रहे हैं। युवती ने अपने पति और ससुराल के अन्य लोगों के खिलाफ दीघा थाना में मामला दर्ज करवाया है।



## महीनों से हवस का शिकार बना रहा था जीजा, प्रेग्नेंट साली की इलाज के दौरान गई जान

**बेतिया,संवाददाता।** पश्चिम चंपारण के बेतिया से रिश्ते को शर्मसार करने की घटना सामने आई है। यहां एक किशोरी के साथ न सिर्फ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया गया बल्कि जब वह गर्भवती हुई तो दवा खिलाकर उसका गर्भपात करा दिया गया। इस दौरान ज्यादा खून बहने के कारण उसकी मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, मृतक लड़की का ममेरा बहनोई लड़की का शारीरिक शोषण कर रहा था। इसी दौरान किशोरी प्रेग्नेंट हो गई। गर्भवती होने के चार महीने बाद जब उसके शरीर में बदलाव होने लगा तब लड़की को इस बात की जानकारी हुई कि वह प्रेग्नेंट हैं। किशोरी ने यह बाद अपने ममेरे बहनोई को बतायी, जिसके बाद आरोपी ने लड़की को गर्भपात की दवा खिला दी। दवा का असर होने के बाद लड़की की तबीतय बिगड़ने लगी। परिजनों ने पीड़ित लड़की को आनन-फानन में जीएमसीएच में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। डॉक्टरों के मुताबिक युवती चार महीने के गर्भवती थी। किशोरी की मौत की खबर सुनते ही आरोपी बहनोई फरार हो गया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया है और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।



## सावधान! बिहार में बाइक से चलने पर कट सकता है एक लाख रुपए का चालान



**पटना,संवाददाता।** अगर आप बिहार में बाइक से सड़कों पर चलते हैं तो सावधान हो जाइये क्योंकि आपको थोड़ी यातायात नियमों की थोड़ी सी भी अनदेखी भारी पड़ सकती है। बाइक पर हेलमेट नहीं पहनने के आरोप में एक बाइक सवार का बिहार में एक लाख रुपए का चालान कट गया। दरअसल गया के डोभी पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक युवक का एक लाख एक हजार रुपए का चालान काट दिया। बाइक सवार मितेश कुमार को जब चालान का मैसेज पहुंचा तो वह भौंचक रहा गया। मितेश ने बताया कि वह सोमवार की शाम बाइक से कहीं जा रहा था इसी दौरान बुनियादगंज थाना के समीप पुलिस वाहन जांच कर रही थी। युवक को भी पुलिस ने इस दौरान रोका और फिर छोड़ दिया। रात में युवक के मोबाइल पर हेलमेट नहीं पहनने के कारण एक लाख एक हजार रुपए का मैसेज आया। बगैर हेलमेट एक लाख एक हजार रुपए का चालान देख कर युवक परेशान हो गया और वह मामले की शिकायत की है।

वहीं मामले में व्हीकल इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने कहा कि अधिकारी से गलती हो गई है, चालान की राशि ठीक कर दी जाएगी। बता दें कि यह पहला मामला नहीं है जब वाहन चालकों को यातयात विभाग की तरफ से गलत चालान भेजा गया हो।

# कटिहार में लोन दिलाने के नाम पर फजीवाड़ा

- महिलाओं ने जमकर किया विरोध प्रदर्शन

**कटिहार,संवाददाता।** कटिहार जिले के आजमनगर थाना क्षेत्र के जलकी पंचायत के बसागांव की दर्जनों महिलाओं ने लोन दिलाने के नाम पर ठगी का शिकार होने के विरोध में थाने पर जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि बारसोई धुमटोला निवासी प्यारी खातून और उनके पति सनोवर आलम ने चिट फंड, भारत फाइनेंस, एस. के. एस. बैंक और बंधन बैंक से लोन दिलाने का झांसा देकर लगभग 53 महिलाओं से करोड़ों रुपए ठग लिए हैं।कटिहार आजमनगर थाना क्षेत्र के जलकी पंचायत के बसागांव की महिलाओं ने थाना परिसर में पहुंचकर जमकर प्रदर्शन किया, प्रदर्शन कर रही महिलाओं की माने तो बारसोई धुमटोला की प्यारी खातून और उनके पति सनोवर आलम चिट फंड बैंक भारत फाइनेंस, एस. के. एस. बैंक और बंधन बैंक से लोन दिलाने के नाम पर लगभग 53 महिलाओं से करोड़ों रुपए का फजीवाड़ा किया है। इन दोनों बंटी बबली ने बैंक के कर्मचारी से साँठ गाँठ कर लोन लेने से जुड़े डॉक्यूमेंट पर सिग्नेचर और अंगूठे का निशान ले लिया, और इन्हीं महिलाओं के नाम पर अलग-अलग लोन उठा लिया। इसका खुलासा तब हुआ जब बैंक से जुड़े अधिकारी इन महिलाओं के घर लोन चुकाने का दबाव बनाने लगे।

आरोप है कि इस दंपत्ति ने बैंक कर्मचारियों की मिलीभगत से इन महिलाओं के दस्तावेजों पर फर्जी हस्ताक्षर करवाकर उनके नाम पर लोन ले लिए। जब बैंक कर्मचारी लोन की किश्तों की वसूली के लिए इन महिलाओं के घर पहुंचे तो यह मामला सामने आया। पीड़ित महिलाओं ने जब प्यारी खातून और सनोवर आलम से इस बारे में पूछताछ की तो उन्होंने सभी आरोपों से इनकार करते हुए महिलाओं को ही दोषी ठहराया। इस मामले में बलरामपुर विधायक महबूब आलम ने पीड़ित महिलाओं का समर्थन करते हुए जिला प्रशासन से मांग की है कि इस मामले की गहन जांच करवाई जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।हालांकि इन महिलाओं ने प्यारी खातून और सनोवर आलम से पूछताछ की तो दोनों पति पत्नी भड़क गई और इन महिलाओं को ही खड़ी खोटी सुनाने लगे। अब सभी महिलाएं थाने पहुंचकर गुहार लगा रही है, वही इस मामले में बलरामपुर विधायक महबूब आलम इन महिलाओं का समर्थन करते हुए जिला प्रशासन से जांच कर कार्रवाई के साथ महिलाओं को इंसाफ दिलाने की मांग की है।





चरण सिंह

विचार

## पीएम मोदी के सहारे अपने बेटे निशांत कुमार राजनीति में लांच करना चाहते हैं नीतीश कुमार

जिन समाजवादियों से पंडित जवाहर लाल नेहरू खौफ खाते थे। जिन समाजवादियों ने गैर कांग्रेसवाद का नारा दिया और कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंका था। जिन समाजवादियों ने इंदिरा गांधी को हरा दिया था। जिन समाजवादियों को सत्ता मोह से दूर माना जाता था उन समाजवादियों की फौज के कई सेनापतियों ने सत्ता और अपनी गर्दन बचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने घुटने रखे हैं। बिहार की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी उनमें से एक हैं। समाजवाद के प्रणेता डॉ. राम मनोहर लोहिया के गैर कांग्रेसवाद की तर्ज पर गैर संघवाद का नारा देने वाले नीतीश कुमार आजकल संघ की गोद में बैठे हुए हैं।

नीतीश कुमार आजकल पीएम मोदी के पैर छूते हुए नजर आते हैं। ये वही नीतीश कुमार हैं जिन्होंने गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए नरेंद्र मोदी को बिहार में घुसने नहीं दिया था। ऐसे में प्रश्न उठता है कि आखिर नीतीश की क्या बेबसी है कि उन्हें पीएम मोदी के सामने आत्मसमर्पण करना पड़ा है। ऐसा भी नहीं है कि अब नीतीश कुमार को ऐसा कोई लालच है कि पीएम मोदी के पैर छूकर वह अपनी महत्वाकांक्षा पूरी करना चाहता है।

दरअसल नीतीश कुमार अपने बेटे निशांत कुमार को राजनीति में लांच करने की रणनीति बना रहे हैं। नीतीश कुमार चाहते हैं कि अपने बेटे निशांत कुमार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लांच कराया जाए। अगले साल बिहार में होने जा रहे विधानसभा चुनाव को देखते हुए वह निशांत कुमार जदयू का सर्वमान्य नेता बनाना चाहते हैं। नीतीश कुमार चाहते हैं कि जदयू के साथ ही बीजेपी में भी कोई नेता निशांत कुमार का विरोध न कर सके। यह तभी संभव है जब निशांत कुमार को पीएम मोदी लांच करें।

नीतीश कुमार के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि लालू प्रसाद ने उनके दल जदयू में सेंध लगा रखी है। उनके खासमखास रहे ललन सिंह भी लालू प्रसाद के संपर्क में माने जाते हैं। वह लालू प्रसाद और ललन सिंह की बढ़ती करीबी ही थी कि लोकसभा से पहले नीतीश कुमार ने ललन सिंह को राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से हटाकर पार्टी की कमान खुद संभाल ली थी। आज की तारीख में उन्होंने संजय झा को पार्टी की कमान सौंप रखी है।

उधर समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी ने पार्टी में नौकरशाह के हावी होने का आरोप लगाकर नीतीश सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। ऐसे में प्रश्न उठता है कि जदयू में प्रधानमंत्री कैसे लांच करेंगे। ऐसे में नीतीश कुमार निशांत कुमार को लांच करने के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री को बुलाकर उन्हें लांच करा सकते हैं।

ऐसे में प्रश्न यह भी उठेगा कि जब नीतीश कुमार लालू प्रसाद यादव पर वंशवाद का आरोप लगाते रहे हैं तो अपने बेटे को लांच कराएंगे तो उन पर वंशवाद का आरोप नहीं लगेगा ? या फिर पीएम मोदी यदि वंशवाद का विरोध जताते हुए देश में एक लाख बिना पहचान के युवाओं को राजनीति में लाने की बात कर हैं तो निशांत कुमार को लांच करने पर उन पर उंगली नहीं उठेगी ? ऐसे में रामविलास पासवान के बेटे चिराग पासवान, चौधरी चरण सिंह के पौते जयंत चौधरी और शरद पवार के भतीजे अजित पवार भाजपा के साथ आये तो प्रधानमंत्री ने संभाल लिया था। ऐसे में नीतीश कुमार अपने बेटे को राजनीति में स्थापित करना चाहते हैं।

## सुलगते-दहकते मणिपुर का जिम्मेदार कौन?

**-मनोज कुमार अग्रवाल-**

मणिपुर भारत का सबसे खूबसूरत प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर उत्तर पूर्वी राज्य है, जिसमें लगभग पिछले डेढ़ वर्ष से हिंसा रुकने का नाम नहीं ले रही है। हिंसा की यह आग मई, 2023 में शुरू हुई थी, जब वहां की हाईकोर्ट ने बहुसंख्यक मैतई समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एस.टी.) का दर्जा देने का फैसला सुनाया था, इससे वहां के पहाड़ों में रहने वाले कुकी समुदाय के लोगों में डर पैदा हो गया कि उनकी जमीनें और अधिकार बड़े स्तर पर कम हो जाएंगे। उत्तर पूर्व के छोटे-छोटे राज्य अशांत रहते हैं। इन सभी राज्यों के अलगाववादी हथियारबंद होकर दशकों से यहां चुनौती पेश करते आ रहे हैं। मणिपुर में बहुसंख्यक मैतई हिन्दू समुदाय के साथ और कुकी बड़ी हद तक ईसाई समुदाय से संबंधित हैं। यहां भाजपा की सरकार है। एन. बिरेन सिंह यहां के मुख्यमंत्री हैं। 60 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा के 37 विधायक हैं, जिनमें से 7 विधायक कुकी समुदाय के साथ भी संबंध रखते हैं। डेढ़ वर्ष से यहां बनी गृह युद्ध की स्थिति में अब तक 300 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। बड़े स्तर पर घरों और जायदादों को आग लगाई जा चुकी है। यह दोनों समुदाय एक दूसरे के कट्टर विरोधी ही नहीं, बल्कि दुश्मन बने नजर आते हैं। इसलिए अपने-अपने गांवों में इन्होंने अपने पहरे लगा रखे हैं। हथियारबंद लोग एक- दूसरे समुदाय पर हमले करते हैं।

मणिपुर एक बार फिर से हिंसा की आग में जल रहा है। यहां उग्रवादियों और सुरक्षाबलों के बीच हुई मुठभेड़ के बाद जिरीबाम में 6 लोगों के अपहरण और उनकी लाश मिलने के बाद से भीड़ हिंसक हो गई है। कई मंत्रियों के घरों पर हमले हो चुके हैं। प्रदर्शनकारियों ने सीएम के घर पर भी हमला करने की कोशिश की थी। कुकी उग्रवादियों की ओर से एक ही परिवार के 6 लोगों की नृशंस हत्या के बाद नाराज मैतेई समुदाय के लोग सड़क पर उतर आए हैं। वे लगातार हिंसक प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर कुकी समुदाय 11 नवंबर की मुठभेड़ को फर्जी बता रहा है। इन लोगों का कहना है कि वह उनके शवों का अंतिम संस्कार पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही करेंगे। कुकी समुदाय का कहना है कि उन्हें शक है कि सुरक्षाबलों ने उन्हें पकड़कर मारा है।

ताजा जानकारी के अनुसार हथियारबंद उग्रवादियों द्वारा जिरीबाम में एक महिला की हत्या की गई। इस संबंध में 8 नवंबर को जिरीबाम स्थानीय पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। सशस्त्र उग्रवादियों ने जिरीबाम के जाकुरधोर करोंग और बोरोबेकरा पुलिस स्टेशनों पर मौजूद सीआरपीएफ चौकी पर हमला किया। इस सिलसिले में 11 नवंबर को बोरोबेकरा पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई। बोरोबेकरा में घरों को जलाने और नागरिकों की हत्या का मामला सामने आया। इस संबंध में 11 नवंबर को बोरोबेकरा पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई। 11 नवंबर को, मणिपुर पुलिस ने कहा कि बोरोबेक्रा पुलिस स्टेशन और जिरीबाम के जकुरधोर में सीआरपीएफ कैंप पर छद्म वर्दी पहने और अत्याधुनिक हथियारों से लैस उग्रवादियों द्वारा अंधाधुंध गोलीबारी के बाद सुरक्षा बलों के साथ भीषण मुठभेड़ में 10 संदिग्ध उग्रवादी मारे गए। पुलिस के अनुसार, कुछ घंटों बाद संदिग्ध उग्रवादियों ने उसी जिले से महिलाओं और बच्चों सहित छह नागरिकों का कथित तौर पर अपहरण कर लिया। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि मणिपुर में तैनात सभी सुरक्षा बलों को राज्य में व्यवस्था और शांति बहाल करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया गया है।

पिछले साल मई से जातीय संघर्ष से जूझ रहे मणिपुर में महिलाओं और बच्चों के शव बरामद होने के बाद विरोध प्रदर्शन और हिंसा के कारण स्थिति अस्थिर हो गई है। गुस्साई भीड़ ने इंफाल घाटी के विभिन्न जिलों में तीन भाजपा विधायकों और एक कांग्रेस विधायक के घरों में आग लगा दी जबकि सुरक्षा बलों ने मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के पैतृक आवास पर धावा बोलने की प्रदर्शनकारियों की कोशिश को नाकाम कर दिया। मणिपुर में स्थिति को कंट्रोल करने के लिए केंद्र सरकार ने सीएपीएफ की 50 और कंपनियां भेजने का फैसला किया है।

# युवा भारतीय महिलाओं की उभरती आकांक्षाएँ

## पारंपरिक सामाजिक संरचनाओं और मानदंडों को चुनौती देती महिलाएं



-प्रियंका सौरभ

> उच्च शिक्षा और कौशल विकास में लड़कियों की अब लड़कों के बराबर शैक्षिक उपलब्धि है, जिसमें 50% से अधिक युवा महिलाएँ कक्षा 12 पूरी कर रही हैं और 26% कॉलेज की डिग्री प्राप्त कर रही हैं। युवा महिलाएँ विभिन्न कैरियर पथों और डिजिटल कौशल प्लेटफॉर्म तक पहुँच से प्रभावित होकर पेशेवर महत्त्वाकांक्षाओं को तेजी से प्राथमिकता दे रही हैं।

पिछले एक दशक में युवा भारतीय महिलाओं की आकांक्षाओं में एक परिवर्तनकारी बदलाव देखा गया है, जो उनकी बढ़ती स्वायत्तता, शिक्षा और कार्यबल में भागीदारी को दशार्ता है। यह विकास भारत के सामाजिक परिदृश्य को महत्त्वपूर्ण रूप से पुनर्परिभाषित कर रहा है।

उच्च शिक्षा और कौशल विकास में लड़कियों की अब लड़कों के बराबर शैक्षिक उपलब्धि है, जिसमें 50% से अधिक युवा महिलाएँ कक्षा 12 पूरी कर रही हैं और 26% कॉलेज की डिग्री प्राप्त कर रही हैं। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण (2017-18) उच्च शिक्षा में महिलाओं के बढ़ते नामांकन पर प्रकाश डालता है, जिसमें महिला सकल नामांकन अनुपात 27.3% तक पहुँच गया है। युवा महिलाएँ विभिन्न कैरियर पथों और डिजिटल कौशल प्लेटफॉर्म तक पहुँच से प्रभावित होकर पेशेवर महत्त्वाकांक्षाओं को तेजी से प्राथमिकता दे रही हैं। स्किल इंडिया मिशन और स्टेम फॉर गर्ल्स इंडिया जैसे कार्यक्रमों ने तकनीकी क्षेत्रों में युवा महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा दिया है।

विवाह की औसत आयु 2005 में 18.3 वर्ष से बढ़कर 2021 में 22 वर्ष हो गई है, जिसमें अधिक युवा महिलाएँ अनुकूलता के आधार पर साथी चुनती हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार 52% महिलाओं ने साथी चयन में अपनी बात रखी, जो 2012 में 42% थी। कई युवा महिलाएँ आर्थिक स्वतंत्रता के लिए प्रयास कर रही हैं, विशेष रूप से उद्यमिता के माध्यम से, क्योंकि सरकार महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप के लिए समर्थन दे रही है। उदाहरण के लिए: नीति आयोग द्वारा महिला उद्यमिता मंच ने 10, 000 से अधिक महिला उद्यमियों के नेटवर्क को बढ़ावा दिया है। युवा महिलाएँ स्वयं सहायता समूहों और स्थानीय शासन में बढ़ती भागीदारी के साथ राजनीतिक रूप से अधिक सक्रिय हैं। ग्रामीण महिलाओं के बीच स्वयं सहायता समूह सदस्यता 2012 में 10% से बढ़कर 2022 में 18% हो गई। ये आकांक्षाएँ पारंपरिक सामाजिक संरचनाओं और मानदंडों को चुनौती दे रही हैं। जैसे-जैसे अधिक महिलाएँ करियर बना रही हैं, घरों में पारंपरिक लैंगिक अपेक्षाएँ बदल रही हैं। मनरेगा पुरुषों और महिलाओं के लिए समान वेतन प्रदान करता है, जो ग्रामीण घरेलू गतिशीलता को प्रभावित करता है। अधिक शिक्षा और आय के साथ, युवा महिलाओं का अब परिवार के वित्तीय और सामाजिक निर्णयों में अधिक प्रभाव है। स्वयं सहायता समूहों ने ग्रामीण महिलाओं को सामूहिक रूप से घरेलू वित्त का प्रबंधन करने के लिए सशक्त बनाया है। बाद में विवाह करने और साथी चुनने में सक्रिय भागीदारी की ओर बदलाव ने अरेंज मैरिज की पारंपरिक संरचना को चुनौती दी है। बाल विवाह में कमी और बाद में विवाह करने को प्राथमिकता देने की रिपोर्ट करता है। बढ़ती स्वतंत्रता ने सामाजिक प्रतिबंधों को चुनौती देते हुए शिक्षा या काम के लिए महिलाओं की अकेले यात्रा को सामान्य बना दिया है। 2012 में 42% की तुलना में अब 54% महिलाएँ बस या ट्रेन से अकेले यात्रा करने में सहज महसूस करती हैं। युवा महिलाएँ पेशेवर सेटिंग्स में लैंगिक समानता के बारे में तेजी से मुखर हो रही हैं, कानूनी और सामाजिक सुधारों को बढ़ावा दे रही हैं। पोष अधिनियम (कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम) , 2013 ने महिलाओं को कार्यस्थल के मुद्दों को प्रभावी ढंग से सम्बोधित करने के लिए सशक्त बनाया है। स्वयं सहायता समूह और ग्राम सभाओं में युवा महिलाएँ शासन में महिलाओं की भूमिका पर पारंपरिक विचारों को चुनौती दे रही हैं। केरल कुदुम्बश्री मिशन महिला-नेतृत्व वाले शासन को बढ़ावा देता है, जिसने राज्यों में इसी तरह के मॉडल को प्रेरित किया है।

भारतीय महिलाएँ ऊर्जा से लबरेज, दूरदर्शिता, जीवन्त उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ सभी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हैं। भारत के प्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर के शब्दों में, हमारे लिए महिलाएँ न केवल घर की रोशनी हैं, बल्कि इस रौशनी की लौ भी हैं। अनादि काल से ही महिलाएँ मानवता की प्रेरणा का स्रोत रही हैं। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई से लेकर भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले तक, महिलाओं ने बड़े पैमाने पर समाज में बदलाव के बडे. उदाहरण स्थापित किए हैं।

2030 तक पृथ्वी को मानवता के लिए स्वर्ग समान जगह बनाने के लिए भारत सतत विकास लक्ष्यों की ओर तेजी से बढ़ चला है। लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण करना सतत विकास लक्ष्यों में एक प्रमुखता है। वर्तमान में प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण, समावेशी आर्थिक और सामाजिक विकास जैसे महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विशेष ध्यान दिया गया है।

महिलाओं में जन्मजात नेतृत्व गुण समाज के लिए संपत्ति हैं। प्रसिद्ध अमेरिकी धार्मिक नेता ब्रिघम यंग ने ठीक ही कहा है कि जब आप एक आदमी को शिक्षित करते हैं, तो आप एक आदमी को शिक्षित करते हैं। जब आप एक महिला को शिक्षित करते हैं तो आप एक पीढ़ी को शिक्षित करते हैं।

स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के माध्यम से महिलाएँ न केवल खुद को सशक्त बना रही हैं बल्कि हमारी अर्थव्यवस्था की मजबुती में को भी योगदान दे रही है। सरकार के निरन्तर लगातार आर्थिक सहयोग से आत्मनिर्भर भारत के संकल्प में उनकी भागीदारी दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। पिछले 6-7 वर्षों में महिला स्वयं सहायता समूहों का अभियान और तेज हुआ है। आज देश भर में 70 लाख स्वयं सहायता समूह हैं। महिलाओं के पराक्रम को समझने की जरूरत है, जो हमें महिमा की अधिक ऊंचाइयों तक पहुँचाएगी। आइए हम उन्हें आगे बढ़ने और फलने-फूलने में मदद करें। महिलाओं के सर्वांगीण सशक्तिकरण के लिए 'अमृत काल' इन्हें समर्पित हो।

युवा भारतीय महिलाओं की उभरती आकांक्षाएँ भारत के सामाजिक ताने-बाने को उत्तरोत्तर रूप से परिभाषित कर रही हैं, एक ऐसे समाज को बढ़ावा दे रही हैं जहाँ लैंगिक समानता और महिलाओं की एजेंसी आदर्श बन गई है। सहायक नीतियों को सुनिश्चित करने से इस बदलाव में तेजी आ सकती है, जिससे समावेशी और सशक्त भविष्य का मार्ग प्रशस्त हो सकता है।

# आज ही शुरूआत करें, पति-पत्नी मिलकर परिवार नियोजन की बात करें

## पुरुष नसबंदी पखवारा पर विशेष



मुकेश कुमार शर्मा

21 नवम्बर से चार दिसम्बर तक पुरुष नसबंदी पखवारा मनाया जा रहा है। इस पखवारे की थीम है- आज ही शुरूआत करें, पति-पत्नी मिलकर परिवार नियोजन की बात करें।

पुरुष नसबंदी पखवारा दो चरणों में मनाया जाएगा। पहले चरण में 21 से 27 नवम्बर तक जनजागरूकता, तैयारियों और लाभार्थियों को चिन्हित करने (मोबिलाइजेशन चरण) पर जोर रहेगा और दूसरे चरण में 28 नवम्बर से चार दिसम्बर तक सेवा प्रदायगी चरण के तहत पुरुष नसबंदी की सेवा विशेष तौर पर प्रदान की जाएगी। इसके लिए जनपद से लेकर ब्लाक स्तर तक हर जरूरी प्रबंध किए गए हैं। अभियान के तहत जन-जन तक यह सन्देश पहुँचाया जा रहा है कि नवविवाहित को पहले बच्चे की योजना शादी के कम से कम दो साल बाद ही बनानी चाहिए ताकि इस दौरान पति-पत्नी एक दूसरे को अच्छी तरह से समझ सकें और बच्चे के बेहतर लालन-पालन के लिए कुछ पूँजी भी जुटा लें। इसके अलावा मातृ एवं शिशु के बेहतर स्वास्थ्य के लिहाज से भी दो बच्चों के जन्म के बीच कम से कम तीन साल का अंतर अवश्य रखना चाहिए। उससे पहले दूसरे गर्भ को धारण करने योग्य महिला का शरीर नहीं बन पाता और पहले बच्चे के उचित पोषण और स्वास्थ्य के लिहाज से भी यह बहुत जरूरी होता है। इसके लिए सरकार ने गर्भनिरोधक साधनों की बास्केट यानि ह्लबास्केट ऑफ च्वाइसह्व का प्रबंध किया है, जिससे अपने मनमुताबिक साधन चुनकर अपनी सुविधा के हिसाब से परिवार का प्लान बड़ी आसानी से कर सकते हैं। बास्केट ऑफ च्वाइस की मौजूदगी के बाद भी अनचाहे गर्भधारण की स्थिति किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं प्रतीत होती। इसके अलावा जल्दी-जल्दी गर्भधारण करना मातृ एवं शिशु के स्वास्थ्य के लिए भी सही नहीं होता। इस तरह गर्भ निरोधक साधनों को अपनाकर जहाँ महिलाओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सकता है वहीं मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को भी कम किया जा सकता है। स्वास्थ्य केन्द्रों पर परिवार नियोजन किट (कंडोम बॉक्स) की भी व्यवस्था की गयी है ताकि पुरुषों को बिना झिझक वहां से कंडोम या अन्य परिवार नियोजन के साधन प्राप्त करने में आसानी हो। इसमें कंडोम के साथ प्रेगनेंसी चेकअप किट और आपातकालीन गर्भनिरोधक गोलियों को भी शामिल किया गया है।

पखवारे के तहत पहले चरण में अभियान के प्रभावी समन्वय के लिए सेवा प्रदाताओं, जनप्रतिनिधियों और स्वास्थ्य कार्यकताओं सहित सभी आवश्यक हितधारकों की पहचान कर उनके साथ विचार-विमर्श किया जाएगा। उच्च प्रजनन दर वाले क्षेत्रों का चिन्हांकन कर आवश्यकतानुसार स्थानीय स्तर पर ही विशेष रणनीति तैयार की जाएगी। परिवार नियोजन साधनों और पुरुष नसबंदी किट की उपलब्धता स्वास्थ्य केन्द्रों पर सुनिश्चित करायी जाएगी। इसमें दूरदराज के क्षेत्रों का खास ख्याल रखा जाएगा। स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को जरूरी प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा। पुरुष नसबंदी को बढ़ावा देने के लिए जन प्रतिनिधियों, धार्मिक गुरुओं और प्रभावशाली लोगों को भी अभियान से जोड़ा जाएगा। प्रचार-प्रसार के लिए पोस्टर, ब्रोशर के साथ ही डिजिटल सामग्री का भी इस्तेमाल किया जाएगा। इसके अलावा टीवी, रेडियो और सोशल मीडिया के जरिये जरूरी सन्देश भी जन-जन तक पहुँचाया जाएगा। पुरुष नसबंदी से जुड़ी भ्रामक धारणाओं और भ्रान्ति को भी प्रभावी तरीके से दूर किया जाएगा। इसमें सारथी वाहन का भी इस्तेमाल किया जा सकता है जो दूरदराज के क्षेत्रों में पहुंचकर फिल्मों या अन्य प्रचार सामग्रियों के माध्यम से भ्रांतियों को दूर करते हुए पुरुष नसबंदी के फायदे समुदाय को बताया जाएगा। सेवा प्रदायगी पखवारा यानि 28 नवम्बर से चार दिसम्बर से पहले से चिन्हित और पंजीकृत योग्य दम्पति को स्वास्थ्य इकाई तक लाना और सेवा प्रदान करना सुनिश्चित किया जाएगा। ज्ञात हो कि पुरुष नसबंदी एक स्थायी गर्भनिरोधक विधि है। यह भ्रम पालना बिल्कुल निराधार है कि इससे किसी तरह की कमजोरी, नपुंसकता या यौन शक्ति में कमी आती है।

(लेखक पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल- इंडिया के एक्जेक्युटिव डायरेक्टर हैं)

शारीरिक बनावट के मुताबिक पुरुष नसबंदी बेहद सरल और पूरी तरह सुरक्षित है। इसमें महज कुछ मिनट लगते हैं। नसबंदी के दो-तीन दिन बाद पुरुष अपने काम पर भी आराम से जा सकते हैं। इसलिए पुरुष यह न सोचें कि परिवार नियोजन या परिवार की सेहत का ख्याल रखना सिर्फ और सिर्फ महिलाओं का काम है। इसमें वह भी बराबर की जिम्मेदारी निभाएं और महिलाओं व बच्चों को स्वस्थ व खुशहाल बनाने में भागीदार बनें। समुदाय तक इस सन्देश को पहुँचाने और परिवार कल्याण कार्यक्रमों में पुरुषों की सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से ही

# खतरे की घंटी बज रही है?

प्रोफेसर राजकुमार जैन

कल रात दिल्ली में एक साथी की बेटी की शादी की रस्म पूरी होने के बाद, रात के तीसरे पहर में जब मैं होटल से बाहर निकला, तो कसैले धुएं का मेरी नाक और सांस पर असर महसूस हुआ। चारों तरफ, जैसे धुंध के समय होता है, काला ही काला दिखाई दे रहा था। रात को टेलीविजन पर देखा कि ए.क्यू.आई. 500 को पार कर चुका था। इससे पहले बताया गया था कि यह 900 तक की सीमा को छू चुका था।

वायु प्रदूषण के विशेषज्ञ वैज्ञानिक चेतावनी दे रहे हैं कि दिल्ली में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, जैसा कि कोविड महामारी या प्लेग जैसी बीमारियाँ फैलती थीं। आज भी खबरें पढ़ने को मिलती हैं कि गरीब तबके के लोग ठंड से बचने के लिए पक्के कोयले की अंगीठी जलाकर बंद कमरे में सो जाते हैं, जिसके कारण पूरा परिवार उसकी जहरीली हवा से सुबह मृत पाया जाता है।

**सवाल यह है कि इसके लिए कौन जिम्मेदार है?**

दिल्ली के इन खतरनाक हालातों के लिए ज्यादातर दिल्ली वाले ही जिम्मेदार हैं। हिंदुस्तान और दिल्ली की गद्दी पर काबिज दोनों सरकारों के नुमाइंदे बड़े करीने से पोशाक पहनकर टेलीविजन की बहसों में बड़ी चालाकी से वाचाल बनते हुए तरह-तरह के तर्कों और कुतर्कों के माध्यम से एक-दूसरे को इसके लिए जिम्मेदार ठहराते हैं। बाद में अपनी निजी बातचीत में ठहाका लगाकर कहते हैं, 'देखो, मैंने कैसे बाजी पलट दी,' और अपनी महारत का जलवा दिखाते हैं।

"चीन में एक समय दिल्ली जैसी ही खराब आबोहवा थी। लेकिन कई और उपायों के साथ-साथ 'स्मॉग फ्री टावर', जो गंदी हवा को साफ हवा में बदल देता है, लगाकर उन्होंने इस समस्या पर काफी हद तक काबू पा लिया। अब दिल्ली का हाल देखिए। 2021 में, 23 करोड़ रुपये की लागत से दिल्ली में दो 'स्मॉग फ्री टावर'—एक कनॉट प्लेस और दूसरा आनंद विहार में—लगाए गए। उस समय दिल्ली सरकार के मुख्यमंत्री और पर्यावरण विभाग के मंत्री ने इस काम के लिए खुद अपनी खूब तारीफ की थी। लेकिन आज दोनों स्मॉग टावर बंद पड़े हुए हैं। दिल्ली सरकार के मंत्री पहले पंजाब और हरियाणा में पराली जलाए जाने के कारण से आने वाली हवाओं को जिम्मेदार ठहराते थे। लेकिन पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद उनका स्वर बदल गया और अब वे केवल हरियाणा को दोषी ठहराते हैं।

केंद्र की स्मार्ट सिटी योजना के तहत दिल्ली के सबसे ज्यादा प्रदूषित और घनी बस्तियों वाले इलाके, आनंद विहार के पास कड़कड़डूमा मेट्रो स्टेशन के बगल में नई बस्ती बसाई जा रही है। वहां गगनचुंबी इमारतों के ढांचे खड़े हो रहे हैं। आसपास के इलाकों में ट्रैफिक जाम हमेशा लगा रहता है, और आने-जाने के लिए चौड़ी सड़कों की व्यवस्था नहीं है। इस नई बस्ती से सरकार को हजारों करोड़ रुपये की आमदनी तो होगी, लेकिन बस्ती बसने के बाद वहां के हालात कैसे होंगे, इसका कोई अंदाजा नहीं लगाया गया।

"सरकारों की लापरवाही के साथ-साथ हम दिल्ली वाले भी कम जिम्मेदार नहीं हैं। मैं अपने बचपन में बाग-बगीचों के इस शहर में ऊंचे-ऊंचे हरे-भरे दरख्तों, पेड़-पौधों की खुशबू और परिंदों की चहचहाहट सुनता था। लेकिन आज जो हकीकत अपनी आंखों से देख रहा हूं, वह यह है कि निम्न मध्यमवर्गीय घरों में भी कार होना अब घर की शान का प्रतीक बन चुका है। ऊपरी तबके में तो हालत यह है कि घर में तीन लोग हैं, लेकिन चार या पांच कारें हैं। कार पार्किंग के लिए जगह बनाने के उद्देश्य से लोग घर के पास लगे हरे-भरे पेड़ों को रात के अंधेरे में तेजाब डालकर जला देते हैं। कुछ नए अमीरों को पेड़ों से गिरने वाले पत्तों, परिंदों की आवाज या उनके द्वारा गिराई गई गंदगी से इतनी नफरत होती है कि वे पेड़ों की छंटाई के नाम पर उन्हें पूरी तरह नंगा करवा देते हैं।

दिल्ली के किसी भी चौराहे पर खड़े हो जाइए, कारों और मोटरसाइकिलों की लंबी कतारें अपने इंजन चालू रखकर दो-तीन बार सिग्नल हरा होने तक धुआं छोड़ती रहती हैं। सड़कों पर गुजारा करने वाले बेघर गरीब सर्दियों में कूड़ा-कचरा या पुराने टायर जलाकर ठंड से बचने की कोशिश करते हैं। लेकिन दिल्ली वालों के लिए कार और एयर कंडीशनर अब उनके स्टेटस का प्रतीक बन चुके हैं। बेहिसाब एयर कंडीशनरों से निकलने वाली गैस भी पर्यावरण पर अपना असर डाल रही है।

शुरूआती दिनों में यमुना नदी के किनारे बसी बस्तियों में घरों में लगे हैंडपंप से निकला पानी मीठा और ठंडा होता था। यह पानी यमुना नदी के रेत से छनकर जमीन में दो-तीन फीट की गहराई पर ही उपलब्ध हो जाता था। लेकिन अब हालात यह हैं कि पानी की गहराई 60 फीट तक पहुंच चुकी है और वह पीने लायक भी नहीं बचा है। आसपास की फैक्ट्रियों से निकलने वाले जहरीले रसायन नालियों के माध्यम से जमीन में समा जाते हैं और पानी को जहरीला बना रहे हैं।"

"मेरे बचपन में मेरे घर के पास बने कुएं का पानी पीने और अन्य घरेलू कामों के लिए इस्तेमाल होता था। पूरे मोहल्ले के पुरुष और बच्चे वहीं कुएं पर नहाते-धोते थे। कुएं का पानी गर्मियों में ठंडा और सर्दियों में गर्म निकलता था। अब यह परंपरा खत्म हो गई है। कुओं को मलबे से भरकर फर्श बना दिया गया है, और उन्हें कमर्शियल या रिहायशी स्थानों में बदल दिया गया है।

पहले बरसात में चाहे कितनी भी घनघोर बारिश हो, उसका पानी बागों, खेतों और घरों के बाहर की कच्ची सड़कों में समा जाता था। लेकिन अब नए-नए रईस धरती के एक-एक इंच को पक्की तारकोल की सड़कों से ढक रहे हैं, ताकि धूल न उड़े और कार खड़ी करने में कोई दिक्कत न हो। पहले लोग छतों या गली-मोहल्लों में खुले आसमान के नीचे सोते थे। पुरानी दिल्ली में, अगर आप ऊंची छत पर खड़े हो जाते तो दूर-दूर तक छतों पर सोते हुए लोग दिखाई देते थे। अब यह रिवाज खत्म हो गया है, और इसकी जगह कूलर और एयर कंडीशनर ने ले ली है।

दिल्ली-6 की चारदीवारी के भीतर हर गली में अखाड़े बने होते थे, जहां तैराकी संघ बने थे। ये संघ यमुना जी पर जाकर लोगों को तैराकी सिखाते थे। यमुना का पानी तब निर्मल और स्वच्छ बहता था। लेकिन अब, अगर प्रधानमंत्री या दिल्ली का मुख्यमंत्री गलती से उसमें डुबकी लगा ले, तो उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाना पड़ेगा। यमुना में दिल्ली के गंदे पानी के बड़े नाले, जैसे नजफगढ़ नाला, और पूरी दिल्ली की गंदगी बहाई जा रही है।

दिल्ली में इस समय दो चीजों को लेकर सिरफुटव्वल हो रहा है—एक पानी और दूसरा कार पार्किंग। पीने के साफ पानी का इस्तेमाल नवधनाढ्य अपने घरों के लॉन, स्विमिंग पूल, कारों को धोने और अन्य साफ-सफाई के कामों के लिए धड़ल्ले से कर रहे हैं।

"पहले से गहरी बसावट वाले दिल्ली शहर में हर खाली जमीन पर सरकारें नए-नए रिहायशी और कमर्शियल बिल्डिंग खड़ी कर रही हैं। गजब तो यह है कि पहले की बनी सरकारी इमारतों की खाली जमीनों को बेचकर पैसा इकट्ठा किया जा रहा है। दिल्ली में हर साल तकरीबन 2 लाख लोग देश के दूसरे इलाकों से रोजी-रोटी की तलाश में आकर झुग्गी-झोपड़ी, अनाधिकृत कच्ची कालोनियों या सड़कों पर अपना बसेरा बना रहे हैं। दिल्ली शहर के कूड़ा-कचरा रखने के लिए पहाड़ जैसे कूड़े के ढेरों की सड़ांध से भरी हवा, आसपास की बस्तियों को अपनी चपेट में ले रही है।

यह शहर ऊपर से जितना रंगीला है, अंदर उतनी ही गंदगी रोज-ब-रोज पनपती जा रही है। बस गनीमत इतनी है कि बड़े-बड़े आलीशान बंगलों, फार्म हाउसों और अट्टालिकाओं में रहने वाले, हवा को साफ करने के संयंत्र लगाने के बावजूद दिल्ली की उस जहरीली हवा में सांस लेने के लिए मजबूर हैं, जिसे मुसीबत का मारा गरीब आदमी भी लेता है। किसी दिन अचानक गंदी हवा में सांस लेने के कारण मरने वाले हजारों लोगों की फेहरिस्त में गरीबों के साथ-साथ इन साहूकारों और मालदारों के नाम भी शर्तिया तौर पर शामिल होंगे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, **विक्रम राज** द्वारा हाऊस नं. आर-132 ब्लॉक-ए नियर मेन नसीरपुर रोड डाबरी पालम गांव न्यू दिल्ली-110045 से प्रकाशित एवं आर.डी. प्रिंटर्स पब्लिसर प्राइवेट लिमिटेड ए-41 सेक्टर-8 नोएडा-201301 उत्तर प्रदेश से मुद्रित। **सम्पादक : विक्रम राज**
समाचारों के चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदारी। समाचार पत्र में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। न्यायलय संबंधी सभी मामले दिल्ली न्यायालय में ही निपटाए जाएंगे। RNI NO.- DELHIN/2023/86360. Telephone No.-011-49385179

## एक नजर

### पंजाब की चार सीटों पर 63.91 प्रतिशत मतदान

**चंडीगढ़।** पंजाब की चार विधानसभा क्षेत्रों में हुए उपचुनाव के दौरान चार हलकों में जहां 63.91 प्रतिशत मतदान हुआ है। जिन हलकों में चुनाव हुए हैं उनमें गिद्दड़बाहा विधानसभा में सबसे अधिक 81.90 प्रतिशत मतदान हुआ है। बुधवार को हुए मतदान के बाद गुरुवार को राज्य निर्वाचन आयोग ने चारों विधानसभा क्षेत्रों में हुए मतदान की फाइनल रिपोर्ट जारी की है। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार डेराबाबा नानक विधानसभा हलके में 64.01 प्रतिशत मतदान हुआ है। इसके अलावा चब्बेवाल हलके में 53.43 प्रतिशत, बरनाला हलके में 56.34 प्रतिशत मतदान हुआ है। इस बीच निर्वाचन आयोग ने आज अधिकारियों से बातचीत करके मतगणना केंद्रों की तैयारियों का जायजा लिया। डेराबाबा नानक विधानसभा हलके की मतगणना सुखजिंद्र ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूट, चब्बेवाल हलके के लिए रयात एंड बाहरा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट होशियारपुर, गिद्दड़बाहा हलके के लिए गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल गिद्दड़बाहा तथा बरनाला हलके के लिए एसडी कॉलेज ऑफ एजुकेशन बरनाला में मतगणना की जाएगी।

### विज ने एबीवीपी इकाई के नवनियुक्त पदाधिकारियों को दी बधाई

**चंडीगढ़/अंबाला।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की एसडी कालेज में गठित इकाई के नवनियुक्त पदाधिकारियों को गुरुवार को अपने आवास पर बधाई दी एवं आशीर्वाद दिया। श्री विज ने कहा कि उन्होंने अपने राजनीतिक सफर की शुरूआत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से ही की थी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को परिषद के लिये बेहतर कार्य करने का आह्वान किया, ताकि वह आगे बड़े मुकाम हासिल कर सकें। श्री विज से एबीवीपी एसडी कालेज के नवनियुक्त प्रधान बलजिंद्र सिंह, नैंसी उपप्रधान, वंश राणा सचिव, हिमांशु संयुक्त सचिव के अलावा तान्य वर्मा, मुस्कान, नीलेश कुमार, दीपांशु, जयप्रकाश, नीरज, नवदीप, पृथ्वी, सार्थक, युवराज, अनुराग, शबनम, अंजलि, सुचिता और नैंसी ने आशीर्वाद लिया।

### आदमपुर लूट मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब में जालंधर ग्रामीण पुलिस ने आदमपुर में एक मोटरसाइकिल सवार को लूटने के आरोप में तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल, अपराध में इस्तेमाल की गई लोहे की छेनी और पांच स्मार्टफोन बरामद किए। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान जगरावा के कश्मीरी लाल उर्फ गैरी, मंसूरपुर के मनजोत सिंह उर्फ जोता और नोली के राजवीर सिंह उर्फ ज्ञानी के रूप में हुई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) हरकमल प्रीत सिंह खख ने गुरूवार को कहा कि आदमपुर निवासी पीड़ित ओम प्रकाश ने 20 नवंबर को पुलिस को घटना की सूचना दी। उन्होंने कहा कि 16 नवंबर को जब वह अपनी मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे, जब तीन लोगों ने नहर पुल के पास उन्हें रोक लिया। तीनों संदिग्धों ने उस पर हमला किया और मोटरसाइकिल लेकर फरार हो गए। शिकायत के बाद, आदमपुर पुलिस थाना में भारतीय न्याय संहिता अधिनियम की धारा 309 (4) और 61 (2) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपना अपराध कबूल लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल, इस्तेमाल किया गया हथियार और पांच स्मार्टफोन बरामद किए। अधिकारी अन्य अपराधों से संभावित संबंधों की जांच के लिए फोन से कॉल डिटेल खंगाल रही है।

### गांव घलोड़ी में नयी मछली मंडी शुरूः बरसट

**पटियाला।** पंजाब मंडी बोर्ड के अध्यक्ष एवं आम आदमी पार्टी, पंजाब के महासचिव हरचंद सिंह बरसट ने गुरुवार को कहा कि पटियाला में मछली विक्रेताओं की मछली मंडी बनाने की मांग को सरकार की ओर से पूरा कर दिया गया है, जिससे मछली पालकों और कारोबारियों का अब व्यापार करना आसान हो जायेगा। श्री बरसट ने बताया कि पटियाला के घलोड़ी में नयी मछली मंडी बनायी गयी है, जिसे थोक मंडी के रूप में विकसित किया गया है। उन्होंने कहा कि पहले मछली विक्रेताओं के पास व्यापार करने के लिए कोई ठिकाना नहीं था, जहां भी ये कारोबार करते थे, वहां किसी भी तरह की कोई व्यवस्था नहीं होती थी और न ही सफाई होती थी। सड़कों पर मछलियां बेची जाती थीं। सफाई न होने के कारण लोग वहां से गुजरने से भी परहेज करते थे। इस कारण इन्हें हर जगह से हटा दिया जाता था, लेकिन अब इस मछली मंडी के बनने से इन सभी का कारोबार करना आसान हो गया है और शहरवासियों को भी मछली खरीदने के लिए एक साफ जगह मिल गयी है। इससे अब उनके कारोबार में भी वृद्धि होगी और साथ ही मंडी बोर्ड की आमदनी भी बढ़ेगी। श्री बरसट ने बताया कि इस मंडी की कुल विकास लागत 4.12 करोड़ रुपये में से 2.12 करोड़ रुपये पंजाब मंडी बोर्ड और दो करोड़ रुपये मछली पालन विभाग द्वारा खर्च किये गये हैं। यह मंडी पांच एकड़ जमीन पर बनी है, जिसमें से एक एकड़ विकसित क्षेत्र में मार्केट बनायी गयी है। इस मंडी में कुल 20 दुकानें हैं, जिसमें से 10 दुकानें शुरू की जा रही हैं, जबकि बाकी 10 की नीलामी बाकी है। यहां ओवरहेड वॉटर टैंक, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, टॉयलेट ब्लॉक, कार्यालय ब्लॉक, पार्किंग और सड़कों की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। उन्होंने बताया कि बाकी बची चार एकड़ जमीन में रिटेल फिश मार्किट को विकसित करने की योजना है, जिस पर जल्द ही काम शुरू किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मछली मंडी के विकास से मछली पालन उद्योग को प्रोत्साहन मिलेगा और स्थानीय मछली विक्रेताओं के लिए आमदनी के नये अवसर पैदा होंगे।

### लोहियां खास निवासी पर नाबालिग लड़की से बलात्कार का मामला दर्ज



**लोहियन खास (जालंधर)।** पंजाब में जालंधर के लोहियां खास पुलिस ने एक निवासी के खिलाफ नाबालिग लड़की से बलात्कार करने का मामला दर्ज किया है। जांच अधिकारी महिला इंस्पेक्टर चंचल ने गुरुवार को बताया कि आरोपी की पहचान सागर सिंह पुत्र लखविन्द्र सिंह उर्फ जसी निवासी चाचा कॉलोनी लोहियां खास के रूप में हुई है। पीड़िता की मां ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 20 नवंबर की शाम को उसकी पुत्री ने पेट दर्द की शिकायत की तो उसने उसे दवा दे दी और उसे अपनी पुत्री पर शक हुआ। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसने अपनी पुत्री से सख्ती से पूछताछ की तो उसने बताया कि आरोपी के साथ उसके पिछले डेढ़ साल से दोस्ताना संबंध थे। उसने बताया कि आरोपी ने अप्रैल में उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाये और वह गर्भवती हो गयी। जांच अधिकारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 65(1) और यौन अपराधों से बच्चों की रोकथाम अधिनियम की धारा 6 के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

# दिल्ली एनसीआर में कोरियाई शहर बसाने पर विचार करेगी हरियाणा सरकार



**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से गुरुग्राम में कोरिया हेराल्ड और देवू कॉरपोरेशन के अध्यक्ष तथा कोरिया हाउसिंग बिल्डर्स एसोसिएशन के चेयरमैन जंग वोन जू की अगुवाई में आए प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस मौके पर इंटरएक्टिव सेशन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने गुरुवार को कहा कि हरियाणा में कोरियाई व्यवसायों को बढ़ने में सहायता देने के साथ साथ सरकार की ओर से पूरा सहयोग किया जाएगा। इसके अलावा, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के निकटवर्ती क्षेत्र में वर्तमान सरकार उपयुक्त भूमि चिन्हित करने में सहयोग करेगी, जिससे कोरियाई व्यवसायों को बढ़ने में सहायता मिलेगी। इस मौके पर विदेश सहयोग विभाग के मंत्री राव नरबीर सिंह और सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा भी उपस्थित रहे।

बैठक में नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा ने सहयोग के लिए फोकस क्षेत्र जैसे कि ऑटो टेक्सटाइल्स, खाद्य प्रसंस्करण, रियल एस्टेट पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि सिटी टू सिटी प्रोजेक्ट के लिए दक्षिण कोरिया के साथियों का हरियाणा में स्वागत है। शहर-दर-शहर सहयोग के माध्यम से सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने से पारस्परिक लाभ होगा। उन्होंने कहा कि भारत और दक्षिण कोरिया की संस्कृति में बहुत सारी समानताएं हैं। सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रूप से दोनों देश एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। दक्षिण कोरिया और हरियाणा एक दूसरे के लिए बने हैं। हमारा लक्ष्य है कि हरियाणा के विदेश सहयोग विभाग के साथ मिलकर हम हरियाणा को अंतरराष्ट्रीय जगत पर एक नई पहचान दिलाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा गीता की भूमि है। कर्म की भूमि है और भगवान श्रीकृष्ण की धरा है और वे इस पावन धरा पर कोरियन प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि हर वर्ष हरियाणा में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव मनाया जाता है, जिसमें एक देश पार्टनर देश होता है तथा इस बार अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में तंजानिया देश को पार्टनर कंट्री के रूप में जोड़ा है। उन्होंने कोरियन प्रतिनिधिमंडल से आग्रह करते हुए कहा कि दक्षिणी कोरिया के साथ हमारा बहुत पुराना नाता है और हम चाहते हैं कि अगली बार अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में कोरिया भी हमारा पार्टनर देश बने। इससे पहले, कोरियन प्रतिनिधिमंडल और कोरिया हेराल्ड और देवू कॉरपोरेशन के अध्यक्ष तथा कोरिया हाउसिंग बिल्डर्स एसोसिएशन के चेयरमैन जंग वोन जू ने कहा कि वे और उनका प्रतिनिधि मंडल हरियाणा सरकार और मुख्यमंत्री नायब सिंह का आभार व्यक्त करते है, जिन्होंने उन्हें आज यहां पर बुलाकर सम्मान देने का काम किया है। कोरिया हेराल्ड और देवू कॉरपोरेशन के अध्यक्ष जंग वोन जू ने मुख्यमंत्री को हरियाणा में तीसरी बार सरकार बनने पर भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज कोरिया के इस प्रतिनिधिमंडल में 21 रीजनल हेड शामिल हैं, जिनकी कोरिया की हाउसिंग इंडस्ट्री में लगभग 30 प्रतिशत हिस्सेदारी है। उन्होंने बताया कि उनकी एसोसिएशन द्वारा वियतनाम में स्टारलेक सिटी प्रोजेक्ट स्थापित किया जा रहा है और वे चाहते है कि इस परियोजना को आगे बढ़ाते हुए भारत के हरियाणा में लाया जाए। उन्होंने बताया कि कोरियन प्रतिनिधिमंडल द्वारा 22 कंपनियों के 70 डेलीगेट हरियाणा-कोरिया बिजनेस कनेक्ट में उपस्थित होंगे। इस मौके पर जंग वोन जू द्वारा इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का स्वागत और सम्मानित करने के लिए आमंत्रित किया गया, जिसे मुख्यमंत्री ने सहज स्वीकार किया।

## नारायणगढ़ में स्थापित होगी अत्याधुनिक सहकारी चीनी मिलः सैनी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में सहकारिता आंदोलन की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने लोगों से विकसित भारत-विकसित हरियाणा के विजन को साकार करने में सहकारी समितियों से सक्रिय रूप से जुड़ने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री गुरुवार को गुरुग्राम में 71वें राष्ट्रीय सहकारिता सप्ताह के समापन समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि नारायणगढ़ में जल्द ही एक नई अत्याधुनिक सहकारी चीनी मिल स्थापित की जाएगी। इसके अलावा, कुरुक्षेत्र में एक आधुनिक सूरजमुखी तेल पेराई मिल स्थापित की जाएगी और रेवाड़ी में देश की सबसे बड़ी सहकारी सरसों तेल मिल स्थापित की जाएगी। विकसित भारत-विकसित हरियाणा के संकल्प को पूरा करने में सहकारी संस्थाओं की भूमिका पर मुख्यमंत्री ने व्यापक सुझाव दिए, जिनमें स्थानीय उत्पादों की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में पहुंच, किसानों को लाभान्वित करने के लिए फसल भंडारण, प्रसंस्करण और विपणन की सुविधाएं स्थापित करना, महिला स्वयं सहायता समूहों का कौशल विकास और वित्तीय साक्षरता देना शामिल है। उन्होंने युवाओं के लिए कौशल विकास एवं उद्यमिता कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के साथ-साथ परिचालन दक्षता बढ़ाने के लिए डिजिटल भुगतान प्रणाली और ई-गवर्नेंस प्रथाओं को अपनाने का भी आह्वान किया।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार सहकारिता से जुड़े लोगों के कल्याण और उत्थान के लिए समर्पित है। इस प्रतिबद्धता का समर्थन करने के लिए, सहकारी सदस्यों और उनके परिवारों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि विभिन्न प्रकार की सहकारिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लगभग 40 पहल की गई हैं। उन्होंने कहा कि सभी 19 जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों ने राज्यभर में 7 लाख से अधिक किसानों को रुपये किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए हैं। इसके अलावा, गोदाम विकास के लिए 11 पैक्स केंद्रों का चयन किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में समय पर कर्ज की अदायगी करने वालों के लिए ब्याज राहत योजना के तहत 50 प्रतिशत की छूट दी है। अब तक 101 करोड़ रुपये की ब्याज राहत दी जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हैफेड को दुबई और अन्य देशों से बासमती चावल के निर्यात के लिए ऑर्डर मिल रहे हैं, जिसमें 1200 करोड़ रुपये मूल्य का लगभग 1 लाख मीट्रिक टन चावल निर्यात किया गया है। हैफेड ने रेवाड़ी और नारनौल में नई तेल मिलें, साथ ही रादौर में हल्दी का प्लांट भी स्थापित किया है।

## विज्ञान प्रदर्शनी में भावी वैज्ञानिकों ने दिखाई प्रतिभा, हुए सम्मानित



**चंडीगढ़।** पंचकूला के सेक्टर-एक स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग, हरियाणा के तत्वावधान में कॉलेज स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र सिंह सिवाच ने कॉलेज काउंसिल के सदस्यों के साथ इस प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस प्रदर्शनी में रसायन विज्ञान, भौतिकी, मनोविज्ञान, वनस्पति विज्ञान, प्राणि विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, भूगोल और कंप्यूटर विज्ञान विभागों के छात्रों ने एप्लाइड केमिस्ट्री, एप्लाइड इलेक्ट्रॉनिक्स, एप्लाइड बॉटनी, एप्लाइड जूलॉजी, मनोविज्ञान की भूमिका, जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र और एनिमेशन जैसे विषयों पर मॉडल प्रस्तुत किए। भूगोल विभाग के मॉडलों में प्रथम स्थान पाने वाले विशाल और राम ने थिवियल लैंडस्केप मॉडल प्रस्तुत किया।

कंप्यूटर साइंस विभाग से प्रियंशु और शिवम पांडे प्रथम रहे, जिन्होंने ने स्मार्ट कार मॉडल का प्रदर्शन किया। मनोविज्ञान विभाग से प्रथम यशप्रीत और रतनजोत ने इमोशंस की पहचान पर आधारित मॉडल प्रस्तुत किया। युक्ति और दिव्या शर्मा जीवन सेतु ग्रीन लिंक एक्रॉस इंडिया पर आधारित मॉडल प्रदर्शित किया और वनस्पति विज्ञान विभाग के मॉडलों में पहला स्थान बनाया। भौतिकी विभाग से प्रथम छवि और चेतन ने एक्सीडेंट प्रिवेंशन मॉडल प्रस्तुत किया। प्राणि विज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी विभाग से निर्भय और लक्ष्य ने नैनो पार्टिकल्स के माध्यम से अल्जाइमर का इलाज मॉडल प्रस्तुत किया और विभाग में प्रथम रहे।रसायन विज्ञान विभाग से प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले शिवओम और सत्येंद्र ने एयर प्यूरीफिकेशन पर आधारित मॉडल प्रदर्शित किया। प्राचार्य डॉ. नरेंद्र सिंह सिवाच ने इस अवसर पर कहा कि छात्रों की रचनात्मकता और नवाचार को देखकर गर्व की अनुभूति होती है। इस प्रदर्शनी ने न केवल छात्रों के कौशल को मंच दिया है बल्कि उन्हें वैज्ञानिक सोच और सामाजिक समस्याओं के समाधान के लिए प्रेरित भी किया है। कॉलेज हमेशा ऐसे आयोजनों के माध्यम से छात्रों को उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करता रहेगा।

## समाज में प्रत्येक धर्म की सद्भावना, शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व, देश की प्रगति के लिये महत्वपूर्ण हैः मान



**मुबारकपुर (एस.ए.एस. नगर, मोहाली)।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज कहा कि पंजाब सरकार राज्य के विकास और जनता के कल्याण के लिए महान गुरुओं, संतों, महापुरुषों, पीरों-फकीरों और शहीदों के दिखाये मार्ग पर चल रही है।

पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया की उपस्थिति में जैन भगवती दीक्षा महोत्सव के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि एक जननेता के रूप में यह उनका कर्तव्य है कि वे राज्य के हर नागरिक के हितों की रक्षा करें। उन्होंने कहा कि पंजाब एक पवित्र भूमि है, जहां विभिन्न धर्म, भाषायें और सामाजिक वर्गों के लोग शांति और सद्भाव से रहते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, ह्न फूलों के विभिन्न रंग हर किसी की आंखों को सुकून देते हैं, और लोग इन्हें देखने के लिए उत्सुक रहते हैं। इसी प्रकार, हर समाज में प्रत्येक धर्म की सद्भावना और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व, देश की प्रगति के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। जैन समुदाय के साथ अपने पुराने संबंधों को याद करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें हमेशा जैन समुदाय के संतों का आशीर्वाद प्राप्त हुआ है। उन्होंने इस क्षेत्र में एक अत्याधुनिक अस्पताल स्थापित करने के लिये समुदाय को पूरा सहयोग देने की घोषणा भी की। श्री मान ने उम्मीद जताई कि यह अस्पताल पूरे उत्तरी क्षेत्र के लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवायें प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभायेगा।

## सदस्यता अभियान में जुटेंगे सीएम, प्रदेश अध्यक्ष, केंद्रीय मंत्री और विधायक

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने प्रदेश में सदस्यता अभियान के लिए तय किए गए लक्ष्य को पूरा करने के लिए संगठन ने पूरी ताकत झोंक दी है। पार्टी कार्यकताओं के बाद अब प्रदेश अध्यक्ष, मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, सांसद और विधायक, सभी फील्ड में नजर आएंगे। सदस्यता अभियान को और तेज करने के लिए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने सभी जिलों के पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं। सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और कृष्णपाल गुर्जर भी पर्यवेक्षक होंगे। इस बाबत प्रदेश कार्यालय प्रभारी एवं प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया की ओर से पत्र भी जारी किया गया है। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अरविन्द सैनी ने गुरुवार को बताया कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व मंत्री असीम गोयल को कुरूक्षेत्र, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल को करनाल और केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर को फरीदाबाद जिला का पर्यवेक्षक बनाया है। उन्होंने बताया कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री बड़ौली व रविन्द्र जागलान सोनीपत और संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा पंचकूला तथा राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ झज्जर जिला के पर्यवेक्षक होंगे। अरविन्द सैनी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने सांसद कार्तिकेय शर्मा को अंबाला, पूर्व मंत्री कंवरपाल गुर्जर और मदन चौहान को यमुनानगर तथा अशोक गुर्जर को कैथल जिले का पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। इसी तरह प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता को पानीपत, जवाहर सैनी को जींद, पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु को रोहतक, सांसद सुभाष बराला को सिरसा, डा. कमल गुप्ता और प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया को हिसार जिला का पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी ने बताया कि पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, पूर्व मंत्री देवेंद्र बबली को फतेहाबाद, सांसद किरण चौधरी को भिवानी, सांसद धर्मबीर सिंह को दादरी, लक्ष्मण यादव को रेवाड़ी, डा. सुधा यादव और महेश चौहान को गुरुग्राम व नसीम अहमद को नूंह, जगदीश नैयर को पलवल जिला का पर्यवेक्षक प्रदेश अध्यक्ष ने बनाया है। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अरविन्द सैनी ने कहा कि बीजेपी का सदस्यता अभियान संगठन का पर्व है।

## यमुनानगर में एंटी स्मॉग गन पानी का छिड़काव शुरू, वायु प्रदूषण कम करने की कवायद

**यमुनानगर।** शहर में वायु प्रदूषण कम के लिए नगर निगम ने एंटी स्मॉग गन से पानी की बारीक बूंदों का छिड़काव शुरू किया गया। निगम कमिश्नर आयुष सिन्हा ने लघु सचिवालय से इसकी शुरूआत की। इसके बाद एंटी स्मॉग गन को शहर की सड़कों पर रवाना किया गया। नगर निगम ने पहले दिन शहर के मुख्य मार्गों पर एंटी स्मॉग गन से पानी की बारीक बूंदों का हवा में छिड़काव किया।



गुरुवार को नगर निगम कमिश्नर आयुष सिन्हा ने बताया कि एंटी स्मॉग गन की मदद शहर के काफी हद तक वायु प्रदूषण को कम किया जाएगा। ताकि लोगों को सांस लेने में किसी तरह की परेशानी न हो। एंटी स्मॉग गन एक ऐसी तकनीक है जो वायु प्रदूषण को कम करने में मदद करती है। यह गन वायु में मौजूद प्रदूषक तत्वों को हटाने के लिए उपयोग की जाती है। एंटी स्मॉग गन इस तरह का उपकरण है जो नेबुलाइज्ड पानी की बारीक बूंदों का हवा में छिड़काव करता है, जिससे धूल और वायु में मौजूद प्रदूषण के छोटे-छोटे कण अवशोषित होने लगते हैं। लोडिंग वाहन में पीछे की तरफ लगी एंटी स्मॉग गन एक पानी के टैंक से जुड़ी रहती है। एंटी स्मॉग गन को कुछ इस तरह डिजाइन किया गया है कि यह पानी को एक हाई- प्रेशर प्रोपेलर के जरिए 50 से 100 माइक्रोन की छोटी बूंदों वाले एक तेज बौछार में बदल देती है। यह धूल और प्रदूषण के दूसरे कणों को पानी के साथ बांधकर जमीन पर ले आती है। जिससे वायु प्रदूषण का स्तर कम हो जाता है। उन्होंने बतायाकि एंटी स्मॉग गन ट्रक 10 से 15 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से शहर की सड़कों पर दौडेगा। इस दौरान सड़कों के बीच व दोनों तरफ पानी की बौछार की जाएगी। पानी की बौछार करीब 100 फुट की ऊंचाई तक पहुंच सकती है और इसे एक मिनट में करीब 30 लीटर से अधिक पानी का छिड़काव किया जा सकता है।

## हिसारः पुलिस की साइबर सेल ने साइबर ठगी के शिकार नागरिकों के 6 करोड़ से अधिक बचाए

**हिसार।** हिसार पुलिस के साइबर सेल ने पिछले 50 दिनों में नागरिकों से ठगे गए 6 करोड़ 4 लाख 913 रुपए ब्लॉक करवाए हैं। इसके साथ पुलिस ने नागरिकों को साइबर ठगी के प्रति जागरूक भी किया है। पुलिस अधीक्षक शंशाक कुमार सावन ने गुरुवार को कहा कि साइबर ठगी के मामले तेजी से बढ़ते जा रहे है। पुलिस समय समय पर साइबर अपराध से जुड़ी घटनाओं बारे नागरिकों को सतर्क करती रहती है। स्वयं को साइबर अपराध के प्रति जागरूक कर नागरिक साइबर ठगी से बच सकते हैं।

उन्होंने कहा कि ऑनलाइन ठगी के मामले लगातार बढ़ते जा रहे है। ऐप्स और बैंकिंग सिस्टम में सेंधमारी के साथ नागरिकों को भिन्न भिन्न प्रकार के लालच देकर साइबर अपराधी धोखाधड़ी कर रहे है। इस तरह नागरिकों को ठगी से बचाने के लिए केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल तैयार किया है जिसका एक हेल्पलाइन नंबर 1930 भी जारी किया गया है। इस पर नागरिक साइबर क्राइम से संबंधित अपनी शिकायत दे सकते हैं। ऑनलाइन ठगी का शिकार हुआ व्यक्ति जैसे ही हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत देता है, फ्रॉड की जानकारी के आधार पर जिस एकाउंट में पैसा पहुंचा होगा, साइबर क्राइम डेस्क द्वारा उस एकाउंट को फ्रीज कर दिया जाएगा और जिस एकाउंट में आपका पैसा गया है उसका मालिक उसे निकाल नहीं पाएगा। इस पोर्टल और हेल्पलाइन पर दी गई शिकायतों पर पोर्टल अमाउंट को फ्रीज करवाने के बाद शिकायत को संबंधित थाने की साइबर डेस्क पर फारवर्ड कर देता है। पुलिस अधीक्षक शशांक सावन ने कहा कि जिला पुलिस हिसार की साइबर सेल और साइबर थाना ने शिकायतों पर कार्रवाई कर नागरिकों से ठगे गए 6 करोड़ 4 लाख 913 रुपए ब्लॉक करवाए हैं। ब्लॉक करवाई गई धनराशि को वापस पीड़ितों के खाते में भिजवाने की प्रक्रिया जारी है। इसके साथ ही साइबर थाना पुलिस ने साइबर ठगी के आरोपियों की गिरफ्तारी भी सुनिश्चित की है। पुलिस अधीक्षक ने नागरिकों से कहा है कि शेयर बाजार में ट्रेडिंग, फाइल डाउनलोड करवा, टास्क पूरा कर पैसे कमाने, फ्री गिफ्ट, लॉटरी लगना, बीमा पॉलिसी, वाउचर जीतने, लोन, क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने, डिजिटल अरेस्ट, डीलरशिप के लिए संपर्क करे और घर बैठे लाखों कमाए जैसे, केवाईसी व अन्य बैंकिंग कार्यों के लिए आए काल से सावधान रहें, अपने फोन में ऑटोमैटिक डाउनलोड बंद रखें, किसी अंजान नंबर से आए लिंक, व्हाट्सएप काल, वीडियो कॉल को रिसीव न करें।

## एक नजर

### कुख्यात अपराधकर्मी गोलू ठाकुर के रसोइया की बाइक सवार अपराधियो ने गोली मारकर हत्या




**मुजफ्फरपुर,संवाददाता।** मुजफ्फरपुर में सुबह सुबह कुख्यात अपराधकर्मी गोलू ठाकुर के रसोइया की बाइक सवार अपराधियो ने गोली मारकर कर दी है .हत्या जिसके बाद इलाके में मचा है हड़कंप मामले की सुचना प्राप्त होते ही पुलिस मौके पर पहुंच मामले की जांच में जुटी हुई है। बता दें कि पूरा मामला मुजफ्फरपुर जिले के कांटी के पानापुर करियात थाना क्षेत्र के गोदाई फुलकाहा टोले विश्वनाथपुर का है जहा की जितेंद्र साह इसी गांव के रहने वाला कुख्यात अपराध कमी गोलू ठाकुर के यहां काफी दिनों से रह कर खाना बनाने का काम करता था और आज सुबह वह अपने गोलू ठाकुर के घर से पास के ही पुड़िया दुकान पर पुड़िया लेने निकला था। तभी बाइक सवार अपराधियों ने उस पर गोली बरसा दी जिसके बाद गोली लगने से मौके पर ही जितेंद्र साह की मौत हो गई वही सुबह सुबह हुई इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया वही अब इस हत्याकांड को लेकर कई तरह की चर्चा लोगो के बीच हो रही है तो कोई वर्चस्व की बात कह रहा है हालाकी पुरा मामला पुलिस के बयान के बाद ही सामने आ पायेगा लेकिन सुबह सुबह हुई इस घटना के बाद लोगों के बीच कही ना कही दहशत व्याप्त है। वहीं पूरे मामले को लेकर एसएसपी राकेश कुमार ने बताया कि सुबह सुबह बाइक सवार अपराधियो द्वारा एक युवक की गोली मारकर हत्या कर देने की बात सामने आई है पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

### शहीद खुदीराम बोस की प्रतिमा पर भाकपा-माले विधायक दल के नेता ने किया माल्यार्पण



**पूसा,संवाददाता।** कल्याणपुर जाने से पूर्व पूसा प्रखंड के पूसा रोड स्थित शहीद खुदीराम बोस की प्रतिमा पर भाकपा-माले विधायक दल के नेता कॉमरेड महबूब आलम, राज्य स्थायी समिति के सदस्य कॉ. बैद्यनाथ यादव, बेगूसराय के माले जिला सचिव दीवाकर कुमार,भाकपा-माले प्रखंड सचिव अमित कुमार ने माल्यार्पण करने के साथ गरीब- मजदूर, किसान, नौजवानों के आंदोलन को और तेज करने का संकल्प लिया। इस दौरान भाकपा-माले विधायक दल के नेता कॉमरेड महबूब आलम ने कहा कि खुदीराम बोस का नाम देश की आजादी के लिए कम उम्र में अपने प्राण त्यागने वाले देशभक्तों में शामिल है। भारत की आजादी के लिए अंग्रेजों से लोहा लेने वाले खुदीराम बोस, जिन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ आजादी की लड़ाई में महज 18 साल की छोटी-सी उम्र में फांसी का फंदा चूम लिया था। देश की आजादी के लिए 18 साल की उम्र में फांसी के फंदे पर चढ़ने वाले स्वतंत्रता सेनानी खुदीराम बोस की शहादत ने हिंदुस्तानियों में आजादी की जो ललक पैदा की उससे स्वाधीनता आंदोलन को नया बल मिला था। उन्होंने आगे कहा कि खुदीराम को आजादी हासिल करने की ऐसी लगन लगी कि 9वीं कक्षा के बाद पढ़ाई छोड़कर वे स्वदेशी आंदोलन में कूद पड़े थे। इसी क्रांतिकारी जज्बे की बदौलत उनका नाम अमर हो गया।

### मुजफ्फरपुर में एनएच-28 पर मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, जांच में जुटी पुलिस



**मुजफ्फरपुर,संवाददाता।** मुजफ्फरपुर में अहले सुबह NH 28 पर एक अज्ञात व्यक्ति का डेड बॉडी मिला है। शव मिलने से इलाके में मचा हड़कंप मचा हुआ है। घटनास्थल पर लोगो की भीड़ जुट गई, जिसके बाद मामले की सुचना सदर थाने की पुलिस को दी गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच कर डेड बॉडी को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । सदर थाना क्षेत्र के भीखनपुर चौक के समीप का है जहा अहले सुबह लोगो की नजर NH 28 पर पड़े एक डेड बॉडी पर पड़ी जिसके बाद यह खबर पूरे क्षेत्र में आग की तरह फैल गई और देखते ही देखते घटनास्थल पर लोगो की भीड़ जुट गई। हालांकि घटनास्थल मनियारी और सदर थाना के सीमा के समीप का था जिस कारण दोनों थाना की पुलिस मौके पर पहुंची तब पता चला कि सदर थाना क्षेत्र का मामला है जिसके बाद सदर थाना की पुलिस मामले की जांच की वही घटनास्थल पर लोगों के बीच कई तरह के चचाओं का बाजार गर्म है कुछ लोगों का कहना है कि मृतक व्यक्ति स्थानीय नहीं है तो फिर अहले सुबह वह पैदल वहां कैसे पहुंचा तो कुछ लोगो का कुछ और ही कहना है हालांकि पुलिस जांच के दौरान मृतक व्यक्ति की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। वहीं पूरे मामले को लेकर सदर थाना अध्यक्ष अश्मित कुमार से जब हमने बात की तो उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हुई है पुलिस मामले की जांच कर डेड बॉडी को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है फिलहाल मृतक व्यक्ति की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। वहीं पूरा मामला क्या है यह तो पुलिस जांच के बाद ही सामने आ पायेगा।

### अमेरिका में लगे आरोपों के बाद केन्या सरकार ने अदाणी समूह के साथ रद्द किए करार

**नैरोबी।** भारत के उद्योगपति गौतम अदाणी और सात अन्य लोगों पर अमेरिका में लगे आरोपों के बाद केन्या ने अदाणी समूह के साथ हुए उस समझैते को रद्द करने का आदेश दिया है, जिसमें केन्या मुख्य हवाई अड्डे का नियंत्रण भारतीय समूह को सौंपने वाला था। केन्या के राष्ट्रपति विलियम रुटो ने गुरुवार को बताया कि उन्होंने यह फैसला कंपनी के संस्थापक पर अमेरिका में अभियोग लगाए जाने के बाद किया। राष्ट्रपति रुटो ने कहा कि उन्होंने ऊर्जा मंत्रालय के पिछले महीने अदाणी समूह की एक इकाई के साथ विद्युत वितरण लाइनों के निर्माण के लिए 736 मिलियन डॉलर के सार्वजनिक-निजी भागीदारी समझौते जिसकी मियाद 30 वर्ष थी, उसको भी रद्द करने का निर्देश दिया है। केन्या के राष्ट्रपति रुटो ने अपने राष्ट्र के नाम संबोधन में कहा कि मैंने परिवहन मंत्रालय और ऊर्जा व पेट्रोलियम मंत्रालय की एजेंसियों को तत्काल चल रही खरीद प्रक्रिया को रद्द करने का निर्देश दिया है।

# मुखिया को अपराधियों ने गोलियों से किया छलनी, इलाके में हड़कंप



**सीतामढ़ी,सम्वाददाता।** सीतामढ़ी जिले के रीगा थाना क्षेत्र के हरिहरपुर में मोहनपुर से दोस्तपुर के बीच बुधवार की रात पल्सर बाइक एवं स्कॉर्पियो सवार दर्जन भर की संख्या में बदमाशों ने मुखिया मधुरेंद्र कुमार मिश्रा उर्फ मुन्ना मिश्र को गोलियों से भून डाला। गंभीर हालत में उन्हें इलाज के लिए शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। गाड़ी में बगल की सीट पर बैठी उसकी पत्नी और पीछे बैठे कुत्ते को कोई अपराधियों ने कोई हानि नहीं पहुंचाया। मुखिया को गोली लगने के बाद मुखिया की पत्नी ने घर पर फोन कर बेटी को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते हीं मुखिया के परिजन और समर्थक अस्पताल पहुंचे। देखते हीं देखते अस्पताल में मुखिया के समर्थकों से भर गया।

वहीएसपी मनोज कुमार तिवारी ने बताया कि ओवरटेक कर अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया है। घटनास्थल से एक दर्जन की संख्या में खाली खोखा एवं जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। घटना में पिस्टल का प्रयोग किया गया है। मामले में एसटीएफ का गठन कर दिया गया है, रात से ही छापेमारी की जा रही है। सीतामढ़ी के पुलिस अधीक्षक मनोज तिवारी ने कहा कि अपराधियों की गिरफ्तारी 24 घंटे के अंदर की जाएगी। पुलिस बदमाशों को पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही है। जल्दी हीं उन्हें दबोच लिया जाएगा। मिश्र सोनबरसा प्रखंड की कचोर पंचायत के बतौर दूसरी बार मुखिया बने थे। मुखिया के हत्या की जानकारी मिलते ही अफरातफरी का माहौल बन गया वही बड़ी संख्या में मुखिया समर्थक और शुभचिंतक अस्पताल पहुंचे। घटना की जानकारी मिलते ही सदर एसडीपीओ-1 रामकृष्णा व नगर थानाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह दल बल के साथ अस्पताल पहुंचे तथा घटना की जानकारी ली। जानकारी के अनुसार, मुखिया श्री मिश्र अपनी उजले रंग के क्रेटा कार में सवार होकर पत्नी के साथ कचोर गांव स्थित घर से शहर के बसबरिया वार्ड नंबर 25 स्थित घर लौट रहे थे। जिस दौरान उक्त घटना को अंजाम दिया गया। बताया जा रहा है कि हरिहरपुर गांव के पास पहुंचने पर पल्सर बाइक एवं स्कॉर्पियो सवार करीब एक दर्जन की संख्या बदमाशों ने ओवरटेक कार पर ईंट से हमला कर दिया कार रूकते ही बदमाशों ने पिस्टल से अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी मुखिया को पांच गोलियां लगी है, इसमें एक गोली सीने में एक सिर में हाथ ने एवं पेट में दो गोली लगी पत्नी के चिल्लाने पर आसपास के लोग पहुंचे तथा अस्पताल पहुंचाया। मिश्रा के भाई गोपाल मिश्रा ने बताया कि एक बार पहले भी इनपर जानलेवा हमला किया जा चुका है वही घटना स्थल पर से एसपी मनोज कुमार तिवारी ने बताया कि ओवरटेक कर अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया है। घटनास्थल से एक दर्जन की संख्या में खाली खोखा एवं जिंदा कारतूस बरामद किया गया है घटना में पिस्टल का प्रयोग किया गया है। मामले में एसटीएफ का गठन कर दिया गया है रात से ही छापेमारी की जा रही है। सीतामढ़ी के पुलिस अधीक्षक मनोज तिवारी ने कहा कि अपराधियों की गिरफ्तारी 24 घंटे के अंदर की जाएगी. पुलिस बदमाशों को पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही है। जल्दी हीं उन्हें दबोच लिया जाएगा।

## ऑस्ट्रेलिया और भारत ने सैन्य विमानों के लिए हवा से हवा में ईंधन भरने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए

**वियनतियाने (लाओस)।** ऑस्ट्रेलिया और भारत ने रॉयल ऑस्ट्रेलियाई वायु सेना (आरएएएफ) और भारतीय सशस्त्र बलों को हवा से हवा में ईंधन भरने में सक्षम बनाने के लिए एक व्यवस्था पर हस्ताक्षर किए हैं। यह जानकारी ऑस्ट्रेलियाई रक्षा मंत्रालय के एक बयान में दी गई है। इसके अनुसार रक्षा उद्योग और क्षमता वितरण मंत्री पैट कॉनरॉय एमपी और भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को द्विपक्षीय चर्चा के दौरान इस व्यवस्था की घोषणा की।

इस व्यवस्था के तहत आरएएएफ का हवा से हवा में ईंधन भरने वाला विमान केसी-30ए मल्टी-रोल टैंकर ट्रांसपोर्ट भारतीय सशस्त्र बलों के विमानों में ईंधन भरने में सक्षम होगा। बयान में कहा गया है कि वायु सेना के उप प्रमुख, एयर वाइस मार्शल हार्वे रेनॉल्ड्स, एएम ने 19 नवंबर को नई दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया-भारत एयर स्टाफ वार्ता में व्यवस्था पर हस्ताक्षर किए। रेनॉल्ड्स ने व्यवस्था का स्वागत करते हुए कहा कि यह ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच रक्षा संबंधों को मजबूत करता है। रेनॉल्ड्स ने कहा कि भारत ऑस्ट्रेलिया के लिए शीर्ष स्तरीय सुरक्षा साझेदार है और हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से हम व्यावहारिक और ठोस सहयोग को प्राथमिकता देना जारी रख रहे हैं, जो सीधे हिंद-प्रशांत क्षेत्र की स्थिरता में सहयोगी होगा। भारतीय सशस्त्र बलों के साथ हवा से हवा में ईंधन भरने की क्षमता हमारी अंतर-संचालन क्षमता को बढ़ाती है और हमें विभिन्न परिदृश्यों में अधिक प्रभावी ढंग से सहयोग करने में सक्षम बनाती है। यह व्यवस्था भारत के साथ हमारे संबंधों में एक महत्वपूर्ण कदम है और हमारे कर्मियों को एक साथ मिलकर काम करने, ज्ञान और विशेषज्ञता साझा करने और विश्वास और समझ बनाने के लिए मूल्यवान अवसर प्रदान करेगी। बयान में रेनॉल्ड्स के हवाले से कहा गया। आरएएएफ भारतीय नौसेना के पी-81 नेप्च्यून निगरानी विमान के साथ प्रशिक्षण और जुड़ाव गतिविधियां भी संचालित करता है। बयान के अनुसार इस व्यवस्था पर हस्ताक्षर केसी-30ए द्वारा पी-81 में ईंधन भरने की दिशा में पहला कदम है, जिससे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत की पहुंच और दृढ़ता बढ़ेगी। उधर, राजनाथ सिंह ने लाओ पीडीआर के वियनतियाने में 11वीं आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक (एडीएमएम)-प्लस के मौके पर कॉनरॉय से मुलाकात की। गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा, "एडीएमएम प्लस के दौरान ऑस्ट्रेलियाई रक्षा मंत्री पैट कॉनरॉय से मिलकर खुशी हुई।

## डीएम ने गया के सभी सरकारी अस्पतालों का किया औचक निरीक्षण

### अधिकारियों को दिए निर्देश



**गया,संवाददाता।** जिला प्रशासन सरकारी अस्पतालों में प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। दवाओं की उपलब्धता, डॉक्टरों की नियमित उपस्थिति और स्वच्छ अस्पताल वातावरण सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम ने सभी सरकारी अस्पतालों, सीएचसी और पीएचसी का औचक निरीक्षण किया। गया जिले में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाने के लिए जिला प्रशासन लगातार प्रयासरत है। इसी क्रम में, जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम ने जिले के सभी सरकारी अस्पतालों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) और उपस्वास्थ्य केंद्रों (एपीएचसी) का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम ने चिकित्सक और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के उपस्थिति की जांच की। डीएम ने ओपीडी और आईपीडी में उपस्थित मरीजों से उनकी समस्याओं और अस्पताल में मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम ने सुनिश्चित किया कि अस्पताल में सभी आवश्यक दवाएं उपलब्ध रहें। जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम ने पैथोलॉजी जांच की सुविधा और उसकी गुणवत्ता का आकलन किया। साथ हीं अस्पताल परिसर की साफ-सफाई और स्वच्छता का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे निरीक्षण रिपोर्ट 24 घंटे के भीतर प्रस्तुत करें। इस रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी ताकि जिले के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

## बिहार में ट्रेन हादसा, दिल्ली दरभंगा एक्सप्रेस की बोगी पटरी से उतरी



**पटना,संवाददाता।** बिहार में एक बड़ा ट्रेन हादसा हुआ है बक्सर झदिल्ली-दरभंगा स्पेशल का एक डिब्बा पटरी से उतर गया है। पनियाहवा नरकटियागंज रेलखंड के भैरोगंज हरिनगर स्टेशन के बिच पर ट्रेन नम्बर 04068 का एक बोगी पटरी से उतर गई । जिससे यात्रियों में हड़कंप मच गया, हालांकि गनीमत रही किसी तरह का जान माल का नुकसान नहीं हुआ। मौके पर रेल प्रशासन और स्थानीय अधिकारी पहुंच गए है और मामले की जांच कर रहे है। दिल्ली-दरभंगा स्पेशल का एक डिब्बा पटरी से उतर गया है। बगहा के पनियाहवा नरकटियागंज रेलखंड के भैरोगंज हरिनगर स्टेशन के बिच पर ट्रेन नम्बर 04068 का एक बोगी पटरी से उतर गई । पनियाहवा-नरकटियागंज रेलखंड पर ट्रेन हादसा हुआ है जिससे भैरोगंज-हरिनगर के बीच ट्रेन का परिचालन बाधित हो गया है ट्रेन में सवार सभी यात्री घबरा गए। बोगी में बैठे यात्रियों के बीच अफरातफरी मच गई।

दुर्घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। राहत और बचाव कार्य कार्य जारी है। वहीं भैरोगंज-हरिनगर के बीच ट्रेन का परिचालन बाधित हो हया है । हालाकि अप लाइन से ट्रनों आवाजाही जारी है।

घटना की सूचना मिलते ही रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल पर बारीकी से जांच की। उच्च अधिकारी को जांच रिपोर्ट भेजने की बात उन्होंने कही। पनियाहवा के पास दिल्ली-दरभंगा स्पेशल का एक डिब्बा पटरी से उतर गया है, राहत और बचाव कार्य जारी है।

## चलते ऑटो में महिला से छेड़छाड़,बचने के लिए लगाई छलांग



**जहानाबाद,संवाददाता।** सूबे में महिलाएं सुरक्षित नहीं है! ऑटो में सवार होकर घर जा रही एक महिला से मनचलों ने छेड़छाड़ शुरू कर दी। अपनी इज्जत बचाने के लिए महिला ने ऑटो से छलांग लगा दी। चलती ऑटो से गिरने की वजह से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है, जिसका इलाज चल रहा है। घटना जहानाबाद -काको रोड में हाजीपुर गांव के पास हुई महिला हुलासगंज थाना क्षेत्र की रहने वाली हैं। मंगलवार रात वो ऑटो में सवार होकर अपने घर जा रही थीं। ऑटो में कुछ मनचले पहले से ही सवार थे । रात के समय में महिला को अकेला पाकर वो महिला से छेड़खानी करने लगे। महिला ने विरोध किया तो बदमाश मारपीट करने लगे। इससे घबड़ा कर महिला ने ऑटो रोकने को कहा तो ड्राइवर ने ऑटो की स्पीड बढ़ा दी। घबड़ाई औरत ने आटो से छलांग लगा दी, जिससे वह गंभीर रुप से् घायल हो गई। महिला का सिर फट गया। घायल महिला को आसपास के लोगों ने इलाज के लिए नदियांवा गांव के पास क्लीनिक में भर्ती कराया और तत्काल 112 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आकर महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया और स्वजन को सूचना दी। महिला जहानाबाद स्टेशन से ऑटो पर सवार होकर काको जा रही थी। ऑटो सवार कुछ युवकों ने मेरे साथ छेड़छाड़ करने की कोशिश की। घटना की सूचना मिलने पर महिला के परिजन सदर अस्पताल पहुंचे। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## नेपाल : प्रधानमंत्री के चीन भ्रमण से पहले बीआरआई पर सत्तारूढ़ दलों के बीच सहमति जुटाने का प्रयास



**काठमांडू।** प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली के प्रस्तावित चीन भ्रमण से पहले सत्तारूढ़ दलों के बीच बेल्ट एंड रोड इनिसिएटिव (बीआरआई) कार्यान्वयन समझौते पर हस्ताक्षर करने को लेकर सत्तारूढ़ दल नेपाली कांग्रेस और एमाले के बीच जारी जुबानी जंग को बंद करने और इस पर सहमति जुटाने का प्रयास किया जा रहा है। नेपाल की ओली सरकार के सत्तारूढ़ घटक दल नेपाली कांग्रेस के कई नेताओं द्वारा बीआरआई के कार्यान्वयन समझौते पर हस्ताक्षर किए जाने के प्रस्ताव का विरोध किया है। कांग्रेस के अधिकांश नेताओं ने सार्वजनिक बयान देते हुए चीन के ऋण जाल में फंसाने वाला कोई कदम नहीं उठाए जाने की नसीहत दी है। पिछली सरकार में विदेश मंत्री रहे कांग्रेस के नेता एन पी साउद ने कहा कि इस गठबंधन के बनते ही नेपाली कांग्रेस की पदाधिकारी की बैठक में बीआरआई के ऋण को स्वीकार नहीं किए जाने का निर्णय किया था और पार्टी को उस पर अडिग रहना चाहिए।

इसी तरह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डा शेखर कोइराला, पार्टी के महामंत्री गगन थापा, पार्टी प्रवक्ता प्रकाश शरण महत सरीखे नेता ने भी खुल कर बीआरआई को आगे बढ़ाने के किसी प्रस्ताव का विरोध किया है। इन सभी नेताओं का कहना है कि चीन पहले अपने पुराने वादे को पूरा करे। साथ ही नेपाल को चीन से किसी प्रकार का ऋण नहीं लेने की बात पर पार्टी के फैसले में कोई बदलाव नहीं होने की बात भी कह रहे हैं। इसी बीच प्रधानमंत्री की पहल पर नेपाली कांग्रेस के पार्टी सभापति शेर बहादुर देउवा, सरकार की विदेश मंत्री डा आरजू राणा, गृह मंत्री रमेश लेखक सहित पार्टी के दोनों महामंत्री गगन थापा और विश्व प्रकाश शर्मा को अपने निवास के बुलाकर इस विषय पर कोई बीच का रास्ता अपनाते हुए सहमति जुटाने का आग्रह किया है। इस बैठक में प्रधानमंत्री ओली के अलावा उनके प्रमुख सलाहकार विष्णु रिमाल, वित्त मंत्री विष्णु पौडेल, एमाले पार्टी के महामंत्री शंकर पोखरेल की भी मौजूदगी रही। करीब 6 घंटे तक चली इस बैठक के बाद कांग्रेस के महामंत्री गगन थापा ने कहा कि प्रधानमंत्री ओली के तरफ से बीआरआई के तहत न्यून ब्याज पर ऋण लेने की बात स्वीकार करने के लिए सहमति जुटाने का आग्रह हुआ है। थापा ने बताया कि दोनों दलों के नेताओं से इस संबंध में किसी भी प्रकार के बयानबाजी से बचने के लिए कहा गया है। गगन थापा ने कहा कि बीआरआई के कारण इस गठबंधन के टूटने या सरकार गिरने की कोई संभावना नहीं है। क्योंकि दोनों दलों के बीच कोई न कोई समझदारी बन लिया जाएगा। एमाले पार्टी के प्रवक्ता प्रदीप ज्ञवाली ने कहा कि बीआरआई के प्रारंभिक समझौते पर हस्ताक्षर करते समय नेपाली कांग्रेस की ही सरकार थी और अभी सबसे अधिक विरोध उनके तरफ से ही किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जिस ग्रांट की बात कर रही है वह भी नेपाल के लिए आवश्यक होगा तब ही लिया जाएगा।

## बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण को अतीत से सबक लेने की जरूरत: टोबी कैडमैन

**ढाका।** बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) में अंतरिम सरकार के नवनियुक्त विशेष अभियोजक सलाहकार टोबी कैडमैन ने अतीत के न्यायिक फैसलों पर बड़ी टिप्पणी की है। उन्होंने अतीत की गलतियों से सबक लेने के महत्व पर जोर दिया। ढाका से छपने वाले अखबार प्रोथोम अलो के अनुसार कैडमैन ने बातचीत में अपनी राय रखी।

उन्होंने कहा कि आगामी मुकदमों में राजनीतिक हस्तक्षेप और पुराने हिसाब-किताब के निपटारे के लिए कोई जगह और समय नहीं होना चाहिए। अभियोजन पक्ष के फैसले केवल और केवल सबूतों पर आधारित होने चाहिए। उनमें प्रतिशोध या राजनीतिक लाभ की बू नहीं आनी चाहिए। ब्रिटेन के अंतरराष्ट्रीय आपराधिक कानून विशेषज्ञ कैडमैन ने कहा कि न्यायाधिकरण को नियंत्रित करने वाले कानून और प्रक्रिया के नियमों में महत्वपूर्ण बदलाव की आवश्यकता है। यह इसलिए जरूरी है कि ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अपराधों की परिभाषा को उचित रूप से व्यक्त किया गया है और निष्पक्ष सुनवाई की गारंटी बरकरार रखी गई है। उन्होंने कहा कि क्या बदलाव करने की जरूरत है, इस पर वह मजबूत सलाह देने से पीछे नहीं हटेंगे। कैडमैन को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने सोमवार को अपना विशेष अभियोजक सलाहकार नियुक्त करने का फैसला किया था। कल सलाहकार परिषद की बैठक में फैसले को मंजूरी दी गई। महत्वपूर्ण यह है कि बांग्लादेश में 16 जुलाई से 5 अगस्त के बीच प्रदर्शनकारियों और अन्य लोगों की मौत से जुड़े मानवता और नरसंहार के खिलाफ अपराधों के लिए पूर्व अवामी लीग सरकार के 13 राजनेताओं और आठ वरिष्ठ अधिकारियों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों का कहना है कि तीन सप्ताह की अवधि में लगभग 1,500 लोग मारे गए। यह सभी मामले बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण को देखना है।

# अमेरिका में गौतम अडाणी पर रिश्वतखोरी का आरोप, ग्रुप की कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट

## अमेरिका में गौतम अडाणी और सागर अडाणी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंटी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अडाणी ग्रुप के प्रमुख गौतम अडाणी एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। अमेरिका में उन पर अरबों डॉलर की रिश्वतखोरी में शामिल होने और निवेशकों को धोखा देने का आरोप लगाया गया है। इन आरोपों की अमेरिकी कोर्ट में प्राथमिक सुनवाई हुई। इसके बाद गौतम अडाणी और उनके भतीजे सागर अडाणी के खिलाफ गिरफ्तारी का वारंट जारी किया गया है। इन आरोपों के बाद अडाणी ग्रुप की लिस्टेड कंपनियों के शेयरों में आज जबरदस्त गिरावट दर्ज की गई। ग्रुप की अलग-अलग कंपनियों के शेयर 10 से लेकर 23 प्रतिशत तक टूट गए।



गौतम अडाणी, उनके भतीजे सागर अडाणी और एक अन्य पर अमेरिकी प्रॉसिक्यूटर्स ने आरोप लगाया गया है कि अडाणी ग्रुप ने सोलर एनर्जी का कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने के लिए भारतीय अधिकारियों को रिश्वत दी थी। अमेरिकी सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (एसईसी) की ओर से बनाए गए मामले में कहा गया है कि गौतम अडाणी, सागर अडाणी और अन्य ने झूठे और भ्रामक बयानों के जरिए अमेरिकी निवेशकों और ग्लोबल फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशंस से फंड जुटाए और इस फंड का इस्तेमाल रिश्वतखोरी में किया। आरोप में कहा गया है कि अडाणी की ओर से करीब 265 मिलियन डॉलर की रिश्वत दी गई। ये आरोप विदेशी व्यापार सौदों में रिश्वतखोरी रोकने के लिए बनाए गए अमेरिकी कानून विदेशी भ्रष्ट आचरण अधिनियम के तहत आते हैं।

न्यूयॉर्क के ब्रुकलिन में दाखिल किए गए अभियोग में गौतम अडाणी और सागर अडाणी के अलावा विनीता एस जैन के नाम शामिल किए गए हैं। इस मामले में आपराधिक आरोप होने के साथ ही अमेरिकी सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन ने एक सिविल केस भी दाखिल किया है। अडाणी ग्रुप पर इलेक्ट्रॉनिक सबूत मिटाने के साथ जस्टिस डिपार्मेंट, सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन और एसबीआई को गुमराह करने का आरोप भी लगाया गया है।

अडाणी ग्रुप के खिलाफ ये आरोप ऐसे समय पर आए हैं जब ये ग्रुप अमेरिकी शॉर्ट सेलर फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट से लगे झटकों के बाद काफी हद तक उबर चुका है। हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा आरोप लगाए जाने के बाद ग्रुप की वित्तीय स्थिति पर काफी असर पड़ा था लेकिन उसके बाद से अडाणी ग्रुप ने अपने कर्ज में काफी कटौती की है। अगस्त 2024 में ही अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस ने अपने कर्ज को घटाने और पावर इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में इन्वेस्टमेंट करने के लिए क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट(क्यूआईपी) के जरिए करीब एक अरब डॉलर का फंड जुटाया था। इसी तरह अडाणी ग्रुप ने 2025 की शुरूआत में अडाणी ग्रीन एनर्जी और अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस के डॉलर बॉन्ड जारी करके 1.5 अरब डॉलर जुटाने की भी योजना बनाई थी। इस रकम का इस्तेमाल भी कर्ज चुकाने में ही किया जाना था। हालांकि अमेरिकी प्रॉसिक्यूटर्स द्वारा आरोप लगाए जाने के बाद अडाणी ग्रुप ने अपने प्रस्तावित बॉन्ड को वापस ले लिया है।

अमेरिकी प्रॉसिक्यूटर्स द्वारा लगाए गए आरोपों के बाद अडाणी ग्रुप की लिस्टेड कंपनियों के शेयरों में आज भूचाल आया हुआ है। ग्रुप की ज्यादातर कंपनियों के शेयर 10 प्रतिशत से लेकर 20 प्रतिशत तक टूट चुके हैं। खासकर, अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस का शेयर 20 प्रतिशत की गिरावट के साथ 697.25 रुपये के स्तर पर पहुंच कर लोअर सर्किट में आ गया है। इसी तरह अडाणी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने भी आज लगभग 23 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2172.5 के स्तर को छू लिया था।

# एनवीडिया को एआई से जबरदस्त लाभ, 35.1 बिलियन डॉलर राजस्व वृद्धि की हासिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी एनवीडिया ने 27 अक्टूबर को समाप्त अपनी तीसरी तिमाही के लिए 35.1 बिलियन डॉलर के मजबूत परिणाम की जानकारी दी, जो पिछली तिमाही से 17 प्रतिशत और एक साल पहले की तुलना में 94 प्रतिशत अधिक है।

एनवीडिया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में अग्रणी रही है, जिसने एनवीडिया को 3.6 ट्रिलियन डॉलर से अधिक के बाजार पूंजीकरण के साथ दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनी बना दिया है।

एनवीडिया के संस्थापक और सीईओ जेन्सन हुआंग ने कहा, 'एआई का युग उफान पर है, जो एनवीडिया कंप्यूटिंग की ओर वैश्विक बदलाव को बढ़ावा दे रहा है।

हॉपर (ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिटमाइक्रोआर्किटेक्चर) और




ब्लैकवेल चिप की जबरदस्त मांग बनी हुई है, जो अविश्वसनीय है।'

तीसरी तिमाही में 94 प्रतिशत राजस्व वृद्धि के बावजूद, यह आंकड़ा लगातार चौथी तिमाही के लिए कम है, जो पिछली तीन तिमाहियों में 122 प्रतिशत, 262 प्रतिशत और 265 प्रतिशत बढ़ा है।

चौथी तिमाही के लिए, कंपनी को उम्मीद है कि बिक्री 37.5 बिलियन डॉलर से 2 प्रतिशत कम या ज्यादा होगी। एनवीडिया 27 दिसंबर को सभी शेयरधारकों को 0.01 डॉलर प्रति शेयर का अपना अगला तिमाही नकद लाभांश देगा।

हुआंग ने कहा, 'एआई हर उद्योग, कंपनी और देश को बदल रहा है। एंटरप्राइस वर्कफ्लो में क्रांति लाने के लिए एआई को अपना रहे हैं। फिजिकल एआई में सफलताओं के साथ इंडस्ट्रियल रोबोटिक्स निवेश बढ़ रहे हैं और देश अपने राष्ट्रीय एआई और बुनियादी ढांचे को विकसित करने को लेकर जागरूक हो गए हैं।'

ग्राफिक्स चिप दिग्गज के शेयर बुधवार (यूएस समय) को मामूली रूप से 145.89 डॉलर पर बंद हुए। डेटा सेंटर का राजस्व रिकॉर्ड 30.8 डॉलर बिलियन था, जो पिछली तिमाही से 17 प्रतिशत और एक साल पहले से 112 प्रतिशत अधिक था।

कंपनी ने कहा कि गेमिंग और एआई पीसी का राजस्व 3.3 बिलियन डॉलर रहा, जो पिछली तिमाही से 14 प्रतिशत और एक साल पहले से 15 प्रतिशत अधिक है। ऑटोमोटिव और रोबोटिक्स का राजस्व 449 मिलियन डॉलर रहा, जो पिछली तिमाही से 30 प्रतिशत और एक साल पहले से 72 प्रतिशत अधिक है।

# भारत में आर्थिक गतिविधियों की विकास दर अक्टूबर में 8 महीने के उच्चतम स्तर पर रही : रिपोर्ट

**मुंबई, एजेंसी।** भारत की आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि दर अक्टूबर में आठ महीने के उच्चतम स्तर 10.1 प्रतिशत पर रही, जो कि सितंबर में 6.6 प्रतिशत थी। यह जानकारी गुरुवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई।

क्रेडिट रेटिंग एजेंसी आईसीआरए की रिपोर्ट में बताया गया कि वृद्धि दर में बढ़त की वजह मानसून समाप्त होने के कारण खनन और बिजली उत्पादन सेक्टर में तेजी, फेस्टिव सीजन में रेफ्रिजरेटर, ईंधन की खपत, वाहनों का पंजीकरण, एयर ट्रैवल और निर्यात में बढ़ोतरी होना है। रिपोर्ट में कहा गया कि नवंबर के शुरूआती आंकड़े उत्साहजनक प्रतीत होते हैं, जिसमें आधार-प्रभाव के कारण बिजली की मांग में वृद्धि और वाहन पंजीकरण में हुई त्योहारी वृद्धि शामिल है।

आर्थिक गतिविधि में वृद्धि 16 संकेतकों में से 10 में सुधार के कारण हुई है। आईसीआरए के 'बिजनेस एक्टिविटी मॉनिटर' में अक्टूबर में मासिक आधार पर 9.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो अक्टूबर 2023 में देखी गई 6.5 प्रतिशत की वृद्धि से अधिक है, जो आंशिक रूप से त्योहारी सीजन की जल्दी शुरूआत के कारण हुआ।

वाहन पोर्टल के डेटा के मुताबिक, 1 से 18 नवंबर के बीच प्रतिदिन औसत 1,08,400 वाहनों का पंजीकरण हुआ है, जो कि नवंबर 2023 के प्रतिदिन औसत पंजीकरण 96,400 यूनिट (पिछला उच्चतम स्तर) और अक्टूबर 2024 के प्रतिदिन औसत पंजीकरण 92,000 यूनिट से अधिक है। 13 नवंबर को समाप्त हुए त्योहारी सीजन में मांग बढ़ने के कारण पंजीकरण की संख्या में बढ़ोतरी देखी गई है।

आईसीआरए का मानना है कि महीने के अंत तक दैनिक औसत पंजीकरण सामान्य हो जाएगा।

# रुपया शुरूआती कारोबार में 84.42 पर स्थिर

## रुपया मंगलवार को भी अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.42 पर बंद हुआ था

**मुंबई, एजेंसी।** रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.42 पर स्थिर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कमजोर अमेरिकी मुद्रा से स्थानीय मुद्रा को समर्थन दिया गया, लेकिन विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी से इस पर दबाव पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.41 प्रति डॉलर पर खुला, जिसके बाद शुरूआती सौदों में 84.42 प्रति डॉलर पर पहुंचा। रुपया मंगलवार को भी अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.42 पर बंद हुआ था। विदेशी मुद्रा बाजार महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बुधवार को बंद रहे। छह प्रमुख मुद्राओं के खिलाफ अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दशार्ने वाला डॉलर सूचकांक 0.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 106.49 पर रहा, जबकि अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.22 प्रतिशत की बढ़त के साथ 72.97 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) पिछले कारोबारी सत्र में बिकवाल रहे और उन्होंने शुद्ध रूप से 3,411.73 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। सार्वजनिक क्षेत्र में भी अच्छे दिनों की आशा है, देश की अर्थव्यवस्था में सुधार के आसार हैं, जबकि विदेशी मुद्रा कारोबार में रुपया खुलने से देश को भी फायदा हो सकता है। इस समय कच्चे तेल के बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच और विदेशी मुद्रा कारोबार में रुपया की सुस्ती, देश के आर्थिक संकेतों पर सभी की नजरें हैं।

# भारतीय एमएसएमई सेक्टर ने 15 महीने में सृजित किए 10 करोड़ रोजगार के अवसर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकारी पोर्टल उद्यम के मुताबिक, भारतीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) द्वारा देश में बीते 15 महीनों में 10 करोड़ के करीब रोजगार के अवसर सृजित किए गए हैं।

आंकड़ों के मुताबिक, पंजीकृत एमएसएमई की संख्या पिछले साल अगस्त में 2.33 करोड़ थी, जो अब बढ़कर 5.49 करोड़ हो गई है, जबकि इस अवधि के दौरान इन उद्यमों में नौकरियों की संख्या 13.15 करोड़ से बढ़कर 23.14 करोड़ हो गई है।

कुल रोजागार में उद्यम सर्टिफिकेशन के माध्यम से सरकार के पास पंजीकृत 2.38 करोड़ आनौपचारिक सूक्ष्म यूनिट्स द्वारा 2.84 करोड़ रोजगार के अवसर पैदा किए गए हैं। वहीं, महिलाओं




के लिए 5.23 करोड़ रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं।

कुल पंजीकृत उद्यमों में से 5.41 करोड़ सूक्ष्म उद्यम, 7.27 लाख लघु उद्यम और 68,682 मध्यम उद्यम शामिल है। बजट में सरकार की ओर से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को प्राथमिकता दी गई है, क्योंकि वे बड़ी संख्या में देश में रोजगार के अवसर पैदा कर सकते हैं।

केंद्रीय बजट 2024-25 में एमएसएमई मंत्रालय को 22,137.95 करोड़ रुपये आवंटित किए गए, जो पिछले वित्त वर्ष से 41.6 प्रतिशत अधिक है। बजट में एमएसएमई को समर्थन देने के लिए कई पहल शामिल हैं, जिसमें बिना कुछ गिरवी रखे या तीसरे पक्ष की गारंटी के बिना मैन्युफैक्चरिंग एमएसएमई को टर्म लोन प्रदान करने की एक नई योजना भी शामिल है।

सरकार द्वारा एमएसएमई को सपोर्ट करने के लिए मुद्रा लोन की सीमा को 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये कर दिया गया है। बजट में एमएसएमई के डिजिटाइजेशन पर भी फोकस किया गया है। केवल 6 प्रतिशत एमएसएमई ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर सक्रिय रूप से बिक्री कर रहे हैं।

बजट के दौरान वित्त मंत्री ने कहा था कि एमएसएमई के लिए मशीनरी और उपकरणों की खरीद के लिए बिना कुछ गिरवी रखे और बिना गारंटी के टर्म लोन की सुविधा के लिए एक नई योजना शुरू की जाएगी। यह गारंटी फंड 100 करोड़ रुपये तक की गारंटी प्रदान करेगा।

# नवोन्मेष को बढ़ावा देने के लिए एक लाख करोड़ रुपये के कोष का उपयोग करे उद्योग: गोयल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को उद्योग जगत से देश में नवोन्मेष को बढ़ावा देने और अनुसंधान-आधारित परिवेश बनाने के लिए अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (एएनआरएफ) के तहत एक लाख करोड़ रुपये के कोष का उपयोग करने को कहा।

गोयल ने उद्योग मंडल फिक्की की 97वीं वार्षिक आम बैठक और सम्मेलन में यह भी उम्मीद जताई कि भारत को अनुसंधान एवं विकास परिवेश विकसित करने में मदद करने की सरकार की पहल से उद्योग के लोगों की रुचि बढ़ेगी।

मंत्री ने कोष प्राप्त करने की प्रक्रियाओं को परिणाम उन्मुख बनाने और समय के लिहाज से कुशल बनाने के लिए सुझाव भी



मांगे।

गोयल ने लोगों की जरूरतों को पूरा करने और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए नवोन्मेष को बढ़ावा देने और उद्योग के साथ सहयोग के लिए उद्योग-शैक्षणिक-सरकारी भागीदारी का हिस्सा बनने को लेकर निजी क्षेत्र के संस्थानों को लाने की वकालत की।

उन्होंने कहा, 'इस पूंजी (एएनआरएफ) के साथ और अगर हम इसे जल्दी से उपयोग कर सकते हैं, तो मैं आपको भरोसा दिलाता हूं, सरकार अतिरिक्त कोष से पीछे नहीं हटेगी।'

गोयल ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के तहत डिजिटल इंडिया, प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना सौभाग्य, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई), आयुष्मान भारत जैसी अन्य पहल की गईं।

स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) पहल के तहत स्कूलों और कॉलेजों में शौचालय बनाये जाने से बच्चों के भविष्य पर बड़ा सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इससे भारत की विकास गाथा बढ़ेगी।

गोयल ने उद्योग जगत से अधिक सक्रिय भूमिका निभाने और अनुपालन बोझ को कम करने और व्यवसायों के लिए नुकसानदायक कानूनों को अपराधमुक्त करने के अपने एजेंडा में सरकार के साथ मिलकर काम करने का आग्रह किया।

# शेयर बाजार में गिरावट के साथ क्लोजिंग; सेंसेक्स 422 अंक टूटा, निफ्टी 23350 के नीचे

**मुंबई, एजेंसी।** वैश्विक स्तर से मिले मिश्रित संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर अधिकांश समूहों और विशेषकर अडानी समूह की कंपनियों में हुयी बिकवाली के कारण आज शेयर बाजार फिर से लाल निशान में बंद हुये। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 422.59 अंक गिरकर 77155.79 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 168.60 अंक फिसलकर 23349.90 अंक पर आ गया। इसी तरह से छोटी और मझौली कंपनियों में भी बिकवाली देखी गयी। बीएसई का मिडकैप 0.37 प्रतिशत उतरकर 44467.99 अंक पर और स्मॉलकैप 0.67 प्रतिशत लुढ़ककर 52141.15 अंक पर रहा। बीएसई में अधिकांश समूहों में बिकवाली देखी गयी। इसमें सर्विसेज में सबसे अधिक 4.14 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी। इसके साथ ही यूटिलिटी 3.16 प्रतिशत, कमोडिटी 1.55 प्रतिशत, तेल एवं गैस 1.45 प्रतिशत, पावर 1.34 प्रतिशत, एफएमसीजी 1.36 प्रतिशत, एनर्जी 1.44 प्रतिशत शामिल है। बढ़त में रहने वालों में रियलटी 1.07 प्रतिशत, आईटी 0.36 प्रतिशत, हेल्थकेयर 0.11 प्रतिशत, फोक्सड आईटी 0.49 प्रतिशत, टेक 0.32 प्रतिशत शामिल है। रिश्वत देने के आरोपों से अमेरिका में घिरे अडानी समूह की कंपनियों में भी भारी बिकवाली देखी गयी। सेंसेक्स में शामिल अडानी पोर्ट्स में 13.53 प्रतिशत की गिरावट हुयी। वैश्विक स्तर पर मिश्रित रूख देखा गया जिसमें ब्रिटेन का एफटीएसई 0.04 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.07 प्रतिशत की बढ़त में रहा जबकि जापान का निक्केई 0.85 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 0.53 प्रतिशत और जर्मनी का डैक्स 0.06 प्रतिशत की बढ़त में रहा।

## एक नजर

### सीतारमण से मिले कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, कृषि ऋण सीमा बढ़ाने का आग्रह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने बृहस्पतिवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की और उनसे वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अल्पावधि कृषि ऋण (एसएओ) की सीमा बढ़ाने को हस्तक्षेप का आग्रह किया। नॉर्थ ब्लॉक में हुई बैठक में मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा प्रस्तावित ऋण आवंटन में भारी गिरावट पर भी प्रकाश डाला, जिसने राज्य की 9,162 करोड़ रुपये की आवेदन सीमा के मुकाबले केवल 2,340 करोड़ रुपये ही स्वीकृत किए है। यह पिछले वर्ष के 5,600 करोड़ रुपये की तुलना में 58 प्रतिशत कम है। सिद्धरमैया ने विस्तृत जानकारी देते हुए इस बात पर जोर दिया कि कर्नाटक का लक्ष्य 2024-25 में 35 लाख किसानों को 25,000 करोड़ रुपये का अल्पकालिक कृषि ऋण वितरित करना है। 2023-24 में राज्य पहले ही सहकारी ऋण ढांचे के माध्यम से 22,902 करोड़ रुपये वितरित कर चुका है। राज्य सरकार के अनुसार, एसएओ ऋण सीमा में भारी कटौती से कृषि सहयोग में काफी बाधा आ सकती है और संभावित रूप से खाद्यान्न उत्पादन बाधित हो सकता है। नाबार्ड ने इस कमी का कारण भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से मिलने वाली सामान्य ऋण सीमा में कमी को बताया है। कर्नाटक में अनुकूल मानसून की स्थिति से किसान अपनी कृषि गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए ऋण वितरण में वृद्धि का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। सिद्धरमैया ने सीतारमण से अनुरोध किया कि वह नाबार्ड और आरबीआई को अल्पावधि कृषि ऋण सीमा पर पुनर्विचार करने और उसे बढ़ाने का निर्देश दें। कर्नाटक के शहरी विकास मंत्री बिरथी सुरेश और कृषि मंत्री चेलुवरायस्वामी भी मुख्यमंत्री के साथ मौजूद रहे।

### अब दिल्ली-एनसीआर में भी बिकेगा कर्नाटक का 'नंदिनी' दूध, दही और छाछ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने बृहस्पतिवार को दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) के बाजार में कर्नाटक दुग्ध संघ (केएमएफ) के 'नंदिनी' ब्रांड के दूध उत्पादों को पेश किया। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पैर जमाने के लिए नंदिनी के उत्पादों के दाम प्रतिस्पर्धियों की तुलना में कुछ कम रखे गए हैं। सहकारी संस्था शुक्रवार से गाय के दूध से बने चार प्रकार के उत्पाद, दही और छाछ की खुदरा बिक्री करेगी। इनकी कीमतें प्रतिस्पर्धी होगी और यह मदर डेयरी और अमूल जैसी स्थापित कंपनियों को टक्कर देगी। गाय का दूध 56 रुपये प्रति लीटर, फुल क्रीम दूध 67 रुपये प्रति लीटर, मानकीकृत दूध 61 रुपये प्रति लीटर, टोंड दूध 55 रुपये प्रति लीटर और दही 74 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बेचा जाएगा। सिद्धारमैया ने उत्पादों को पेश करने के बाद संवाददाताओं से कहा, 'हमारे पास राज्य में अतिरिक्त दूध है। केएमएफ मांड्या मिल्क यूनियन के साथ मिलकर दिल्ली-एनसीआर में प्रतिदिन तीन-चार लाख लीटर अतिरिक्त दूध का विपणन करेगा।' केएमएफ फिलहाल प्रतिदिन 100 लाख लीटर दूध एकत्रित करता है, जिसमें से स्थानीय खपत 60 लाख लीटर है। इससे नए बाजारों में विस्तार के लिए 40 लाख लीटर का अतिरिक्त दूध बच जाता है। हालांकि, मुख्यमंत्री ने 2,500 किलोमीटर से अधिक दूरी तक दूध पहुंचाने की चुनौतियों को स्वीकार किया, जिसमें 50-54 घंटे लगते हैं। उन्होंने कहा कि अतिरिक्त दूध के लिए नए बाजार तलाशने की जरूरत है और धीरे-धीरे केएमएफ दिल्ली-एनसीआर में प्रतिदिन पांच-छह लाख लीटर दूध बेचने में सक्षम हो जाएगा। केएमएफ के चेयरमैन एल बी पी भीमनायक ने भरोसा दिलाया कि परिवहन के दौरान दूध की गुणवत्ता बरकरार रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि केएमएफ ने बिक्री को सुविधाजनक बनाने के लिए दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में 40 विक्रेताओं के साथ पहले ही साझेदारी कर ली है।

### हुंदै मोटर इंडिया अपने चेन्नई कारखाने में दो नवीकरणीय ऊर्जा संयंत्र लगाएगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हुंदै मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) तमिलनाडु में अपनी वाहन विनिर्माण इकाई में दो नवीकरणीय ऊर्जा संयंत्र स्थापित करेगी। एचएमआईएल ने बृहस्पतिवार को कहा कि यह 2025 तक विनिर्माण परिचालन में 100 प्रतिशत नवीकरणीय बिजली का इस्तेमाल करने की कंपनी की नीति के अनुरूप है। एचएमआईएल ने बयान में कहा कि कंपनी ने अपनी नवीकरणीय ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए 75 मेगावाट सौर संयंत्र और 43 मेगावाट पवन ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के उद्देश्य से फोर्थ पार्टनर एनर्जी लिमिटेड (एफपीईएल) के साथ एक बिजली खरीद और शेयरधारक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी ने कहा कि ये सुविधाएं समूह के खुद के इस्तेमाल के तहत संचालित होंगी, जिसमें इंजीनियरिंग, खरीद, निर्माण, परिचालन और रखरखाव के लिए एक विशेष इकाई (एसपीवी) का गठन किया जाएगा। इस परियोजना में एचएमआईएल की 26 प्रतिशत और एफपीईएल की 74 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी होगी। कंपनी ने कहा कि इस दीर्घकालिक समझौते से एचएमआईएल को 25 साल तक अक्षय ऊर्जा की आपूर्ति सुनिश्चित होगी। कंपनी ने कहा, 'इस साझेदारी के तहत एचएमआईएल तमिलनाडु में इन अक्षय ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना के लिए 38 करोड़ रुपये का निवेश करेगी।' एचएमआईएल के पूर्णकालिक निदेशक और मुख्य विनिर्माण अधिकारी गोपालकृष्णन चतपुरम शिवरामकृष्णन ने कहा, 'यह साझेदारी हुंदै मोटर इंडिया लिमिटेड की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और पर्यावरण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। एफपीईएल के साथ हमारा सहयोग हमें 2025 तक आरई 100 बेंचमार्क हासिल करने में मदद करेगा।'

### चालू साल के पहले नौ माह में भारत ने जोड़ी 16.4 गीगावाट की सौर क्षमता : मेरकॉम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने इस साल जनवरी-सितंबर के दौरान 16.4 गीगावाट सौर क्षमता जोड़ी है। अमेरिकी शोध कंपनी मेरकॉम कैपिटल ने अपनी हालिया रिपोर्ट में कहा कि यह लंबित परियोजनाओं के चालू होने के कारण सालाना आधार पर 167 प्रतिशत की वृद्धि है। रिपोर्ट के अनुसार, देश में पिछले साल समान अवधि में 6.2 गीगावाट सौर क्षमता जोड़ी गई थी। रिपोर्ट 'भारत सौर बाजार अपडेट' में कहा गया, 'वर्ष, 2024 के पहले नौ माह (जनवरी-सितंबर) में भारत में कुल 16.4 गीगावाट की सौर परियोजनाएं जोड़ी गईं, जो 2023 की समान अवधि के आंकड़े 6.2 गीगावाट की तुलना में 167 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि है। पहले से विलंबित कई परियोजनाओं के चालू होने से 2024 के पहले नौ महीनों में क्षमता वृद्धि में योगदान मिला।' रिपोर्ट के अनुसार, जुलाई-सितंबर की अवधि में 3.5 गीगावाट सौर क्षमता जोड़ी गई, जो पिछले साल की समान अवधि से 78 प्रतिशत अधिक है। सितंबर, 2024 तक भारत की कुल स्थापित सौर क्षमता 89.1 गीगावाट रही है, जिसमें ग्रिड से जुड़ी परियोजनाओं का योगदान 86 प्रतिशत से अधिक है। छत पर स्थापित सौर ऊर्जा का योगदान लगभग 14 प्रतिशत है। भारत की स्थापित बिजली क्षमता में सौर ऊर्जा की हिस्सेदारी करीब 20 प्रतिशत और कुल स्थापित अक्षय ऊर्जा क्षमता में 44 प्रतिशत से अधिक है। राजस्थान, गुजरात और कर्नाटक कुल स्थापित व्यापक सौर क्षमता के मामले में शीर्ष तीन राज्य हैं। साल 2024 के पहले नौ महीनों में, 57.6 गीगावाट की निविदाओं की घोषणा की गई, जो किसी भी वर्ष की नौ महीने की अवधि के दौरान अबतक सबसे अधिक है।



# हेल्थ का आईना पैर

**अगर चेहरा मनुष्य के चरित्र का आईना है, तो आपके पैर स्वास्थ्य का आईना। अरे, यह हम नहीं, बल्कि मेडिकल साइंस कह रहा है। मेडिकल साइंस के अनुसार पैरों से व्यक्ति की सेहत की जानकारी ली जा सकती है।**



पैरों से मिलने वाले संकेतों को पहचान कर समय रहते विभिन्न बीमारियों का पता लगाया जा सकता है, इसलिए अगर पैर स्वस्थ रहेंगे तो आप भी स्वस्थ रहेंगे। आइए जानते हैं पैरों के कुछ ऐसे लक्षण जो देते हैं संकेत-

## पैरों का ठंडा पड़ना

पैरों का ठंडा पड़ना थॉयराइड के कारण हो सकता है। 40 साल से ज्यादा उम्र की महिलाओं के पैर ठंडे होने का मतलब थॉयराइड ग्लैंड का कम एक्टिव होना है। महिलाओं का बॉडी टेम्प्रेचर पुरुषों की तुलना में कम होता है।

## पैरों का फटना

ज्यादातर प्रेग्नेंट महिलाओं को पैर फटने या जलन की शिकायत रहती है। सही तरीके की एक्सरसाइज न करने या शरीर में पानी की कमी से पैर फटते हैं। अगर ऐसा बार-बार होता है तो शरीर में कैल्शियम, पोटेशियम या मैग्नेशियम की कमी हो सकती है। इससे बचने के लिए बैलेंस डाइट लेनी जरूरी है। जहां तक हो सके आप ज्यादा से ज्यादा पानी पीएं।

## पदार्थों की कमी बताए नाखून

पैरों के नाखूनों से शरीर में मौजूद पदार्थों की कमी का पता लगाया जा सकता है। कोई भी समस्या अकसर शरीर में किसी कमी की निशानी होती है। नाखूनों का सफेद होना शरीर में कैल्शियम की कमी की निशानी है। पीलापन हीमोग्लोबिन की कमी का संकेत है। ऐसे में नाखून टूटने भी लगते हैं।

## सुन्न पड़ना

अगर पैर सुन्न पड़ते हों या सुई चुभने जैसा कुछ अहसास हो तो यह पैरीफेरल नर्वस सिस्टम डैमेज होने का संकेत हो सकता है। डायबिटीज के कारण या ज्यादा नशा करने से ऐसा हो सकता है। थोड़ी-सी लापरवाही भी बड़ा रूप ले सकती है। इसलिए समय रहते ही डॉक्टर से चेकअप करवाएं, ताकि आगे किसी भी परेशानी से बच सकें।

### याद रखें

- पैरों को स्वस्थ रखने के लिए प्रॉपर एक्सरसाइज करें।
- ज्यादा से ज्यादा पानी या फ्रूट जूस लें।
- कैल्शियम की कमी होने पर कैल्शियम की गोलियां लें।
- पैरों को प्रॉपर ढंककर रखें।
- नंगे पैर कहीं भी न जाएं।
- पैरों की एड़िया जैसे ही फटें, उन पर क्रेक क्रीम जरूर लगाएं।





# आंख में कैमरा

**अभी तक आपने फिल्मों में ऐसे हीरो देखे होंगे, लेकिन यह एक हकीकत है। गोलीकांड में अपनी एक आंख गंवा चुके ब्रिटिश फिल्म निर्माता रॉब स्पेंस ने आंख की जगह कैमरा फिट करा लिया है। इस कैमरे में वे सारी चीजें रिकॉर्ड होती हैं, जो वह देखते हैं।**

स्काई न्यूज से बातचीत में रॉब ने कहा, यह उतना आसान नहीं, लेकिन इंजीनियरों को मेरी आंख के लिए कैमरा बनाने में काफी मजा आया होगा। रॉब की आंख में लगे कैमरे में ठीक उसी तरह की तकनीक का प्रयोग गया है, जिस तरह एक वायरलेस माइक्रोफोन ट्रांसमीटर होता है। यह यंत्र उनके दिमाग से नहीं जुड़ा है और सिर्फ रिकॉर्डिंग करता है। रॉब्स को ह्यूमन रिवोल्यूशन नामक वीडियो गेम बनाने वाली कंपनी ने एक वृत्तचित्र बनाने का जिम्मा सौंपा है। यह वृत्तचित्र वर्ष 2027 तक ऐसे मनुष्यों की कल्पना को चित्रित करेगा, जो आधे मानवीय गुणों से युक्त हैं और आधे मशीनी हैं। रॉब कहते हैं कि तकनीक तो विकसित है ही और भविष्य में इस क्षेत्र के लिए अनंत संभावनाएं हैं। लोग कहते हैं कि कोई स्वयं का हाथ काटकर उसे बदल नहीं सकता, लेकिन अगर तकनीक किसी को शानदार कृत्रिम हाथ देने में सफल रहती है तो लोग इसके बारे भी में सोचना शुरू कर देंगे।

# कैंसर दूर भगाएगी फूलगोभी

**फूलगोभी खाइए और कैंसर को दूर भगाइए। अरे भई यह हम नहीं, बल्कि ब्रिटिश वैज्ञानिकों का कहना है। उन्होंने पता लगाया है कि फूलगोभी की एक खास किस्म कैंसर और दूसरी जानलेवा बीमारियों को दूर भगाती है।**



26 साल की कड़ी मेहनत के बाद इस नतीजे पर पहुंचे यूनिवर्सिटी ऑफ ईस्ट एंग्लिया के वैज्ञानिकों का दावा है कि इससे कैंसर पर काबू पाया जा सकेगा। वहां एक खास प्रजाति की फूलगोभी की खेती की जाती है। इटली से लाई गई कुछ फूलगोभियों से इनकी ब्रीडिंग शुरू की गई है और इससे आखिरकार फूलगोभी की नई वैरायटी विकसित की गई, जो दिल की बीमारी से भी लड़ सकती है। फूलगोभी में ग्लूकोरैफैनिन की प्रचुर मात्रा होती है, जो कई दवाओं से ज्यादा कारगर है।

# कम खाओ ज्यादा जिओ

**यह यकीन करने वाली बात नहीं है, लेकिन सच है। एक अध्ययन से पता चला है कि जहां औसत भोजन करने से शरीर सुडौल और स्वस्थ रहता है, वहीं जो कम खाते हैं, उनकी उम्र ज्यादा खाने वालों की अपेक्षाकृत अधिक होती है।**



ब्रिटिश वैज्ञानिकों के अनुसार, जानवरों पर किए गए एक अध्ययन से पता चला है कि जो जानवर सिर्फ जीने के लिए पर्याप्त आहार पर निर्भर रहते हैं, उनका जीवन चक्र काफी लंबा होता है। अध्ययन के लिए जानवरों को दो वर्गों में बांटा गया था। इसके बाद दिए गए अलग-अलग आहारों के आधार पर उनका अवलोकन किया गया। इस प्रक्रिया से वैज्ञानिकों ने पाया कि जिन जानवरों को लो-कैलोरी फूड दिया गया, उनकी जीवन अवधि ओवर इटिंग करने वाले जानवरों से ज्यादा रही। इस अनुसंधान के आधार पर माना गया कि यदि जानवरों में इस तरह के गुण पाए जा सकते हैं, तो इंसानों पर भी डाइट का असर अवश्य होगा।

# हाई हील पहनकर ड्रिंक खतरनाक

**वैसे तो महिलाओं को विशेषकर युवतियों को हाई हील पहनने का बड़ा शौक होता है। यह जहां आपके फैशन में चार-चांद लगाते हैं, वहीं आपके लिए मुसीबत का द्वार भी खोल देते हैं। विशेषज्ञों की मानें तो हाई हील पहनकर ड्रिंक करना बेहद खतरनाक हो सकता है।**

आजकल मल्टीपल फ्रैक्चर के केस उन महिलाओं में ज्यादा देखे जा रहे हैं, जो हाई हील पहनकर ड्रिंक करती हैं। हाई हील से होने वाला यह फ्रैक्चर इतना खतरनाक होता है कि इलाज के बाद भी मरीज दौड़ने में असमर्थ होता है। विशेषज्ञों के मुताबिक हाई हील के कारण आपका पूरा शरीर जमीन से 8 इंच की दूरी पर हवा में रहता है। इससे बैक बोंस पर जोर पड़ता है और वह टेढ़ी हो जाती है। एक रिपोर्ट के अनुसार ज्यादातर महिलाओं को फ्रैक्चर हील पहनकर गिरने से होता है। यह घटना उन महिलाओं में ज्यादा देखी जा रही है, जो शराब का सेवन कर हाई हील पहनकर चलती हैं और वह ज्यादातर 20 साल से कम उम्र की पेशेंट होती हैं। चोट लगने के बाद ठीक होने में उन्हें छह महीने का समय लग जाता है। शौक के तौर पर हाई हील पहना जा सकता है, लेकिन ड्रिंक करने के बाद इसे पहनने से बचें। क्योंकि ड्रिंक करने के बाद शारीरिक संतुलन बिगड़ जाता है और गिरने की आशंका बढ़ जाती है।



**डेविस कप फाइनल्सः**

# कनाडा को हराकर जर्मनी सेमीफाइनल में



**मैलागा (स्पेन), एजेंसी।** जान-लेनार्ड स्ट्रफ और डैनियल अल्टमायर ने अपने-अपने मैच जीते, जिससे जर्मनी ने कनाडा को 2-0 से हराकर बुधवार को डेविस कप फाइनल्स के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जर्मनी ने 2019 के बाद पहली बार क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई और कनाडा को आसानी से हराया।

अल्टमायर ने शुरुआत में घबराहट से उबरते हुए गैब्रियल डायलो को सीधे सेटों में 7-6(5) 6-4 से हराया, इससे पहले स्ट्रफ ने किसी तरह डेनिस शापोवालोव के खिलाफ रोमांचक मुकाबले को 4-6 7-5 7-6(5) से जीत लिया। स्ट्रफ ने कहा, आज मुझे लगता है कि दोनों खिलाड़ी जीत के हकदार थे। लेकिन मैं अंत में जीत हासिल करके खुश हूं। डेनिस शानदार खेल रहे थे, उन्होंने पूरे मैच में बेहतरीन सर्विस की। वापसी करना मुश्किल था। टाईब्रेक में भी, उन्होंने कुछ विनर्स लगाए। यह बहुत करीबी मुकाबला था। इस जीत ने जर्मनी और नीदरलैंड के बीच सेमीफाइनल मुकाबले की नींव रखी, जब डच ने स्पेन को हराकर मंगलवार रात राफेल नडाल के टेनिस करियर को खत्म कर दिया।

स्ट्रफ पुराने खेल प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ खेलने को लेकर उत्साहित थे। उन्होंने कहा, यह अद्भुत होगा। हमारे लिए क्वार्टर फाइनल से सेमीफाइनल में जाना एक बड़ा कदम है। हम जीतना चाहते हैं और अब फाइनल में जाना चाहते हैं। जर्मन स्टार ने कहा, नीदरलैंड ने शानदार मुकाबला खेला। हमें कड़े मुकाबले की उम्मीद है। हम जानते हैं कि जर्मन और डच के बीच थोड़ी प्रतिद्वंद्विता है और डच लोगों के पास अद्भुत प्रशंसक हैं, इसलिए मैं इसका बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।

शापोवालोव को एक ऐसे प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ़ चूके मौकों का अफसोस होगा, जिसने 2022 में इस प्रतियोगिता में तीसरे सेट के टाईब्रेक में भी उन्हें हराया था। कनाडाई खिलाड़ी कई बार अजेय रहे, उन्होंने 27 ऐस और 24 विनर्स लगाए। लेकिन उन्होंने डबल फॉल्ट के साथ 13 फ्री पॉइंट भी गंवाए, जिसमें मैच को अपने प्रतिद्वंद्वी को सौंपने का तोहफा भी शामिल है।

इससे पहले, शुरुआती मैच में, पहले सेट के दौरान दोनों खिलाड़ी आशंकित दिखे। अल्टमायर ने टाईब्रेक में 5-0 की बढ़त को जाने दिया और फिर 7-5 से जीत हासिल की। दूसरा सेट बेहतर रहा और यह तभी संभव हुआ जब जर्मन खिलाड़ी ने 15-40 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए दसवें गेम में कनाडाई खिलाड़ी की सर्विस तोड़ी और मैच जीत लिया।

# बुमराह और कमिंस मिलकर रचेंगे अनोखा कीर्तिमान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** क्रिकेट के इतिहास में पहला टेस्ट मैच साल 1877 में मेजबान ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच मेलबर्न में खेला गया था। इस मैच के बाद से 147 साल का वक्त बीत चुका है। इस दौरान एक से बढ़कर एक टेस्ट मैच खेले जा चुके हैं।

अब पर्थ में भारत और मेजबान ऑस्ट्रेलिया 22 नवंबर को एक दूसरे से भिड़ने के लिए तैयार हैं। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 के पहले मैच का आगाज भारतीय समयानुसार सुबह 7 बजकर 50 मिनट पर शुरु होगा। इस मैच में जैसे ही टॉस होगा तो क्रिकेट में अनोखा रिकॉर्ड बन जाएगा। दरअसल, भारतीय टीम पहले टेस्ट मैच में कप्तान रोहित शर्मा के बिना ही उतरेगी। रोहित शर्मा अभी भारत में ही हैं और परिवार के साथ समय बिता रहे हैं। ऐसे में पर्थ में टीम इंडिया की कप्तानी का जिम्मा तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह संभालेंगे। पर्थ टेस्ट में जब जसप्रीत बुमराह कल सुबह टॉस के लिए ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस के साथ मैदान में उतरेंगे तो मैदान पर एक अद्भुत नजारा देखने को मिलेगा। इस तरह बुमराह और कमिंस मिलकर टेस्ट में अनोखा कीर्तिमान रच देंगे।




### टेस्ट क्रिकेट में बनेगा अनोखा रिकॉर्ड

टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में ऐसा बहुत ही कम देखने को मिला है जब एक टेस्ट मैच में दोनों ही टीमों की कप्तानी तेज गेंदबाजों ने संभाली हो। अब पर्थ में ये बड़ा करिश्मा होने जा रहा है जब दोनों ही टीमों के कप्तान तेज गेंदबाज होंगे। जसप्रीत बुमराह और पैट कमिंस दोनों ही तेज गेंदबाज हैं। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में अब तक सिर्फ 5 बार ऐसा हुआ है जब एक टेस्ट मैच में दोनों ही कप्तान तेज गेंदबाज रहे हैं।

## कोहली पर ऑस्ट्रेलिया में दबाव भारत की तुलना में कम होगा : मार्क वॉ



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज मार्क वॉ ने कहा कि विराट कोहली पर ऑस्ट्रेलिया में खेलने का दबाव भारत की तुलना में कम होगा, क्योंकि दाएं हाथ के इस बल्लेबाज को ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियां पसंद हैं और उनका ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रिकॉर्ड शानदार है। कोहली खराब फॉर्म के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया पहुंचे।

उन्होंने अपनी दस हालिया टेस्ट पारियों में 20.62 की औसत से रन बनाए, जो ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट में उनके 54.08 के औसत और उनके कुल करियर औसत 47.83 से काफी कम है। लेकिन ऑस्ट्रेलिया में अपने कुछ ऐतिहासिक शतक लगाने और 2018/19 में भारत को यहां 2-1 से सीरीज जिताने के बाद, 22 नवंबर से पर्थ स्टेडियम में शुरू होने वाली आगामी पांच मैचों की सीरीज में उनसे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद है।

### कमिंस ने पुष्टि की कि पर्थ टेस्ट में मार्श निश्चित रूप से गेंदबाजी के लिए उपलब्ध रहेंगे



**पर्थ, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने पुष्टि की है कि मिशेल मार्श भारत के खिलाफ पहले बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट में गेंदबाजी की जिम्मेदारी संभालेंगे, साथ ही उन्होंने कहा कि शुक्रवार से पर्थ स्टेडियम में ऑलराउंडर कितनी गेंदबाजी कर सकते हैं, इस पर कोई सीमा नहीं होगी।

कमर के निचले हिस्से में स्ट्रेस फ्रैक्चर सर्जरी के कारण कैमरून ग्रीन की अनुपस्थिति में, एक ऑलराउंडर के रूप में मार्श की भूमिका, जो सीम गेंदबाजी के कुछ ओवर दे सकते हैं, इस महत्वपूर्ण श्रृंखला से पहले ऑस्ट्रेलिया के लिए एक बड़ा मुद्दा बन गया है। मार्श ने मई के बाद से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में केवल चार ओवर गेंदबाजी की है, जब उन्हें हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण दिल्ली कैपिटल्स के लिए आईपीएल 2024 अभियान से बाहर होना पड़ा और उन्होंने वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के लिए खेले गए शेफील्ड शील्ड मैचों में भी गेंदबाजी नहीं की। ठीक है, वह निश्चित रूप से गेंदबाजी करने के लिए उपलब्ध है, वह एक ऑलराउंडर है। जिस तरह से हम चार गेंदबाज़ों को तैयार किया गया है, हम वास्तव में एक ऑलराउंडर को ढेर सारी गेंदबाजी करने के लिए बजट नहीं दे सकते। इसलिए मुझे लगता है कि (मार्श गेंदबाजी) प्रत्येक पारी में कुछ स्पैल या ऐसा ही कुछ करेंगे।

कमिंस ने गुरुवार को प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, लेकिन वह खेलने के लिए तैयार है। वह इस सप्ताह वास्तव में अच्छी गेंदबाजी कर रहा है। उसका शरीर बहुत अच्छा है, पिछले कुछ समय से यह सबसे अच्छा है। हमने कभी किसी पर ऊपरी सीमा नहीं लगाई। वह खेलने के लिए तैयार है और जितनी ज़रूरत है उतनी गेंदबाजी करने के लिए तैयार है।

उन्होंने यह भी बताया कि कैसे शीर्ष क्रम के बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन, जिन्होंने सीम गेंदबाजी के लिए लेग-स्पिन को छोड़ दिया है, अपने शेफ़ील्ड शील्ड मैचों में 33.2 ओवर गेंदबाजी करने के बाद पर्थ टेस्ट में गेंदबाजी करने के लिए उत्सुक हैं। वह हमेशा गेंद से प्रभावित करने की कोशिश करता है, जो कि शानदार है। उसे गेंदबाजी करना पसंद है। उसने क्वींसलैंड के लिए कुछ उपयोगी ओवर फेंके हैं। जाहिर है, उसके पास लेग स्पिन है, उसने पहले भी थोड़ी ऑफ स्पिन गेंदबाजी की है, और फिर इस साल उसने तेज गेंदबाजी की है।

### कप्तानी को एक पद नहीं, जिम्मेदारी के रूप में देखता हूंः जसप्रीत बुमराह



**पर्थ, एजेंसी।** जसप्रीत बुमराह को हमेशा से जिम्मेदारी लेना और चुनौतियों का सामना करना पसंद है और यही वजह है कि आस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट में भारतीय टीम की कप्तानी को लेकर वह रोमांचित हैं। इंग्लैंड के खिलाफ 2022 के एडबस्टन टेस्ट के बाद वह दूसरी बार रोहित शर्मा की गैर मौजूदगी में कप्तान होंगे।

उन्होंने पहले टेस्ट से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'मैं कप्तानी को एक पद के तौर पर नहीं देखता। मुझे हमेशा से जिम्मेदारियां उठाना पसंद रहा है। मैं बचपन से कठिन काम करने का शौकीन रहा हूं। कठिन हालात में काम करना मुझे पसंद है और यह एक नयी चुनौती है। उन्हें पता है कि यह जिम्मेदारी एक टेस्ट के लिए ही है लेकिन इससे इनकार नहीं है कि वह भविष्य में कप्तानी करना चाहेंगे। बुमराह ने कहा, 'स्वाभाविक है कि रोहित को मैं नहीं बोलूंगा कि मैं कर लेता हूं।

**चाईना मास्टर्स बैंडमिंटनः**

# लक्ष्य-सिंधू और मालविका चाइना मास्टर्स के दूसरे दौर में, पीवी की बुसानन पर 20वीं जीत

**शेनजेन (चीन), एजेंसी।** पुरुष वर्ग में लक्ष्य ने मलयेशिया के सातवे वरीय ली जि जिया पर 57 मिनट में 21-14, 13-21, 21-13 की जीत से ओलंपिक कांस्य पदक मुकाबले में मिली हार का बदला चुकता किया। दुनिया की 19वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू की विश्व रैंकिंग में 11वें स्थान पर काबिज बुसानन के खिलाफ 21 मुकाबलों में सिंधू की 20वीं जीत थी।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू सहित लक्ष्य सेन और फॉर्म में चल रही मालविका बंसोड़ ने बुधवार को यहां अपने मुकाबले जीतकर चाइना मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। महिलाओं के वर्ग में सिंधू ने अपने से ऊंची रैंकिंग वाली थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरूंगफान को 50 मिनट तक चले पहले दौर के मुकाबले में 21-17, 21-19 से मात दी। वहीं, मालविका (36वीं रैंकिंग) ने डेनमार्क की लिने होजमार्क जाएर्सफेल्ट (21वीं रैंकिंग) पर 20-22, 23-21, 21-16 से उलटफेर भरी जीत दर्ज की। पुरुष वर्ग में लक्ष्य ने मलयेशिया के सातवे वरीय ली जि जिया पर 57 मिनट में 21-14, 13-21, 21-13 की जीत से ओलंपिक कांस्य पदक मुकाबले में मिली हार का बदला चुकता किया।



लक्ष्य का सामना डेनमार्क के रास्मस गेमके और जापान के केंटा निशिमोटो के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा।

लक्ष्य पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक मैच में बढ़त बनाने के बावजूद ली से हार गये थे। दुनिया की 19वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू की विश्व रैंकिंग में 11वें स्थान पर काबिज बुसानन के खिलाफ 21 मुकाबलों में सिंधू की 20वीं जीत थी।

**जोफ्रा आर्चर ने लिया यू-टर्न**

## 24-25 नवंबर को जेद्दा में मेगा नीलामी का हिस्सा बनने को तैयार यू-टर्न

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 मेगा नीलामी से शुरुआत में खुद को बाहर रखने के बाद, इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने 24 और 25 नवंबर को जेद्दा में होने वाले दो दिवसीय इवेंट के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए विकल्पों में खुद को उपलब्ध कराने के लिए यू-टर्न लिया है।



पिछले कुछ वर्षों में चोटों से जूझने के बाद, 29 वर्षीय खिलाड़ी ने अगले साल की एशेज की अपनी तैयारियों को बेहतर बनाने के लिए शुरुआत में नीलामी में हिस्सा लेने का मन नहीं बनाया था। इसका मतलब यह होता कि नए आईपीएल नियम के अनुसार, जोफ्रा आर्चर को अगले साल की आईपीएल नीलामी में हिस्सा लेने से भी प्रतिबंधित कर दिया जाता।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, जोफ्रा आर्चर और साथी तेज गेंदबाज मार्क वुड को शुरू में आईपीएल 2025 में हिस्सा लेने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) नहीं दिया गया था, क्योंकि इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने एशेज को प्राथमिकता दी थी। जोफ्रा आर्चर ईसीबी के इस कदम से असंतुष्ट थे।

## थोड़ा सा ज्ञान अपने फ्यूचर के लिए भी बचा लो, संजय मांजरेकर के बयान पर भड़के मोहम्मद शमी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मोहम्मद शमी ने पूर्व क्रिकेटर और कमेंटेटर संजय मांजरेकर को इस बयान के लिये आड़े हाथों लिया है कि इंडियन प्रीमियर लीग की मेगा नीलामी में भारत के इस तेज गेंदबाज पर ज्यादा बोली नहीं लगेगी। आईपीएल में 2013 में पदार्पण के बाद से शमी ने 110 मैचों में 127 विकेट लिए हैं। उन्होंने टखने की चोट के कारण सर्जरी के बाद करीब एक साल में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में हाल ही में वापसी की है। शमी को मेगा नीलामी से पहले गुजरात टाइटंस ने रिलीज कर दिया। नीलामी में उनका बेस प्राइज दो करोड़ रूपए है। शमी ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'बाबा की जय हो। थोड़ा सा ज्ञान अपने फ्यूचर के लिए भी बचा लो, काम आएगा संजय जी।

किसी को फ्यूचर जानना हो तो सर से मिले। मांजरेकर ने कहा था कि शमी के लिये कई टीमें बोली लगा सकती है लेकिन उन्हें नहीं लगता कि टीमों के बीच उनके लिये जोर आजमाइश होगी।

# आईपीएल 2025 से पहले रजत पाटीदार बने कप्तान



### आरसीबी ने दी बधाई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 धीरे-धीरे करीब आता जा रहा है. टूर्नामेंट से पहले मेगा ऑक्शन होना है, जिसमें तमाम खिलाड़ियों की बोली लगनी है. लेकिन उससे पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए खेलने वाले रजत पाटीदार के कप्तान बनने की खबर सामने आई है. खुद आरसीबी ने पाटीदार को कप्तान बनने की बधाई दी.

दरअसल रजत पाटीदार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024 के लिए मध्य प्रदेश का कप्तान बनाया गया है. रजत मध्य प्रदेश के लिए ही फर्स्ट क्लास क्रिकेट खेलते हैं. शानदार प्रदर्शन के चलते उन्हें मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए टीम की कमान सौंपी गई. सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी की शुरुआत 23 नवंबर से होगी, जबकि टूर्नामेंट का फाइनल मैच 15 दिसंबर को खेला जाएगा.

### आरसीबी ने किया रिटेन

आईपीएल 2024 में शानदार प्रदर्शन करने वाले रजत पाटीदार को आरसीबी ने आईपीएल 2025 के लिए रिटेन किया. रजत ने आरसीबी के लिए 2024 के सीजन में 15 मैचों की 13 पारियों में 30.38 की औसत और 177.13 के शानदार स्ट्राइक रेट से 395 रन बनाए थे, जिसमें 5 अर्धशतक शामिल थे.

बताते चलें कि आरसीबी ने सिर्फ तीन खिलाड़ियों को ही रिटेन किया, जिसमें विराट कोहली, रजत पाटीदार और यश दयाल शामिल हैं. पिछले सीजन टीम की कमान संभालने वाले फाफ डु प्लेसिस को फ्रेंचाइजी ने रिलीज कर दिया है. ऐसे में देखने वाली बात यह होगी कि अब 2025 के सीजन में टीम की कमान कौन संभालता है.

# शास्त्री ने पहले टेस्ट में भारत के लिए जडेजा को मुख्य स्पिनर चुना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के पहले टेस्ट में रवींद्र जडेजा को मुख्य स्पिनर के रूप में चुना है। शास्त्री ने भारत के लिए पिछले कुछ वर्षों में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की तुलना में जडेजा को प्राथमिकता दी है।

कागजों पर, अश्विन 114 विकेट लेकर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, जो नाथन लियोन (121 विकेट) से पीछे हैं। दूसरी ओर, जडेजा ने 17 टेस्ट में 89 विकेट लिए हैं और उनका औसत और इकॉनमी अश्विन और लियोन से बेहतर है।



शास्त्री ने स्टार स्पोर्ट्स प्रेस रूम पर कहा, नहीं, मैं सही जगह के लिए सही व्यक्ति को चुनता हूं। मैं मौजूदा फॉर्म के आधार पर जाता हूं। इसलिए, मैं वास्तव में जानने के लिए नेट्स में नहीं गया हूं। लेकिन अगर आप इस टेस्ट मैच को देखें, जिस तरह से आप शुरूआत करने जा रहे हैं, तो मैं जडेजा को बाकी सभी से आगे रखने के लिए बहुत ललचाऊंगा, क्योंकि उन्होंने पिछले कुछ सालों में जो किया है, उसे देखते हुए। और फिर वहीं से आगे बढ़ें।

भारत के पूर्व ऑलराउंडर ने सीरीज के नतीजे भारत के पक्ष में होने की भविष्यवाणी की, जबकि पहले दो टेस्ट को दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण बताया। शास्त्री ने कहा, भविष्यवाणी यह है कि, मुझे लगता है कि भारत के पास पहले दो टेस्ट मैचों में ऑस्ट्रेलिया की तरह ही शानदार मौका है। और इसीलिए मुझे लगता है कि मैं बार-बार कहता रहा, पहले दो टेस्ट मैचों के बाद, अगर आप देखते हैं कि एक टीम का पलड़ा भारी है, तो मुझे लगता है कि वे हावी हो जाएंगे। पहले दो टेस्ट महत्वपूर्ण हैं। दोनों टीमें टेस्ट मैच जीत सकती हैं।

बीजीटी सीरीज के लिए गौतम गंभीर के कोचिंग दर्शन पर, शास्त्री ने कहा, मुझे लगता है कि पहली बात यह होगी कि शांत रहें। आप जानते हैं, बाहरी तत्वों को किसी भी तरह से खुद को प्रभावित न करने दें। इसकी वजह से, ऐसी स्थिति में न आएं जहां घुटने के बल पर प्रतिक्रिया हो। मुझे लगता है कि शांत रहें। अपने खिलाड़ियों को समझें।

शास्त्री ने कहा, आप उन्हें मैच की परिस्थितियों में देखेंगे। आप उन्हें भारत में देखेंगे। आप उन्हें विदेशों में देखेंगे। आप देखेंगे कि एक खिलाड़ी को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए क्या करना पड़ता है। आप एक टीम की परिस्थितियों को समझेंगे, जहां एक निश्चित खिलाड़ी दूसरे से बेहतर हो सकता है, सिर्फ. इसलिए क्योंकि आप उसके स्वभाव को समझते हैं। ये चीजें रातों-रात नहीं आती हैं। मुझे सभी को समझने में कुछ समय लगा।

उन्होंने कहा, गौतम ने उन्हें आईपीएल में बाहर से देखा होगा। जब वह खेल खेलते थे, तो ड्रेसिंग रूम में कुछ खिलाड़ियों के साथ बैठते थे। लेकिन बहुत सारे अन्य खिलाड़ी हैं, और वे अलग-अलग मानसिकता, अलग-अलग संस्कृतियों, देश के अलग-अलग हिस्सों से आते हैं। आपके लिए गहराई से जानना और उनकी मानसिकता को समझना सबसे महत्वपूर्ण बात होगी। एक खिलाड़ी ऐसा हो सकता है जो अंतमुर्खी हो, लेकिन अगर आप उसे आगे बढ़ाते हैं और उसे आत्मविश्वास देते हैं,

# मानसिक और शारीरिक तरोताजा रहना अच्छा प्रदर्शन करने की कुंजी है : पोंटिंग

दुबई, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया के महान खिलाड़ी रिकी पोंटिंग ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जैसी उच्च-दांव वाली श्रृंखला की तैयारी की चुनौतियों पर विचार किया, अत्यधिक मैच अभ्यास पर मानसिक स्पष्टता पर जोर दिया और कहा कि श्रृंखला में प्रदर्शन करना यह सुनिश्चित करने के बारे में अधिक होगा कि आप मानसिक और शारीरिक रूप से अच्छे और तरोताजा हैं।

पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू शो में कहा, ह्यह्यतैयारी हमेशा सही तरीके से करना मुश्किल होता है क्योंकि मैंने ट्रैविस हेड जैसे लोगों को अतीत में देखा है, जहां उनके पास लगभग कोई तैयारी नहीं थी, एक मैच में जाने और फिर आने और सर्वकालिक महान पारियों में से एक खेलने के लिए। मेरे लिए, यह इस तरह के खेल या श्रृंखला में जाने के लिए कौशल पक्ष नहीं है। यह सुनिश्चित करना है कि आप मानसिक और शारीरिक रूप से अच्छे और तरोताजा हैं।



पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने अपने तर्क को और स्पष्ट किया और पिछली भविष्यवाणियों पर विचार किया जो उनके हिसाब से नहीं चलीं, उन्होंने अपने आकलन में थोड़ा हास्य भी जोड़ा।

रवि शास्त्री ने हाल ही में एक करीबी सीरीज की भविष्यवाणी की थी, जिसमें दोनों पक्षों के लिए 3-1 स्कोरलाइन का सुझाव दिया गया था, लेकिन उनका मानना था कि भारत एक मजबूत शुरूआत के साथ आगे बढ़ सकता है। जब पोंटिंग से शास्त्री की भविष्यवाणी पर उनका विचार पूछा गया, तो 49 वर्षीय ने अपनी बात पर अड़े रहे और कहा, मैं 3-1 ऑस्ट्रेलिया के साथ रहने जा रहा हूं। पोंटिंग की भविष्यवाणी एक ऐतिहासिक प्रतिद्वंद्विता की पृष्ठभूमि में आती है।

भारत ने 2017 के बाद से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज नहीं हारी है और ऑस्ट्रेलिया में पिछले दो मुकाबलों में जीत हासिल की है, जिसमें 2020/21 में उनकी नाटकीय जीत भी शामिल है।



# शाहिद कपूर को लगा बड़ा झटका, रोकी गई अश्वत्थामा- द सागा कंटीन्यूज!

शाहिद कपूर की मुख्य भूमिका वाली अश्वत्थामा- द सागा कंटीन्यूज की घोषणा इस साल अमेजन प्राइम वीडियो के एक भव्य कार्यक्रम में की गई थी। इस फिल्म का निर्देशन कन्नड़ फिल्म निर्माता सचिन बी रवि करने वाले थे और इसका निर्माण अमेजन स्टूडियो और पूजा एंटरटेनमेंट द्वारा किया जाना था। शाहिद ने कथित तौर पर फिल्म के लिए शारीरिक तैयारी शुरू कर दी थी। हालांकि, नई खबर यह है कि शाहिद कपूर की फिल्म को रोक दिया गया है।

## बजट से आगे निकल रही फिल्म

रिपोर्ट्स के अनुसार, बजट की कमी के कारण शाहिद कपूर की फिल्म अश्वत्थामा- द सागा कंटीन्यूज को फिलहाल रोक दिया गया है। इस फिल्म का शुरुआती बजट 500 करोड़ रुपये रखा गया था। हालांकि, फिल्म के प्री-प्रोडक्शन के आगे बढ़ने के साथ ही बजट बढ़ गया।

## फिल्म में रुकावट की वजह

फिल्म को लेकर कहा गया कि यह प्रोजेक्ट का पैमाना बहुत बड़ा था। विचार कुछ ऐसा बनाने का था, जो अंतर्राष्ट्रीय फंतासी-एक्शन फिल्मों को टक्कर दे सके। अश्वत्थामा को कई देशों में शूट किया जाना था, लेकिन जैसे ही निर्माताओं ने लॉजिस्टिक्स पर काम करना शुरू किया और अंतरराष्ट्रीय स्थानों पर शूटिंग का विचार करना शुरू किया, यह साफ हो गया कि यह बजट में नहीं हो पाएगा। पूजा एंटरटेनमेंट का कर्ज इसकी रुकावट में एक और कारण बन गया है।

## शाहिद ने शुरू कर दी थी तैयारी

शाहिद ने इस फिल्म के लिए शारीरिक तैयारी शुरू कर दी थी। फिल्म वर्तमान समय पर आधारित है। इसकी कहानी महाभारत के अश्वत्थामा से प्रेरित पौराणिक विषयों पर आधारित होगी। हालांकि, अब अश्वत्थामा- द सागा कंटीन्यूज फिल्म को रोक दिया गया है, शाहिद अब फिल्म निर्माता विशाल भारद्वाज की फिल्म पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। दावा किया गया कि बाजार की मौजूदा स्थिति को देखते हुए स्टूडियो मेगा-बजट फिल्मों को हरी झंडी दिखाने में सावधानी बरत रहे हैं। अश्वत्थामा जैसी परियोजना बहुत जोखिम भरी होगी।

## शाहिद की आने वाली फिल्म

शाहिद कपूर की आने वाली फिल्म के बारे में बात करें तो अभिनेता अगली बार देवा में नजर आएंगे। रोशन एंड्रयूज द्वारा निर्देशित यह फिल्म 14 फरवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। शाहिद कपूर के साथ फिल्म में अभिनेत्री पूजा हेगड़े नजर आएंगी।



# ओटीटी एक्ट्रेस के टैग से परेशान हो चुकी हैं श्रिया पिलगांवकर

एक्टिंग के दिग्गज सचिन और सुप्रिया पिलगांवकर की बेटी श्रिया ने इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बनाई है। अपने माता-पिता से कोई मदद न लेते हुए अभिनेत्री ने फिल्मों और ओटीटी में अपने काम से दर्शकों की सराहना हासिल की है। श्रिया ने हाल ही में, बताया कि लोग उन्हें ओटीटी एक्ट्रेस का टैग देते हैं। अभिनेत्री इस लेबल से पूरी तरह परेशान हो गई हैं। आइए जानते हैं कि अभिनेत्री ने और क्या कहा है। फिल्म इंडस्ट्री को लेकर कही यह बात हाल ही में, श्रिया ने एक साक्षात्कार में ओटीटी पर काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात की और कहा, फिल्म इंडस्ट्री आपको जल्दी से घेर लेती है। मुझे नहीं लगता कि लोग क्रिएटिव सोचने का प्रयास करते हैं कि वे एक कलाकार के रूप में आपके साथ क्या कर सकते हैं, यही वजह है कि अभिनेता के रूप में, हम कहीं न कहीं यह जिम्मेदारी लेते हैं कि हम लोगों को अपनी क्षमता के अनुसार बताएं। ओटीटी अभिनेत्री के टैग से परेशान हैं अभिनेत्री श्रिया ने आगे कहा, कई बार, मुझे एहसास होता है कि साक्षात्कारों में लोग मुझे एक ओटीटी अभिनेत्री के रूप में पेश करते हैं, लेकिन मुझे लगता है कि आज के समय में ये लेबल बहुत जरूरी नहीं हैं। कलाकार सिर्फ काम करने के लिए बना होता है।

## शोबिज में ट्रस्ट चाहती हैं अभिनेत्री

यही नहीं, श्रिया ने यह भी कहा, मुझे लगता है कि आज एक कलाकार के रूप में मैं शोबिज में ट्रस्ट चाहूंगी। अगर लोग मुझे विश्वास किए जाने के लायक समझते हैं तो यह मेरे लिए बड़ी बात होगी। मुझे लगता है कि हर एक प्रोजेक्ट का ट्रीटमेंट भी काफी अलग होता है। एक हिट फिल्म और एक हिट वेब सीरीज में भी बड़ा अंतर होता है।

## इस वजह से फिल्में ओटीटी पर होती हैं रिलीज

श्रिया का कहना है कि उनके ज्यादातर प्रोजेक्ट्स का ओटीटी पर रिलीज होना सिर्फ इत्तफाक है। अभिनेत्री ने कहा, ज्यादातर बार आपको यह पता नहीं होता कि आपकी फिल्म थिएटर में रिलीज होगी या हृअञ्ञ पर। पिछले पांच सालों में इंडस्ट्री ने अपनी अलग ही यात्रा की है। मैंने जिन फिल्मों को चुना वह ओटीटी पर ही रिलीज हुई।



# ...अब नागिन बनेंगी श्रद्धा कपूर?

स्त्री 2 के बाद श्रद्धा प्रशंसकों की ही नहीं बल्कि फिल्म निर्मताओं और निर्देशिकों की भी पसंदीदा बन गई हैं, यही वजह है कि स्त्री 2 में पिशाचिनी का किरदार निभाने के बाद अब श्रद्धा नागिन के किरदार में नजर आएंगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म निर्माता निखिल द्विवेदी की आगामी फिल्म में श्रद्धा कपूर नागिन की भूमिका में नजर आएंगी। बहरहाल, फिल्म नागिन में श्रद्धा के अपोजिट कौन सा अभिनेता होगा। यह तय होना अभी बाकी है। वहीं श्रद्धा अपनी फिल्म नागिन की शूटिंग अगले साल शुरू करेंगी और इसकी रिलीज डेट तय की जाएगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, नागिन फिल्म के निर्माता निखिल ने बताया कि स्क्रिप्ट को लिखने में उन्हें तीन साल लगे और इसे तीन बार फिर से लिखा गया। हालांकि, अब यह तैयार है। अब सिर्फ श्रद्धा को लेकर उनका नागिन लुक तैयार किया जा रहा है। आगे निखिल ने कहा कि कास्टिंग शुरू से ही तय हो गई थी क्योंकि श्रद्धा बेहतरीन अभिनेत्री हैं। उन्होंने आगे कहा, श्रद्धा इसके लिए तैयार हो गईं। वह सबसे पहले इस पर सहमत हुईं। मैंने सबसे पहले नागिन के लिए शर्द्धा से संपर्क किया था और वह इसके लिए तैयार हो गईं। इस फिल्म के लिए बेहद उत्साहित हैं श्रद्धा। अब जब स्क्रिप्ट तैयार है, तो वह शूटिंग शुरू करने का बेसब्री से इंतजार कर रही हैं। श्रद्धा कपूर की हॉरर कॉमेडी फिल्म स्त्री 2 ने बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड तोड़े। फिल्म इस साल की ब्लॉकबस्टर हिट की लिस्ट में शुमार है। लेकिन अब प्रशंसक श्रद्धा की अगली फिल्म नागिन की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हालांकि, फिल्म में श्रद्धा के अपोजिट कौन सा अभिनता होगा, यह तय होना अभी बाकी है।

# बिग बॉस 18 का हिस्सा बनने जा रहीं हैं एडिन रोज



स्प्लिट्सविला एक्स5 के पूर्व प्रतियोगी, दिग्विजय राठी और कशिश कपूर, हाल ही में सलमान खान के शो बिग बॉस 18 में शामिल हुए। उन्होंने रियलिटी शो में वाइल्डकार्ड प्रतियोगी के रूप में प्रवेश किया। बीबी 18 हाउस में प्रवेश करने के दो सप्ताह बाद, चर्चा है कि एक तीसरा वाइल्डकार्ड प्रतियोगी जल्द ही शामिल होगा।

## होगी एडिन रोज की एंट्री

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, मॉडल और अभिनेत्री एडिन रोज को कथित तौर पर वाइल्डकार्ड प्रतियोगी के रूप में बोर्ड पर आने के लिए अंतिम रूप दिया गया है। एडिन रोज के अगले कुछ दिनों में बिग बॉस 18 के घर में प्रवेश करने की उम्मीद है। उनकी भागीदारी के बारे में बताते हुए, एक मीडिया रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से कहा गया है, हमारा लक्ष्य नियमित अंतराल पर नए सदस्यों को जोड़कर घर के अंदर उत्साह को जीवित रखना है। एडिन रोज को बोर्ड पर लाना हमारी रणनीति का हिस्सा है। इससे शो में ग्लैमर का भी तड़का लगेगा। एडिन रोज का जन्म दुबई में हुआ था। अभिनय में करियर बनाने के लिए वह भारत आ गईं। एडिन ने रवि तेजा के साथ काम किया है। वह उनकी फिल्म रावणासुर में एक स्पेशल डांस नंबर में नजर आई थीं। अब वह विग्नेश शिवन, कीर्ति सुरेश, एसजे सूर्या और अन्य के साथ एक बड़े प्रोजेक्ट पर काम कर रही हैं।



# विक्की कौशल के साथ काम करना चाहते हैं रोहित शेट्टी



रोहित शेट्टी की गिनती बॉलीवुड के सबसे बेहतरीन फिल्म निर्माताओं में होती है। उनकी फिल्म 'सिंघम अगेन' ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई की। रोहित बॉलीवुड के कई दिग्गजों के साथ काम कर चुके हैं। उन्होंने हाल ही में एक साक्षात्कार में विक्की कौशल के साथ काम करने की इच्छा जताई। उन्होंने कहा कि वह विक्की को अगले अजय देवगन की तरह देखते हैं।

## विक्की के साथ करना चाहते हैं काम

रोहित शेट्टी ने हाल ही में मैशेबल इंडिया पर मुकेश छाबड़ा के साथ बातचीत में नई पीढ़ी के अभिनेता के साथ काम पर अपने विचार व्यक्त किए। उनसे जब पूछा गया कि क्या वह नई पीढ़ी के साथ काम करना चाहते हैं, तो फिल्म निर्माता ने तुरंत विक्की कौशल का नाम लिया और बताया कि वह अक्सर अलग-अलग अवसरों पर एक-दूसरे से मिलते और बात करते हैं।

## विक्की में दिखते हैं अजय देवगन के गुण

रोहित शेट्टी ने आगे बताया, क्योंकि मैंने पूरा करियर वैसा बनाया है मुझे उनमें ना अजय सर के गुण दिखते हैं। एक ब्लॉक होता है ना अगला अजय देवगन कौन है?

## रणवीर सिंह की भी की सराहना

'सिंघम अगेन' के निर्देशक ने रणवीर सिंह की भी सराहना की उन्होंने कहा, 'सिम्बा' एक अति-उत्साही फिल्म थी जिसमें एक अति-उत्साही चरित्र था। फिल्म निर्माता ने 'गली बॉय', 'पद्मावत', 'बाजीराव मस्तानी', 'दिल धड़कने दो' और 'सिम्बा' जैसी फिल्मों में रणवीर के काम को शामिल करके उनकी बहुमुखी प्रतिभा की सराहना की।

## विक्की की क्षमता के बारे में भी बताया

रोहित के अनुसार, एक अभिनेता जो इन सभी फिल्मों को कर सकता है वह एक सुपरस्टार है जबकि फिल्मों में उतार-चढ़ाव फिल्मों का एक अभिन्न अंग हैं। उन्होंने बताया कि यह केवल लंबे समय में ही होता है, जैसे कि 20 साल बाद, कोई अभिनेता की क्षमताओं का पता लगा सकता है। रोहित ने कहा उसमें वो है और वहीं मुझे विक्की में नजर आता है के विक्की में वो बात है के वो सब चीज कर सकता है।

## विक्की कौशल के सफर पर डाला प्रकाश

रोहित ने विक्की कौशल के छोटे-मोटे रोल से लेकर वेब शो तक और बॉलीवुड में बड़ी सफलता हासिल करने के सफर पर भी प्रकाश डाला। रोहित ने कहा कि अगर उनका बेटा भी अभिनेता के रूप में डेब्यू करना चाहेगा, तो वह विक्की के अपनाए गए रास्ते का ही सुझाव देगा।



# सोशल मीडिया पर आप खुद को खो सकते हैं, बहुत निगेटिविटी है

मुझे कुछ कहना है, गायब, खाकी, क्या कूल हैं हम, गोलमाल, और द डर्टी पिक्चर जैसी फिल्मों के एक्टर और प्रोड्यूसर तुषार कपूर को भी लगता है ओटीटी रास आ गया है। ओटीटी पर उनकी वेब सीरीज 10 जून की रात का सीजन टू भी आ गया है।

**हाल ही में आपने अपने एक इंटरव्यू में कहा कि स्टार किड होने के नाते आपको बार-बार नीचे घसीटा गया, आपको कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा?**

हां, ये सच है। आप पर दबाव ज्यादा होता है। आप पर निरंतर निगरानी रखी जाती है। पहले मुझ पर इन बातों का गहरा असर होता था, मगर अब मैं इन बातों को समझ चुका हूं। मीडिया और इंडस्ट्री का एक हिस्सा ऐसा है कि उनके जहन में एक बात होती है कि ये किसी का बेटा है या बेटी है, तो ये आगे क्यों जाए? और अगर वो आगे चला भी गया, तो हम उसकी कमियां कैसे ढूंढें, उसको नीचे कैसे लाएं? जब तक वह चढ़ रहा है, उसे कैसे गिराया जाए। मैं ये नहीं कहता कि पूरी इंडस्ट्री या संपूर्ण मीडिया ऐसा है, कुछ लोग हैं, जो ऐसी सोच रखते हैं, मगर हां, दर्शक ऐसा बिलकुल नहीं है। ऑडियंस पारदर्शी होती है। वो कलाकार को काम के बलबूते पर जज करते हैं। एक्टर की फैन फॉलोइंग किसी के बेटा या बेटी होने की वजह से नहीं हो सकती। उनका इंटेंशन पैसा वसूल मनोरंजन से होता है बस, तो मैं ऑडियंस को ध्यान में रखता हूं और बाकी अपने आस-पास की नेगेटिविटी के शोर को इग्नोर कर देता हूं।

**आपने तो बिना सोशल मीडिया का दौर भी देखा है, मगर अब आप इंटरनेट की दुनिया और ट्रोल्स को कैसे हैंडल करते हैं?**

मैं सोशल मीडिया पर ज्यादा एक्टिव नहीं रहता। अपनी पोस्ट करके निकल जाता हूं। मैं इन प्लेटफॉर्म्स पर ज्यादा टीका-टिप्पणी नहीं करता, क्योंकि कई बार ये बहुत ज्यादा टॉक्सिक हो जाता है। मैंने देखा है कि जब आप सोशल मीडिया पर ज्यादा होते हैं, तब इस दुनिया की बातें आपके दिमाग में घूमती रहती हैं और आपको ओवरथिंक करने पर मजबूर कर देती हैं। मैं ट्रोल्स पर ध्यान नहीं देता। आज सोशल मीडिया इतना बड़ा हो गया है कि यहां आप खुद को खो सकते हैं। आज साइबर क्राइम जैसी चीजें भी बढ़ती जा रही हैं, तो इसे सीमित रूप से इस्तेमाल करना ही सही है। हम देख रहे हैं कि समाज भी बदल गया है। आज नेगेटिविटी भी बहुत है और इस माध्यम के जरिए जल्द से जल्द पैसा कमाने की होड़ भी।

**आपकी सीरीज 10 जून की रात के सीजन 2 की बात करें, तो इसके लिए आपको काफी नाइट शूटिंग करनी पड़ी। उस दौरान सिंगल पैरेंट होने के नाते आपने बेटे लक्ष्य की देखभाल के साथ-साथ आपने काम को कैसे मैनेज किया?**

इसकी शूटिंग जनवरी में शुरू हुई थी और पूरे दो महीने शूटिंग होती रही थी। मार्च में गैप था फिर मई और जून में शूटिंग थी। उस दौरान शूटिंग का शेड्यूल इतना हैक्टिक होता था कि मैं कभी -कभी उसका चेहरा भी देख नहीं पाता था। कई बार ऐसा हुआ कि मैं तीन-चार दिन उससे मिल भी नहीं पाया। कई बार सिर्फ आते-जाते शक्ल देख लेता था। मगर अब वो आठ साल का हो गया है, तो काफी समझदार और आत्मनिर्भर हो गया है। वह समझता था कि मैं काम पर हूं और वो भी अपने स्कूल और स्कूल की एक्टिविटीज में मसरूफ था। उसकी देखभाल के लिए मेरे पैरेंट्स और एक दीदी है, जो उसका खयाल रखते हैं। आजकल के बच्चों को स्कूल में काफी एक्टिविटीज होती हैं। लक्ष्य फुटबॉल भी खेलता है। चूंकि मैं नाइट शूट में था, तो दोपहर में उसका ओपन हाउस या पैरेंट-टीचर मीटिंग या दूसरे किसी स्कूल के काम के समय में कैसे भी उन चीजों को अटैंड कर लेता था।मैंने इसी तरह अपने काम और उसे मैनेज किया है। जिस दिन मेरा ऑफ होता था, हम बाप-बेटे मिलकर खूब समय बिताते और सारी कसर निकाल देते थे।

**सीरीज में आपके किरदार का नाम पनौती है। आपने अपने करियर में पनौती वाला दौर कब महसूस किया?**

कई बार आपके करियर में ऐसा दौर आता है, जब आपको लगता है कि चीजें सही नहीं हो पा रही हैं। करियर में जब बुरा वक्त चल रहा हो, तो लगता है कि मैं जो कुछ भी कर रहा हूं, मेरी मेहनत रंग नहीं ला रही है और ये शायद पनौती ही होगी। जैसे मेरी फिल्म थी लक्ष्मी, उसे 7 साल लगे बनाने में। निर्माता के रूप में वो मेरी पहली फिल्म थी। फिल्म (कंचना) के राइट्स मैंने 2013 में खरीदे थे, मगर उसकी कास्टिंग में अड़चने आईं, और भी कई बाधाएं आईं और तब लगा कि ये क्या शनि या पनौती लगी है? मगर मैं एक बात जरूर कहना चाहूंगा कि वक्त कितना भी बुरा क्यों न हो, आपको हार नहीं माननी चाहिए। उसे पनौती मान कर हिम्मत नहीं छोड़नी चाहिए और मेहनत करते रहनी चाहिए।